महानगर नई दिल्ली बुधवार 13 मार्च, 2024, रु. 6.00 (22+4 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com

भाजपा का नायाब फार्मूला, हटाए गए मनोहर लाल खट्टर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 मार्च।

लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा की राजनीति में मंगलवार को हुए एक नाटकीय घटनाक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने राज्य के 11वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

सैनी के साथ ही कंवरपाल गुर्जर, मूलचंद शर्मा, चौधरी रंजीत सिंह चौटाला, जय प्रकाश दलाल और बनवारी लाल ने भी मंत्री पद की शपथ ली। हालांकि, पूर्व गृह मंत्री और अंबाला छावनी से छह बार के विधायक अनिल विज को नई कैबिनेट में जगह नहीं मिली है। समझा जा रहा है कि विज नाराज हैं और वह शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद नहीं रहे। पार्टी की बैठक के बाद वह सीधे अपने अंबाला स्थित आवास के लिए रवाना हो गए।

शपथ ग्रहण के तुरंत बाद सैनी हरियाणा सचिवालय पहुंचे और कार्यभार संभाल लिया। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और प्रदेश पार्टी प्रभारी बिप्लब देव ने उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठाया। 54 वर्षीय सैनी को खट्टर का करीबी माना जाता है। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद नायब सिंह सैनी ने कहा कि बहुमत साबित करने के लिए उन्होंने राज्यपाल से बुधवार को विधानसभा सत्र बुलाने का आग्रह किया है। उन्होंने राज्यपाल को 48 विधायकों के समर्थन का पत्र सौंपा है।

इससे पहले, भाजपा विधायक दल की बैठक में सैनी को नेता चुना गया। बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ और हरियाणा मामलों के प्रभारी बिप्लब देब मौजूद थे। नेता चुने जाने के बाद सैनी ने खट्टर और अन्य नेताओं के साथ राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके बाद शाम पांच बजे शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। हरियाणा निवास में जहां भाजपा की बैठक हो रही थी, उसमें खट्टर सरकार में गृह मंत्री का पद संभालने वाले वरिष्ठ नेता अनिल कुमार विज भी मौजूद थे। हालांकि, वह बैठक जारी रहने के दौरान वहां से निकल गए। इसकी वजह पूछे जाने पर वह सवालों को टाल गए। उन्होंने कहा, 'जो लोग दिल्ली से आए हैं, वे बताएंगे।'

हरियाणा विधानसभा के पिछले चुनाव के बाद भाजपा ने जजपा और कुछ निर्दलीय विधायकों के समर्थन से सरकार बनाई थी। मनोहर लाल खट्टर मुख्यमंत्री और जजपा अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला उपमुख्यमंत्री बने थे। पंजाबी खत्री समुदाय से ताल्लुक रखने वाले खट्टर ने जब मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया, तब राज्य मंत्रिपरिषद में उनको मिलाकर बाकी पेज 8 पर

हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते हुए नायब सिंह सैनी (बाएं)।

क्यों पड़ी रिश्ते में दरार !

जजपा लोकसभा चुनाव में हिसार और भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से अपना उम्मीदवार उतारना चाह रही थी, लेकिन भाजपा दोनों सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं थी। दुष्यंत चौटाला ने सोमवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ सीटों के बंटवारे के सिलसिले में बातचीत भी की थी, लेकिन संभवतः वह विफल रही। करनाल के सांसद संजय भाटिया ने कहा कि न तो जजपा तरफ से और न ही हमारी तरफ से कोई बयान आया है। भाटिया ने कहा कि जजपा अगर अपना समर्थन जारी रखती है, तो इस पर किसे आपत्ति होगी। क्या जजपा के लिए दरवाजे खुले हैं, तो भाटिया ने कहा कि किसी ने भी दरवाजे को बंद नहीं किया है।

भाजपा चुनाव से पहले कई राज्यों में बदल चुकी है मुख्यमंत्री

नई दिल्ली, 12 मार्च (ब्यूरो)।

ऐसा नहीं है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पहली बार किसी राज्य के मुख्यमंत्री को चुनाव से पहले बदला हो। पार्टी ऐसा त्रिपुरा, उत्तराखंड, कर्नाटक और गुजरात में भी कर चुकी है।

गुजरात चुनाव से पहले सितंबर, 2021 में मुख्यमत्री विजय रूपाणी से इस्तीफा लेकर भूपेंद्र पटेल को मुख्यमंत्री बनाया गया था। गुजरात में यह प्रयोग सफल रहा। उत्तराखंड में जुलाई, 2021 में मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत से त्यागपत्र दिलाकर पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री बनाया गया। इसके बाद हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा भारी बहुमत मिला। इसी तरह मई, 2022 में त्रिपुरा के तत्कालीन मुख्यमंत्री बिप्लव कुमार देब से इस्तीफा लेकर मणिक साहा को मुख्यमंत्री बनाया गया। 2023 में विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बड़ी जीत दर्ज की।

कर्नाटक में जुलाई, 2021 में विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा से मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दिलवाया गया। उनके स्थान पर बसवराज बोम्मई को भाजपा ने मुख्यमंत्री बनाया। हालांकि अन्य राज्यों को तरह यह प्रयोग कर्नाटक में सफल नहीं रहा और भाजपा को दक्षिण के इस राज्य की सत्ता गंवानी पड़ी।

एसबीआइ ने चुनावी बांड का ब्योरा आयोग को सौंपा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 मार्च।

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआइ) ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मंगलवार शाम को निर्वाचन आयोग को चुनावी बांड का विवरण सौंपा। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एसबीआइ को 12 मार्च को कामकाजी समय समाप्त होने तक निर्वाचन आयोग को चुनावी बाड के विवरण का खुलासा करने का आदेश दिया था।

आदेश के मुताबिक, निर्वाचन आयोग को 15 मार्च शाम पांच बजे तक बैंक द्वारा साझा की गई जानकारी अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित बाकी पेज 8 पर

'राष्ट्रपति मुर्मू न्यायालय से लें परामर्श'

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 मार्च।

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के प्रमुख आदिश सी अग्रवाल ने एक असामान्य घटनाक्रम में मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर उनसे चुनावी बांड योजना संबंधी फैसले के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय से परामर्श लेने का आग्रह किया।

-पूरी खबर पेज 8

अरुणाचल भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य हिस्सा : विदेश मंत्रालय

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 मार्च।

भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अरुणाचल प्रदेश की हालिया यात्रा पर चीन की आपत्ति को दृढ़ता से खारिज करते हुए मंगलवार को कहा कि राज्य हमेशा भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चीनी पक्ष को कई अवसरों पर इस अडिग रुख से अवगत कराया गया है।

उन्होंने कहा कि भारतीय नेताओं के अरुणाचल प्रदेश के इस प्रकार के दौरों या राज्य में भारत की विकासात्मक परियोजनाओं पर आपत्ति जताने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा कि हम प्रधानमंत्री मोदी के अरुणाचल प्रदेश दौरे के संबंध में चीनी पक्ष द्वारा की गई टिप्पणियों को अस्वीकार करते हैं।

चीन ने सोमवार को कहा था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले सप्ताह अरुणाचल प्रदेश का दौरा बाकी पेज 8 पर

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल

भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर चीन की आपत्ति को सिरे से खारिज किया।

पाक नौका से 480 करोड़ का नशीला पदार्थ जब्त

भारतीय तटरक्षक बल ने चालक दल के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 मार्च।

भारतीय तटरक्षक बल के नेतृत्व में बहु-जांच एजेंसी के दल ने गुजरात में पोरबंदर के पास अरब सागर में एक पाकिस्तानी नाव से 480 करोड़ रुपए का नशीला पदार्थ जब्त किया है। करीब 80 किलोग्राम यह पदार्थ 60 पैकेट में छिपाकर रखा गया था। जांच दल ने इस नाव पर सवार चालक दल के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है।

रक्षा मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी बयान में कहा गया कि तटरक्षक बल, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने गत 11 मार्च की मध्यरात्रि में इस कार्रवाई को अंजाम दिया। तट रक्षक बल को खुफिया जानकारी मिली थी कि पाकिस्तान की एक नाव में नशीले पदार्थ की खेप लाई जा रही है। इसके बाद तटरक्षक बल ने एनसीबी और एटीएस के साथ मिलकर समुद्र में इस नाव की तलाश शुरू कर दी। तटरक्षक बल ने संभावित इलाके में गहन तलाशी के बाद पाकिस्तानी नाव का पता लगा लिया। इसके बाद एनसीबी और गुजरात एटीएस के साथ मौके पर पहुंचे संयुक्त दल ने इस नाव को घेर लिया। यह नाव पोरबंदर से करीब 350 किलोमीटर दूर अरब सागर में मौजूद थी और इस पर सवार चालक दल के सदस्य रात के अंधेरे में रास्ता खोज रहे थे।

तटरक्षक बल के जहाज को देखकर पाकिस्तानी नाव में सवार लोगों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन संयुक्त कार्रवाई दल ने नाव का पीछा कर उसे अपने कब्जे में ले लिया।

गुजरात एटीएस के पुलिस अधीक्षक सुनील जोशी ने बताया कि जांच करने पर नाव में छिपाकर रखा गया 80 किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया गया। नाव में सवार छह लोगों से जांच एजंसियां पूछताछ कर रही हैं।

तीन वर्षों में गुजरात एटीएस और एनसीबी के साथ मिलकर तटरक्षक बल ने 3,135 करोड़ रुपए मूल्य का 517 किलोग्राम नशीला पदार्थ बरामद किया है। साथ ही एक महीने में अरब सागर में यह दूसरा बड़ा मादक पदार्थ विरोधी अभियान है। 26 फरवरी को पोरबंदर तट से पांच विदेशी नागरिकों को 3,300 किलोग्राम नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया था।

भीड़ हिंसा के मामले में 10 को उम्रकैद

हापुड़, 12 मार्च (जनसत्ता)।

हापुड़ जिले की एक अदालत ने भीड़ हिंसा के करीब छह वर्ष पुराने एक मामले में सभी 10 दोषियों को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

विशेष लोक अभियोजक विजय चौहान ने मंगलवार को बताया कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश श्वेता दीक्षित की अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद भीड़ हिंसा से संबंधित मामले में 10 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

-पूरी खबर पेज 12

चार साल के तनाव से भारत व चीन को कुछ हासिल नहीं हुआ : जयशंकर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 मार्च।

पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ लगभग चार साल से जारी सीमा विवाद की पृष्ठभूमि में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि इस अवधि के दौरान तनाव से दोनों देशों में से 'किसी को भी कुछ हासिल नहीं हुआ।'

सोमवार शाम को 'एक्सप्रेस अड्डा' कार्यक्रम में परिचर्चा के दौरान जयशंकर ने कहा कि भारत 'निष्पक्ष और उचित समाधान' खोजने के लिए प्रतिबद्ध बाकी पेज 8 पर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 'एक्सप्रेस अड्डा' कार्यक्रम में कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे कभी बंद नहीं किए, लेकिन आतंकवाद का मुद्दा ईमानदारी से बातचीत के केंद्र में होना चाहिए।

सीएए भारत में प्रवेश की प्रामाणिकता के लिए देना होगा 20 में से एक दस्तावेज

नौ में से एक दस्तावेज मूल देश का देना होगा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 मार्च।

नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता पाने के लिए अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के नागरिकों को अपने मूल देश के नौ दस्तावेजों में से एक जमा कराना होगा। इन दस्तावेजों की प्रामाणिकता के बाद ही विदेशी नागरिकों का आनलाइन पंजीकरण संभव होगा। इसके लिए गृह मंत्रालय की ओर से आनलाइन पोर्टल शुरू किया गया है। इसके अलावा 31 दिसंबर, 2014 तक भारत में प्रवेश करने की प्रामाणिकता के लिए बीस दस्तावेज सूचीबद्ध किए गए हैं। इनमें से कोई एक दस्तावेज दिखाना जरूरी होगा।

गृह मंत्रालय के अनुसार सीएए के तहत अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान में धार्मिक आधार पर उत्पीड़न के शिकार व 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत आने वाले ऐसे लोगों को स्थानीय नागरिकता के लिए आवेदन की योग्यता अवधि को 11 साल से कम कर पांच साल कर दिया गया है।

नागरिकता पाने के लिए जरूरी नौ प्रमाण

पासपोर्ट की प्रति, भारत में विदेशी या प्रादेशिक रजिस्ट्री अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र, कोई भी जन्म प्रमाण पत्र, शिक्षण संस्थान की ओर से जारी पत्र, कोई भी पहचान दस्तावेज, सरकार द्वारा जारी लाइसेंस या प्रमाणपत्र, परिवार में माता-पिता व दादा-दादी की नागरिकता का पत्र, कोई भी ऐसा दस्तावेज जो संबंधित देश की नागरिकता की प्रमाणिकता देता हो। इन प्रमाण पत्रों की वैधता अवधि समाप्त होने बाद भी ये भी मान्य होंगे।

भारत आगमन पर वीजा और आव्रजन टिकट की प्रति, विदेशी या भारत के अधिकारी द्वारा जारी आवासीय परमिट, जनगणना से संबंधित पर्ची, भारत बाकी पेज 8 पर

www.readwhere.com

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

I Smita Das W/O Samanwaya Das R/O of P3051, ATS Pristine, Sector-150, Noida have changed my name to Smita Patnaik. 0050238780-1

I , THAKOR LABHUBEN legally wedded wife of Army No . 15446935Y Sep THAKOR MUKESHBHAI THAKARSIBHAI of AMC Records, Lucknow ; R/o Chichodara, Bhabhar. Banaskantha (Gujarat) changed my Name from THAKOR LABHUBEN to THAKOR LABHUBEN MUKESHBHAI. My correct name is THAKOR LABHUBEN MUKESHBHAI for all Future purposes. 0050238782-1

I,Sunita w/o Pawan Kumar 148A Zamrudpur declare Sunita Chaudhary and Sunita are the same person . 0050238781-1

It is for general information that I,KUNDAN S/o-Ramadhar Singh,R/o,H.no-1280 BSS Camp Rajokari Pahadi A.F Rajokari-South West-Delhi, Delhi-110038,declare that name of my father has been wrongly-written as Ramaadhar in my class-10th and class-12th marksheet and certificate educational documents.The actual-name of my father is Ramadhar Singh,which may be amended accordingly. 0040719444-10

I,pradeep s/o Kamal Kumar Luthra,r/o-101-A st.no.2,New lahore-colony Shastri-Nagar Gandhi-Nagar East,Delhi-110031,have changed my name to pradeep Luthra. 0040719441-8

I,hitherto known as PRATAP NARAYAN,S/o FATHEY BHADUR,R/o df-63,HARI-ENCLAVE-1,KIRARI SULEMAN-NAGAR,North West-Delhi, Delhi-110086,have changed my name and shall hereafter be known as RAM PRATAP. 0040719441-10

I,Yogesh Punia S/o Mahender Singh,R/o Flat No.602, 6th-Floor,Airport-Apartment, Sector -47,Near-Subhash Chowk,Gurgaon (Haryana), have changed my name to Yogesh Singh Punia. 0040719436-7

I,Syed Nazrul Islam,S/o Mohd Anwar Ali,R/o-1957,Ganj Mir Khan,Darya Ganj,Delhi have changed my name to Sekh Nazrul Islam,for all purpose 0040719444-4

I,Sweta Gupta W/o Suresh Mahajan R/o-A-2/15 First-Floor Sector-17,Rohini Delhi-110089,have changed my name to Shweta Mahajan 0040719435-6

I,Suresh Gupta S/o Satpal Mahajan R/o-A-2/15 First-Floor Sector-17,Rohini Delhi-110089,have changed my name to Suresh Mahajan 0040719435-5

I,Sunil Kumar Modi s/o Harish Chand Modi R/o,RZ-F20, F-Block,Nayepul Wali Gali, Ashok-Park,West Sagar Pur,New Delhi-110046,have changed my name to Sunil Modi,permanently. 0040719433-5

I,Siddharth S/o Sunil Kumar, R/o WZ-67, UGF PVT No-001, Dayal Sar, Uttam Nagar,New Delhi-110059,have changed my name to Sidharth Arora permanently. 0040719433-10

I,Seema Sinha W/o Srikant Singh R/o-H-406 J.J Colony, Shakurpur Saraswati Vihar Delhi-110034,have changed my name to Seema Singh 0040719435-9

I,Sharif Ahmed,S/o Abdul Samad,R/o D-394 Gali No-14,Brijpuri Delhi 110094 have changed name to Sharif Ahmad 0040719433-2

I,Sabroon Nisha W/o Mohammad Asraf,R/o RZ-D-4/5,Gali No-11,Durga Park, Nasirpur, Delhi-110045,have changed my name to Sabrun Nisha. 0040719444-2

I,SURENDER KUMAR,S/O HARBANS LAL ARORA,63 THIRD-FLOOR,OLD GUPTA COLONY, GTB NAGAR,NORTH-WEST, DELHI-110009,HAS CHANGED MY NAME TO SURENDER KUMAR ARORA,FOR ALL,FUTURE PURPOSES. 0040719441-1

I,SHIV SINGH TOMAR S/O JASHI RAM R/O HNO.L/62,PREM-NAGAR-II,KIRARI,SULEMAN NAGAR,DELHI-110086.HAVE CHANGED MY NAME TO SHIV SINGH. 0040719439-1

I,Rajender Kumar S/o Jaswant Singh R/o H.No.S/146, School Block, Shakarpur, Delhi-110092, have changed my name to Satpal Singh. 0040719439-5

I,Rafi Ahmed S/o Sharif Ahmad R/o D-394 Gali No-14 Brijpuri Delhi 110094 have changed my name to Rafi Ahmad. 0040719433-1

I James Kutty Valolickel Antony R/o 104A Kanchanjunga Apts Sector 53 Noida holding Passport No M6274258 have changed my name to James Valolickel Antony. 0040719425-1

I Aparna Saxena D/o Anoop Saxena and W/o Tushar Diwan Khurana R/o A- 144, Defence Colony, First Floor, New Delhi- 110024, have changed my name to Aparna Saxena Khurana 0070893742-1

व्यक्तिगत

I,RIZWAN S/O SIRAJUDDIN, K-2/759 SANGAM-VIHAR,NEW DELHI-110080,HAVE CHANGED MY NAME RIZWAN ANSARI, FOR ALLPURPOSES. 0040719441-6

I,RITU GIRDHAR W/O RITESH, R/O HNO.C-5/76,KESHAV-PURAM, LAWRANCE-ROAD, DELHI-110035.HAVE CHANGED MY NAME TO RITU WAD-HAWAN. 0040719444-7

I,RAGINI SAXENA,W/O HIREN-DRA SAXENA R/O-B-403, GODREJ OASIS,SECTOR-88A,GARHI,HARSARU,GUR-GAON, HARYANA-122505, inform that in my,passport my name SHIVALI VAMAN CHITALIA wrongly-written.My correct,name RAGINI SAXE-NA,for all,future purposes. 0040719436-5

I,Priya Mukhia Tamang, legally wedded spouse of No-9426624L Lnk Sanil Tamang resident of Vill-Sittong-I, Mana Busty PO-Ghalaytar Sittong Dist-Darjeeling State-West Bengal-734008 have changed my name from Priya Mukhia Tamang to Priya Mukhia, vide affidavit dated 12/03/2024 at Lucknow. 0040719402-2

I,Prince s/o Dharmapal Sharma,R/o 293, Asola Extn. Fateh Pur Beri,New Delhi-110074,have changed my name to Prince Sharma permanently. 0040719433-9

I,Pradeep Gupta S/o Radhey Shyam Gupta R/o A-50, Ist-Floor, Gurmandi, Malkaganj, Delhi-110078, have changed my name to Pradeep Kumar. 0040719439-4

I,Pankaj S/o Babu Ram Saini, R/o E-436/1-A, Jagjeet Nagar Shastri-Park Delhi-110053, have changed my name to Pankaj Saini. 0040719437-1

I,Padam Singh Dagar,R/o Ram Pat,R/o H.No.286,Sector-15, Part-1,Gurgaon (Haryana), have changed my name to Padam Singh. 0040719436-6

I,PRAVESH KUMAR MISHRA, S/O AKHILESH KUMAR MISHRA,R/O HUSAINGANJ KALA, GRAM-LALIPUR,P.S-JAGDISHPUR, MUSAFIRKHANA, DISTRICT-AMETHI,UTTAR PRADESH-227809,Have Changed My Name to PRAVESH MISHRA, Permanently. 0040719444-8

I,PAVNI NAGI W/O Nikhil Juneja R/O S-19, First Floor, Rajouri Garden, Delhi- 110027, Changed my name after mar-riage is PAVNI JUNEJA. 0040719437-2

I,Nafeesa Begum,W/O Mushtaq Ahmad R/o H No-F-329, F-Bkock,Gali No-15, Khajoori Khas, Delhi-110094.have changed my name to NAFISA BEGUM.Permanently. 0040719435-1

I,Mukhtar Ahmad, S/o MD Zeyaullah,R/o C-93,Second Floor,Shaheen Bagh Abul Fazal Enclave-2 South Delhi Delhi-110025,have changed my name to Mukhtar Ahmed. 0040719439-2

I,Monica Modi,w/o Sunil Modi,R/o RZ-F20, F Block, Nayepul Wali Gali, Ashok Park, West Sagar Pur,New Delhi-110046,have changed my name to Monika Modi, permanently. 0040719433-6

I,Mohit Kumar,S/o Raj Kumar, R/o C-1647, 1st Floor,Sushant Lok-1,Gurgaon,Haryana-122009,have changed my name to Mohit Kumar Rajnandani. 0040719441-9

I,Mohd Asraf S/o Ainul Haque R/o RZ-D-4/5, Gali No-11, Durga Park, Nasirpur, Delhi-110045,have changed my name to Mohammad Asraf. 0040719444-1

I,Mahima w/o Sharad Jain,R/o 496-497,Top Floor, Guru Ram Dass Nagar,Laxmi Nagar, Delhi-110092,have changed my name to Mahima Jain permanently. 0040719433-8

I,Mahendra Thakral S/o Subhash Chand R/o-19 Ext.2 Nangloi Delhi-110041,have changed my name to Mahender Kumar 0040719435-8

I,Mahender Singh,s/o Gopal Singh,R/o H. No-4,Street No-4,F-Block,Dayal Pur,Delhi-110094,have changed my name to Mahender Singh Bisht permanently. 0040719433-7

I,MUSKAAN DAVID,D/O EMENU-AL DAVID HOUSE.NO.303,3rd-FLOOR PLOT.NO-25/26 CHAN-DRA-PARK SAI RESIDENCY-DELHI 110078,N S IT,DWAR-KA,HAVE CHANGED MY NAME MUSKAN DAVID,FOR ALL PURPOSES. 0040719441-7

I,MALI RAM DIKHANI,S/O RAM KISHOR GOYAL,WARD.NO.19, ANDESARI,AJITGARH, SIKAR, AJITGARH-AMARSAR, RAJASTHAN- 332701,HAVE CHANGED MY NAME MALI RAM GOYAL,FOR ALL,FUTURE PURPOSES. 0040719441-2

I,Lehar W/o Gaurav Gupta,R/o B-2205,Gaur Sportswood, Sector-79,Bishrakh,Gautam Budh Nagar,U.P-201306,have changed my name to Lehar Gupta. 0040719437-6

I Sonu Mittal D/o Ram Kumar Mittal and W/o Aman Bansal R/o House No.-34, Block-C, Pkt-5, Sec-11, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Sonal Bansal 0070893664-1

I, PARVEEN NIRWAL S/O RAJBIR SINGH R/o H.NO 389, GARHI PANA, BAKHTAWAR PUR DELHI-110036 HAVE CHANGED MY MINOR DAUGHTER'S NAME FROM AGUSTYA NIRW-AL TO GESHNA NIRWAL FOR ALL PURPOSES IN FUTURE. 0070893730-1

I,Laxmi W/o Himanshu R/o C-2/296, Yamuna Vihar, Delhi-110053,have changed my name to Laxmi Katiyar. 0040719437-4

I,Laxmi Katiyar,W/o Himanshu, R/o C-2/296, Yamuna Vihar, Delhi-110053,have changed the name of my minor daugh-ter from Nitya Prasad to Nitya Thakur. 0040719437-5

I,Kumari Asha,D/o Ram Shohade R/o 651, B Block, Phase-2,Metro Vihar, Holambi Kalan, Delhi-110082 have changed my name to Asha permanently. 0040719433-4

I,Kulbir Singh S/o S. Avtar Singh R/o 1247,Third-Floor Rani Bagh Delhi-110034 have changed my name to Kulbir Singh Sudan 0040719435-7

I,Jatin S/o-Subhash Kumar,R/o-B-203, Second-Floor,B-block, Mayurdhwaj Apartment, Geeta-Colony, Gandhi-Nagar Delhi-110031,have changed my name to Jatin Nasla,for all purposes. 0040719434-1

I,JYOTI W/O FERANANDIS,R/O 80,ASIAD VILLAGE, BAGHTAWAR SINGH BLOCK, ANDREWSRANJ,DELHI-110016. HAVE CHANGED MY NAME TO JYOTI FERANANDIS. 0040719444-6

I,JATINDER KUMAR NAGI,S/O Mangat Ram R/O A-2/90, Hastal,Uttam Nagar,Delhi-110059,have changed my name from JATINDER KUMAR NAGI to JITINDER NAGI. 0040719434-3

I,HEENA FATMA,D/O MOHAMMED IDRIS, HOUSE. NO-C-88, RAJU PARK KHAN-PUR,SOUTH DELHI-110062, changed my name to HINA FATIMA, 0040719444-5

I,Inderjit Singh,S/o-Balwant Singh,R/o-27-A,Rani Garden, Shastri Nagar,Delhi-110031, have changed my name,from Inderjit Singh to Inderjeet Singh,for future. 0040719435-3

I,Himanshu S/o Jagdish Prasad Sharma,R/o-E-20/11,Street No.6,Subhash Vihar,North Ghonda, Delhi,North East, Bhajanpura Delhi-110053,have changed my name to Himanshu Sharma,for all purposes. 0040719433-3

I,HARJEET KAUR,D/O TRILOK SINGH,F-7B, FIRST-FLOOR,SIN-GLE STOREY,VIJAY NAGAR, DR.MUKERJEE NAGAR S.O, NORTH WEST,DELHI-110009, HAS CHANGED MY NAME TO RITA JUNEJA,FOR ALL,FUTURE PURPOSES. 0040719441-3

I,Gauri Khanna W/o Sandeep Ahuja R/o B-18/2, Double-Storey, Ramesh Nagar, New Delhi-110015, have changed my name to Gauri Ahuja. 0040719439-3

I,FIRDOS,W/O INTEZAR ALI,H, NO-138 GALI,NO-5 D,BLOCK SANGAM-VIHAR,NEW DELHI 110080,HAVE CHANGED MY NAME FIRDAUS ALI,FOR ALL PURPOSES. 0040719441-4

I,Dilbagh Singh S/o Balbir Singh R/o WZ-36, Nangli Jalib, Janakpuri, New Delhi-58, have changed my name Dilbagh Singh to Dilbagh Singh Chaudhary,for all future purposes. 0040719444-3

I,Daljit Kaur W/o Jasvinder Singh,R/o WZ-807 Navyug Block Vishnu Garden Delhi have changed my name to Manjeet Kaur. 0040719436-1

I,DHARAMANDER KUMAR S/O HARI RAM R/O 38/10,EXTEN-SION-2B,NANGLOI, NILOTHI, DELHI-110041.HAVE CHANGED MY NAME TO DHARMENDER KUMAR. 0040719437-3

I,BHARAT S/O NAVEEN TYAGI R/O-378 Hastsal-Village Uttam-Nagar D.K. Mohan-Garden West Delhi-110059, have changed my-name to BHARAT PARASHAR. 0040719439-9

I,BHARAT BHUSHAN,S/O BHAG-WAT SWAROOP,R/O-D17A,SEC-OND FLOOR,EAST JYOTI NAGAR,DELHI-110093,HAVE CHANGED MY NAME TO BHARAT SHARMA,FOR ALL PURPOSES. 0040719436-4

I,BATI DEVI,W/O KISHAN LAL,H,NO-246 KUAN MOHALLA TUGLAKABAD VILLE DELHI-110014,HAS CHANGED MY NAME TO VATI DEVI,FOR ALL PURPOSES. 0040719441-5

I,BALVINDER KAUR,W/o HARINDER PAL SINGH KOHLI,ADDRESS.A-40,NARANG COLONY,JANAKPURI B-1,NEW DELHI 110058,changed my name to BALWINDER KAUR. 0040719436-3

I,B S KANWAR,S/O JAGDISH SINGH KANWAR,R/O VILLAGE-DHO,POST-KANJIAN DISTT-HAMIRPUR,HIMACHAL,PRADE SH-177025,HAVE CHANGED MY NAME,FROM B S KANWAR TO BHUPENDER SINGH KANWAR, VIDE-AFFIDAVIT IN-DL57222472748611W, DATED-12/03/2024 BEFORE,NCT-DELHI. 0040719444-9

I, Chanchuwar Arpana Sudhakarrao,W/o Deshraj Mehalawat,H.No-366, Gali.No-17, Near Shiv Mandir Gali,Phase-1,Gurgaon, Haryana-122001,have changed my name to Arpana Mehalawat. 0040719436-8

I, Anil Kumar Sharma S/o Arya Nand Sharma R/o A-492, Sector-19, Noida that Anil Kumar Sharma & Anil Sharma is one and the same person. 0070893722-1

I Manisha Aggarwal d/o Jai Prakash Aggarwal R/o 207/C Than Singh Nagar Gali No. 10 Anand Parbat Delhi-110005 has changed my name after marriage to Manisha Garg for all future purposes 0040719426-1

व्यक्तिगत

सूचित हो मैं महेलका अंजुम पत्नी जिया उल्ला सिद्दीकी निवासी- D-165/2, इंदिरानगर लखनऊ मेरा नाम शादी से पहले महेलका बेगम था एवं महेलका अंजुम एक ही महिला हैं! अब मुझे दोनों नाम से जाना पहचाना जाए!

I,Ashima D/o Ramesh Kumar R/o C-26, Flat-No.103, Surya-Nagar, Ghaziabad, U.P.-201011,have changed my minor daughter's name Vaani to Vaani Mitter. 0040719439-7

I,Ankit,S/O-Shri Sunder Lal, R/O-G-21/356,Sector-7, Rohini,Delhi-110085,Have Changed my name to Ankit Srivastava. 0040719435-4

I,Anamika Somanath Adhya W/O Somnath Adhya,R/O 584,Sector-E, Pocket-2, Vasant Kunj Delhi-110070,Have Changed my Name to Anamika Adhya. 0040719436-2

I,Anamica Dubey D/o Govind Kumar Dubey R/o A-57, Ramprastha Colony, Ghaziabad, U.P.-201011, have changed my name to Anamika Dubey. 0040719439-6

I,Ibrar S/O Samaydin R/o H No-424, Mandoli Village,Delhi-110093.have changed my name to ABRAR. Permanently. 0040719435-2

I,Ajya Kumar Alias Ajay Alias Ajay Kumar,S/o-Jagpal Singh, R/o-Flat No.303,J1B-Sangwan Heights,Raj-Nagar Extentio, Ghaziabad-201017,UP,have changed my name and shall hereafter be known as Ajay Kumar. 0040719434-2

I,AKASH DEEP SUMAN S/O, NAND KISHORE SUMAN R/O, A2-SF3 Jindel-Road SLF Ved-Vihar Loni-Dehat,Ghaziabad U.P.-201102 have changed my-minor daughter's name ASH-LYN SUMAN to AVISHA SUMAN aged-2-Years. 0040719439-8

I, Sushma Bhandari W/o-Surendra Singh Bhandari, R/o-H.No.-64, Ashok Nagar, Dhandera, Haridwar, U.K.-247666, declare that my actu-al D.O.B. is 05/11/1984 instead of 05/11/1983. 0040719431-2

I, Surendra Singh Bhandari, R/o- H.No.-64, Ashok Nagar, Dhandera, Haridwar, U.K.-247666, declare that my son's actual name is Lakshya Singh Bhandari instead of Lakshya Bhandari 0040719431-3

I, Shikha D/o Satya Pal Rajput R/o S-110, Infinity Tower, Sec-44, Noida have changed my name to Shikha Rajput. 0070893698-1

I, Sharad Kumar Agarwal S/o Vasu Dev Agrawal R/o New Gopalpuri, Gali-9, Pala Road, Aligarh have changed my name to Sharad Kumar Agrawal. 0070893695-1

I, Shakuntla Singh, M/o Raj Kumar Singh, R/o- VPO-Dehari, Teh.- Kerakat, Dist.-Jaunpur, U.P.-222142, declare that my actual name and D.O.B. is Shakuntla Singh and 20/10/1958 Instead of Sakuratala Singh and 21/10/1958. 0040719431-1

I, Piar Singh S/o Late Salig Ram R/o AG-562-C, Shalimar Bagh, Delhi-110088 have changed my name from Piar Singh to Piar Singh Jaiswal 0040719421-1

I, NEERU, Spouse of No.15415138M(HAV) SANT SARAN SINGH, R/o Village-Ramnagar, P.O.-Kaila, Distt.-Etah, Uttar Pradesh-207247 declare that my name incor-rectly updated as NEERU in my husband's service records and to be corrected to NIRU vide affidavit IN-DL57070910807359W dated:12/03/2024 before Notary Advocate: Rajkumar, Regd. No.-6536, New Delhi. 0070893686-1

I, Kateyayni Agarwal D/o Sharad Kumar Agrawal R/o New Gopalpuri, Gali-9, Pala Road, Aligarh have changed my name to Kateyayni Agrawal. 0070893693-1

I, KALI ALIAS KUSUM D/o OM PRAKASH R/o H. No. 205/9, Subhash Nagar, Gurgaon, Haryana-122001 have changed my name to Kusum for all purpose in future. 0070893726-1

I, Harkiran Kaur Kohli W/o Sarabjot Singh R/o-J-3/66, 3rd-Floor, Rajouri Garden, Delhi-27 have changed my name to Harkiran Kaur for all purposes 0070893734-1

I, Deep Kaur alias Manjeet Kaur Chadha W/o Lakhbir singh Chadha R/o 3A052, GC grand 2C, Vaibhav Khand, indirapuram, Ghaziabad-201014, Uttar hereby declare that I have changed my name after marriage to Deep Kaur Chadha for all future purpos-es. I hereby also confirm that both names Manjeet Kaur Chadha and Deep Kaur Chadha are of the same per-son only. 0070893684-1

I VEENA DEVI W/O LATE MARTU LAL R/O B-8, VIKAS NAGAR, UTTAM NAGAR, NEW DELHI-110059, HAVE CHANGED MY NAME TO BEENA DEVI. 0040719335-2

I Shyam Bhavan S/o Drag Pal Singh R/o O, Maduri Baripal, Kanpur, Kanpur Nagar, Kanpur Nagar, Uttar Pradesh-208001, have changed my name to Anurag Singh 0070893662-1

I Noopur Rajak W/O, Akshay Kumar R/o E-20 Dronacharya Apartments, MV 1, Delhi 110091 have changed my name to Noopur Ralhan due to my marriage. 0040719424-1

I Neelam, W/o-JC.no-542631M, Subedar Rajesh Kumar. My nameiswrongly mentionedas Neelam Devi in my husband 0060113748-1

मेरे आर्मी रिकॉर्ड में truttivash मेरे पुत्र का नाम Jai अंकित हो गया है, जो कि गलत है। उसका सही नाम Jai Shrivastava है, जो अन्य समस्त अभिलेखों में दर्ज है। संतोष कुमार श्रीवास्तव पुत्र संत किशोर लाल श्रीवास्तव, ग्राम बीसापुर, पोस्ट मथेला, जिला चंदौली, उ. प्र.

मेरे आर्मी रिकॉर्ड में truttivash मेरे पुत्री का नाम Tanu अंकित हो गया है, जो कि गलत है। उसका सही नाम Tanu Shrivastava है, जो अन्य समस्त अभिलेखों में दर्ज है। संतोष कुमार श्रीवास्तव पुत्र संत किशोर लाल श्रीवास्तव, ग्राम बीसापुर, पोस्ट मथेला, जिला चंदौली, उ. प्र.

मेरा नाम मेरे पति आर्मी नं० 15446935Y Sep THAKOR MUKESHBHAI THAKARSIBHAI, निवासी Chichodara, Bhabhar, Banaskantha, (Gujarat) के AMC Records, Lucknow में त्रुटिवश THAKOR LAB-HUBEN दर्ज हो गया है। मेरा सही नाम THAKOR LABHUBEN MUKESHBHAI है। भविष्य में मुझे THAKOR LABHUBEN MUKESHBHAI नाम से ही जाना व पहचाना जाए। 50238782

मेरे पुत्र कुंवर नवनीत सिंह (Kuwar Navneet Singh) पुत्र श्री नरेन्द्र बहादुर सिंह के सेना सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम लीला सिंह (Leela Singh) त्रुटिवश अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम लीला देवी (Lila Devi) अंकित है, जो कि सही है। लिखा, पढा व दर्ज किया जाय। लीला देवी पत्नी श्री नरेन्द्र बहादुर सिंह ग्राम महराजपुर, पोस्ट गोरियाबाद, थाना जामों, जनपद अमेठी

I, SUHAIL ALI S/o Sajid Ali R/o T-476 Gali No-17 Near Masjid Khastagul Gautam puri New Seelampur Shastri park East Delhi-11053 declare that name of mine has been wrongly written as Mohd Suhail in my class-10th and class-12th marksheet and certificate educational documents. The actual mine name is Suhail Ali which may be amended accordingly. 0040718796-9

खोया+पाया

I, Amrish Mathur S/o Late B.B. Mathur has to inform that I have misplaced the Original Share Certificate of J-102, Shree Ganesh Apartments, 93, I.P. Extension, Patparganj, Delhi-110092. 0040719412-1

I, Mohd. Aslam S/o Mohd. Ismail lost Original Builder Buyer Agreement (BBA) of Tower B14 Flat no. 0003, Signature Global solera, Sector 107,Gurugram 122006 Finder please call 9810111854 0040719414-1

I, Neeru Arora,W/o Ravinder Kumar Arora,R/o BF-5,Tagore-garden,New Delhi-27,have lost my original-allotment and Position later of house Number BF-21,Tagore gar-den,New Delhi-27. 0040719444-11

Lost My Original Marksheet of First and Second Year of Diploma in Pharmacy and Diploma Certificate.Finder Please Contact Naveen Kumar,S/O-Dilasa Ram,R/O-E-20/20,Sector-3,Rohini,Mobile-8384033516. 0040719444-12

My all original property docu-ments original Title chain in respect of property-No.271, Ground-Floor, Area 60 Sq.Yds., Out of Khasra-No.66 min, Lal Dora, Khureji-Khas, Delhi-110051,has been lost/mis-placed. Finder contact: Samina Bano,W/o Karim, Mobile No. 9540387123 0040719439-10

व्यापार संबंधित

TYFFYN provides All types of Women/ Men Jeans, Jackets, Blazers . Contact us- Shri Balaji Traders, Gandhi Nagar, Delhi- 110031. Mobile-9873684951, 9319450631. 0040718751-5

PUBLIC NOTICE

To be known to all that my client Manju Aggarwal W/o Sh. Satinder Kumar Aggarwal R/o Society Flat. No. 20-B, The Navyug Adarsh CGHS Ltd, F-12, Bodella Phase-II, Vikas Puri, New Delhi-110018. The Original property document i.e. Possession Letter has been lost. An FIR to this effect has lodged in Police Station, Vide NCR/LR No. 1534029/2024 dated: 11/03/2024. Any Person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice.

Sd/- B.B.N. DEO, Advocate
S.R.IInd,B Coumpus, Janak Puri,ND-58

PUBLIC NOTICE

It is to inform to public that my client Shri Kailash S/o Late Radhey Shyam and Smt. Asha W/o Kailash both R/o H.No. F-1675, JJ Colony, Tigri, South Delhi-110062, disinherited/disowned his sons Sagar Kumar, Nitin Kumar and daughter in law Hema and his daughter Diya Nagarwal from their all moveable and immoveable properties and severed all their relations from them. Our client shall not be responsible for their acts.

Yogesh Gupta (Advocate)
Ch. No.467 Saket Court New Delhi-17

PUBLIC NOTICE

This is to inform to the General Public at large that my client Smt. Sunita wife of Shri Rakesh Kumar resident of RZ-A-40, Indra Park Prajapat Colony, Uttam Nagar, New Delhi-110059, has severed all her relations socially, financially in all respects with her son Shri Chetan Kumar son of Shri Rakesh Kumar because he is not obedient to my client and misbehaved with my client since long time and also debarred and disowned him from inheriting any movable and immovable properties owned by my above said client. Any person dealing with them will do so at his/her/their own risk.

PARDEEP KUMAR (ADVOCATE)
Res.:C-437, Anandika, Sector-1, Rohini, Delhi-110085

सूचना

मैं विनोद कुमार यादव पुत्र संतराम यादव निवासी 624जीवी/208, गौरव विहार कलोनी, निकट रामा किडी कॉलेज, जिनहट, लखनऊ-226028 उ०प्र० एतद्द्वारा ये सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम यादव विनोद कुमार संतराम पुत्र संतराम यादव से विनोद कुमार यादव पुत्र संतराम यादव कर लिया है। अतः भविष्य के सभी उद्देश्यों हेतु मुझे विनोद कुमार यादव पुत्र संतराम यादव के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

PUBLIC NOTICE

GENERAL PUBLIC IS HEREBY INFORMED THAT MY CLIENT MS GEETA W/O LT GULSHAN BRAR, TEMPORARILY RESIDENT OF 23A/5, TILAK NAGAR, N.D 18 HAS SEVERED ALL HER SOCIAL AND PERSONAL TIES WITH HER DAUGHTER MS PUMMY AND ALL OTHER CHILDREN AND RELATIVES OF MY CLIENT HAVE NO CONNECTION WITH HER AND SHE HAS BEEN DISOWNED BY MY CLIENT AND IS NOT ENTITLED TO ANY OF THE MOVABLE OR IMMOVABLE PROPERTIES OF MY CLIENT.ANYBODY DEALING WITH SAID MS PUMMY SHALL DO AT HIS OWN RISKS AND CONSEQUENCES.

Sd/-
Sanjay Kapoor
Advovate
Chamber No-788, Western Wing,
Tis Hazari Courts

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I Satish Kumar Arora S/o Sardari Lal Arora R/o JU-66C, Pitampura, Delhi-34, purchaser of FLAT NO.66-C, S.F., Pkt-JU, Pitampura, Delhi-34, has applied for conversion of the aforesaid flat from lease hold to free hold, vide File No.F2(26)83/HB/INP, in DDA. The original DDA documents i.e. Original Demand Letter, Possession Letter, Possession Slip and N.O.C. for water & electricity of the above flat have been lost. An FIR/NCR on this effect has been lodged online. Any person (s) claiming any right, interest having any objection or found in possession of original documents, may right, contact with above named person, at above address/Mobile No.9818573461, within 15 days from date of the publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property can personally inform or write to Deputy Director/LAB (H) Janta or Director (H)-II, Block-D, 3rd Floor, Vikas Sadan, New Delhi-23.

Sd/-
DINESH JAIN
Advocate
Enrl. No. UPO4527/10

PUBLIC NOTICE

Be it known to all that my client Manoj Kumar S/o Ramphal R/o H. No. C.N.-636, Sanjay Camp/Chankyapuri, Delhi-110021 has disowned his son Prashant R/o Ward No. 4, Village Rakseda, Raksehra (91) Panipat, Haryana-132115, from inheritance of all his movable and immovable properties and my client has severed all his relations with elder son namely Prashant and if Prashant will do or has done any wrongful/illegal act, Prasahant will do so on his own responsibility. My client and his family shall not in any way be held responsible for any act done or to be done by him in future. Herein after who so ever deals with Mr. Prashant will do so at his own risk and responsibility.

Sd/-
Nikhil Gautam (Advocate)
Enrl No. D-3427/2014
Ch. No. 651, Dwarka Court
New Delih-110075

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री नदीम असलम और श्रीमती उरूज नदीम, सेक्टर 93ए, नोएडा, उत्तर प्रदेश के प्लॉट नंबर 002 पर निर्मित पार्श्वनाथ प्रेस्टीज-पेज-1 नामक कॉम्प्लेक्स में पहली मंजिल पर अवास इकाई नंबर एच-104 के मालिक हैं। उपरोक्त संपत्ति के संबंध में श्री नदीम असलम और श्रीमती उरूज नदीम के पक्ष में पार्श्वनाथ डेवलपर्स लिमिटेड द्वारा जारी किया गया मूल कब्जा पत्र और मूल कब्जा प्रस्ताव पत्र दोनों कहीं गायब हैं। इस आशय की एक गुमशुदगी सूचना/एनसीआर पहले से ही दिल्ली पुलिस अपराध शाखा में एलआर संख्या: 1534091/2024 दिनांक 11/03/2024 दर्ज की गई है। इसके द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति या इकाई, फर्म/कंपनी, बैंक, एचएफसी/एचएफसी का सदस्य, वित्तीय संस्थान, उपरोक्त दस्तावेजों और/या उस पर अपत्ति के आधार पर किसी भी शुल्क, अग्रह या ग्रहणाधिकार या दीग का दावा करता है, तो वह / वे अधोहस्ताक्षरी के ईमेल-adv.shreyansh29@gmail.com पर इस प्रकाशन की तारीख से 10 दिनों के भीतर दस्तावेजी प्रमाण/व्यापासय के फैसले के साथ अधोहस्ताक्षरी को इसकी सूचना दे सकते हैं, ऐसा न करने पर ऐसे किसी भी दावे/आपत्ति पर विचार शून्य और शून्य होना किया जाएगा।

Shreyansh Upadhyay (Advocate)
Ch. No. 7, Patiala House Court,
New Delhi-110001

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that our Clients Mrs. Dhaneshwari Devi proposes to purchase a Flat vide Flat No. 202, MIG-II, Second Floor, Sector 4, Vaishali, Ghaziabad. The Above said Flat was purchased by Mr. Dinesh Bhatt & Mrs. Rashmi Bhatt. Mr. Dinesh Bhatt died on 10.05.2021. As per Survivor Certificate dated 06.10.2021, Mrs. Rashmi Bhatt (Wife), Ms. Stuti Bhatt (Daughter) & Mr. Kritrath Bhatt (Son) becames the owners. of respective Share of 1/12 1/6 & 1/6 respectively by virtue of law of inheritance Mr. Kritrath Bhatt has issued NOC through legal & natural guardian for sale of Flat.

Any person having any right or interest by way of agreement, sale, contract, or otherwise upon the said property are hereby required to give notice of the same to the undersigned on below mentioned address within 15 days from the date of publication hereof together with copies of all documents on the basis of which claims are made, failing which any such right, title, interest, or claim, if any, will be deemed to have been waived and not binding on our Clients.

Sd/-
Chandra Kishore Jha(Advocate)
E-524. Karkardooma Courts,
Delhi-110032

PUBLIC NOTICE

I, Smt. Sangeeta Dogra W/o Shri Dhirendra Dogra R/o Flat No.321, Ground Floor, Pocket-GH-9, Paschim Vihar, New Delhi, Is the owner of DDA MIG Flat No.321, Ground Floor, Pocket-GH-9, situated at Paschim Vihar, New Delhi, Vide DDA File No. M032(110) 89/PV/NP. The Original Documents i.e. Original Demand Cum Allotment Letter of the above said property have been lost or misplaced by me and is not traceable inspite of my best efforts. An F.I.R./ncr to this effect has been lodged in the Police Station, crime branch, Delhi (IR no. 1522257/2024 dated 07.03.2024).

Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No. 9911751000, within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (Housing) MIG or Director (Housing), D Block, Vikas Sadan, New Delhi.

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल आदित्य बिरला फाइनेंस लिमिटेड द्वारा अपने ग्राहक अनुज सेठी, पुत्र श्री ओम प्रकाश सेठी को उनके व्यावसायिक भवन संख्या 569क/248, जो खसरा संख्या 202/3 के अंश भूखंड संख्या 29, क्षेत्रफल 1800 वर्गफीट, स्थित मोहल्ला स्नेह नगर, राजस्व ग्राम बरगवां, वार्ड गुरूनानक नगर, लखनऊ के विरुद्ध ऋण दिया जाना प्रस्तावित है किंतु उनकी स्वामित्व की पूर्व श्रृंखला का मूल विक्रय पत्र दिनांकित 09.06.1989 जो फ्रेंड्स सहकारी आवास समिति लिमिटेड द्वारा श्रीमती रीता के पक्ष में है, कहीं खो गया है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को इस प्रस्तावित ऋण के विरुद्ध कोई आपत्ति हो तो वह अपने पक्ष में विधिक साक्ष्य के साथ मुझसे 7 दिनों के अंदर संपर्क कर सकता है। उक्त अवधि में कोई विधिक व पोषणीय आपत्ति न प्राप्त होने पर मेरे उपरोक्त मुवक्किल द्वारा उक्त ऋण प्रदान कर उक्त संपत्ति को बंधक किया जायेगा तथा उक्त संपत्ति पर मेरे मुवक्किल का प्रथम प्रभार होगा।

(तरुण प्रकाश श्रीवास्तव)
एडवोकेट, मो०- 9335914262
रूम नं0-110-111, सिटी होटल, बी.एन. रोड, लालबाग, लखनऊ-226001

PUBLIC NOTICE

This is informed to General Public that my clients Smt. Seema Malik W/o Sh. Sanjiv Malik and Sh. Sanjiv Malik S/o Sh. Rajkumar Malik both R/o Flat C- 302, Radison Appts., the New Rajput CGHS Ltd., Plot No.23, Sector-12, VTC, Dwarka South-West Delhi, New Delhi-110078, have disowned and disinherited their son namely Sh. Pranav Vashist and their daughter-in-law Smt. Arzoo Garg W/o Pranav Vashist from their all moveable and immoveable properties and Assets i.e. Flat C-302, Radison Appts., the New Rajput CGHS Ltd., Plot No.23, Sector-12, VTC, Dwarka South-West Delhi, New Delhi-110078 (in the name of Seema Malik) and 1) Property bearing Flat No.463, Vikas Kunj, Vikas Puri, New Delhi 110018 and 2) Property bearing No.R-128, Model Town, Rohtak, Haryana (both properties in the name of Sanjiv Malik) and have also sever

जामिया में सीएए के खिलाफ छात्रों का विरोध प्रदर्शन, बढ़ाई गई सुरक्षा

सीएए वापस लेने की मांग, परिसर के आसपास पुलिस ड्रोन से कर रही निगरानी

नई दिल्ली,12 मार्च (भाषा)।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्र समूहों ने सीएए लागू किए जाने के खिलाफ मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया और इसे वापस लेने की मांग की।

विश्वविद्यालय के एक गेट के पास संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, प्रदर्शनकारी छात्रों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को रद्द करने और लगभग चार साल पहले सीएए विरोधी प्रदर्शनों के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए सभी छात्रों को रिहा करने की मांग की। उन्होंने छात्रों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने की भी मांग की।

छात्रों ने जामिया परिसर के अंदर से मीडिया को संबोधित किया, जबकि दिल्ली पुलिस बाहर तैनात रही। विरोध प्रदर्शन में 'दिल्ली पुलिस वापस जाओ' और 'इंकलाब जिंदाबाद' जैसे नारे लगाए गए। साल 2019 में हुए सीएए विरोधी विरोध प्रदर्शनों का हिस्सा रहे छात्र कार्यकर्ताओं की रिहाई की मांग संबंधी पोस्टर लेकर बड़ी संख्या में छात्र परिसर में एकत्र हुए।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के गेट पर सीएए का विरोध करते छात्र।

गेट नंबर सात बंद : सीएए लागू होने के बाद से दिल्ली पुलिस संवेदनशील इलाकों में तैनात है। पिछली बार सीएए-एनआरसी के खिलाफ हुए प्रदर्शन वाले स्थान शाहीन बाग में भी पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है। जामिया का गेट नंबर सात बंद कर दिया गया है। साथ ही ड्रोन से भी निगरानी की जा रही है। शाहीन बाग और जामिया एक ही स्थान पर है।

प्रदर्शन से पहले डीयू परिसर में 55 छात्र हिरासत में लिए गए

नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू किए जाने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय कला संकाय में एकत्रित हुए लगभग 55 छात्रों को मंगलवार को हिरासत में लिया गया। वामपंथ से संबंधित आल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के कई विद्यार्थियों ने सोमवार को केंद्र द्वारा लागू सीएए के खिलाफ प्रदर्शन का आह्वान किया था। आइसा की दिल्ली विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष माणिक गुप्ता ने कहा कि विरोध-प्रदर्शन शुरू होने से पहले ही विद्यार्थियों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। उन्होंने दावा किया कि विद्यार्थियों के साथ क्रूर व्यवहार किया गया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एम के मीणा ने बताया कि पिटाई के सभी आरोप निराधार हैं क्योंकि हमने सभी की वीडियो रिकार्डिंग की है।

नई दिल्ली में मंगलवार को जामिया मिल्लिया इस्लामिया के सामने तैनात अर्धसैनिक बल और पुलिस के जवान।

अर्धसैनिक बलों ने किया 'फ्लैग मार्च'

नई दिल्ली, 12 मार्च (भाषा)।

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए), 2019 लागू किए जाने के बाद दिल्ली के जामिया मिल्लिया इस्लामिया के आसपास भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। वहीं, दिल्ली के अनेक हिस्सों में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और अर्धसैनिक बल के जवान गश्त और फ्लैग मार्च करते रहे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि परिसर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई और अर्धसैनिक बल को तैनात किया गया है।

सीएए के खिलाफ विरोध का केंद्र रहे जामिया मिल्लिया इस्लामिया और शाहीन बाग इलाकों में 2019-20 में कई महीनों तक प्रदर्शन हुए थे। उत्तर-पूर्व दिल्ली में 2020 की शुरुआत में इस कानून को लेकर सांप्रदायिक हिंसा भी हुई थी जिनमें 53 लोगों की मौत हो गई और 500 से ज्यादा घायल हो गए थे। केंद्र सरकार ने सोमवार को सीएए के नियमों की अधिसूचना जारी कर दी। इसके मद्देनजर पुलिस ने उत्तर पूर्व जिले में 43 संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान की है। इनमें सीलमपुर, जाफराबाद, मुस्तफाबाद, भजनपुरा, खजूरी खास और सीमापुरी शामिल हैं। अर्धसैनिक बलों के जवानों ने सोमवार की रात शाहीन बाग, जामिया नगर और उत्तर-पूर्व दिल्ली के कई हिस्सों में फ्लैग मार्च किया। वहीं, मंगलवार को भी गश्त जारी रहा।

खबर कोना

अदालत ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ाई

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 मार्च।

राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत मंगलवार को बढ़ा दी। सिसोदिया की हिरासत अवधि मंगलवार को समाप्त हो रही थी, जिसके कारण उन्हें विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल के समक्ष पेश किया गया था। अदालत ने सिसोदिया की हिरासत अवधि 22 मार्च तक बढ़ा दी। न्यायाधीश ने यह आदेश तब दिया जब सीबीआइ के वकील ने दावा किया कि जांच महत्वपूर्ण चरण में है और अगर आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सिसोदिया को जमानत पर रिहा किया गया तो वह जांच में बाधा डाल सकते हैं या न्याय की जद से भाग सकते हैं। न्यायाधीश ने मामले के कुछ आरोपियों द्वारा आरोप तय करने को लेकर शुरू की गई बहस पर आपत्ति जताने वाली एक अर्जी पर भी दलीलें सुनीं।

मंदिर तोड़फोड़ मामला, सोमनाथ भारती सहित पांच के खिलाफ शिकायत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 मार्च।

धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के मामले में आप विधायक सोमनाथ भारती, पार्षद सरिता फोगाट सहित पांच लोगों के खिलाफ सफदरजंग एन्क्लेव पुलिस स्टेशन में शिकायत दी गई है। शिकायतकर्ता वकील और टंडन सेना के मुख्य राष्ट्रीय सलाहकार मोहन कुमार ने आरोप लगाया कि आपराधिक साजिश के तहत एक पवित्र स्थल को ध्वस्त किया गया। उन्होंने बताया कि यह घटना नौ मार्च को सफदरजंग एन्क्लेव में हुई।

लेडी इरविन महाविद्यालय ने मनाया अपना 91वां स्थापना दिवस

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 मार्च।

दिल्ली विश्वविद्यालय के लेडी इरविन कालेज ने अपना 91वां स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सन्याल व महिला एवं बाल विकास मंत्रालय कि अतिरिक्त सचिव तृप्ति गुरहा उपस्थित रहीं। कालेज के चेयरपर्सन एवम गवर्निंग बाडी के सदस्य दिलीप चिनाय ने कालेज के 91वें स्थापना दिवस के अवसर पर कहा कि कालेज बीते लगभग 9 दशकों से गृहविज्ञान की शिक्षा में एक मील का पत्थर बनकर महिला शिक्षा पर दुनिया भर में अपनी पहचान बना चुका है। इस कालेज की नींव महिलाओं को शिक्षित करने व उनके संपूर्ण विकास के अवसर दिए जाए के उद्देश्य को ध्यान में रखकर की गई थी। कालेज की निदेशक अनूप सिद्धू ने कहा, कि इस कालेज की मुख्य भूमिका ये रही कि इसने घर में छुपे विज्ञान यानी गृहविज्ञान को महिला जगत शिक्षा का एक सशक्त औजार दिया है।

सीएए लागू होने के बाद हिंदू और सिख प्रवासियों के साथ जश्न मनाते दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा।

पाकिस्तान से आए हिंदू शरणार्थियों संग भाजपा नेताओं ने खेली होली

नई दिल्ली, 12 मार्च (संवाददाता)।

सीएए लागू होने के बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान से आए सिख एवं हिंदू शरणार्थियों को एक मंच पर सम्मानित किया और गुलाल लगाकर खुशियां मनाई। इस मौके पर शरणार्थियों ने एक पत्र भी वीरेंद्र सचदेवा को दिया, जिसमें उन्होंने अपनी भावनाओं को बताते हुए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। वीरेंद्र सचदेवा एवं उपस्थित शरणार्थी प्रतिनिधियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशी जाहिर की और सभी को बधाई दी। वहीं मजनू का टीला पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने पाकिस्तानी शरणार्थियों से मुलाकात की। उन्होंने उन्हें मकान देने का आश्वासन भी दिया।

पुलिस उपनिरीक्षक के निलंबन के खिलाफ हिंदू संगठन का प्रदर्शन, कहा

'नमाजी पर बल प्रयोग करने वाले मनोज तोमर को बहाल करो'

नई दिल्ली, 12 मार्च (भाषा)।

हिंदू रक्षा दल के सदस्यों ने इंद्रलोक इलाके में नमाज पढ़ रहे कुछ लोगों को लात मारने के आरोप में उप-निरीक्षक को निलंबित किए जाने के खिलाफ मंगलवार को दिल्ली पुलिस मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान दक्षिणपंथी संगठन के कई सदस्यों ने 'हनुमान चालीसा' का पाठ किया और 'जय श्री राम' के नारे लगाए। उप-निरीक्षक मनोज कुमार तोमर ने 8 मार्च को उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक में सड़क पर नमाज पढ़ रहे कुछ लोगों को धक्का दिया था और लात मारी थी, जिसे लेकर सैकड़ों स्थानीय लोगों ने पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद आरोपी पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया था।

दिल्ली पुलिस मुख्यालय के बाहर पढ़ी हनुमान चालीसा

हिंदू रक्षा दल के एक नेता ने कहा कि अगर उन्हें सड़कों पर नमाज पढ़ने का अधिकार है, तो हमें भी सड़कों पर हनुमान चालीसा का पाठ करने का अधिकार है। हमारी मुख्य मांग उप-निरीक्षक की काम पर बहाली और उसके निलंबन आदेश को रद्द करने को लेकर है।

50 से 60 लोगों को हिरासत में लिया गया

एक अन्य नेता विष्णु गुप्ता ने कहा कि हम दिल्ली के पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा से मुलाकात करके कहेंगे कि एसआइ मनोज कुमार तोमर को ड्यूटी पर वापस लाया जाए और उन्हें सुरक्षा भी मुहैया कराई जाए। गुप्ता ने कहा कि पुलिस ने करीब 50 से 60 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया है और उन्हें संसद मार्ग थाने में रखा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमने लगभग 50 से 60 लोगों को हिरासत में लिया, संसद मार्ग थाने ले गए और तुरंत रिहा कर दिया। हमने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अर्धसैनिक बलों और पुलिस बल को तैनात किया है। कानून एवं व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए पुलिस के साथ अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है।

दिल्ली पुलिस की प्राथमिकी में दावा

चोरी के बाद भागते समय पीड़ित बोरवेल में गिरा था

नई दिल्ली, 12 मार्च (भाषा)।

दिल्ली जल बोर्ड के 40 फुट गहरे बोरवेल में गिरने से जिस व्यक्ति की मौत हुई, वह चोरी करने के बाद पकड़े जाने से बचने की कोशिश कर रहा था। पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी में यह कहा गया है। पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि एक स्कूटी पर सवार दो लोग उसका पीछा कर रहे थे, जिसे एक सुरक्षा गार्ड ने देखा था। इस जानकारी का सत्यापन किया जा रहा और यह अभी प्राथमिकी का हिस्सा नहीं है।

प्राथमिकी में कहा गया है कि बोरवेल एक कमरे में था जिसका दरवाजा खुला था। पीड़ित रविवार को बोरवेल में गिर गया था, जिसका शव राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और दिल्ली अग्निशमन सेवा द्वारा चलाए गए लगभग 14 घंटे के लंबे अभियान के बाद बाहर निकाला गया। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को विकासपुरी थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। प्राथमिकी में कहा गया है कि वह व्यक्ति चोरी करने के बाद भाग रहा था, तभी वह केशवपुर जल बोर्ड कार्यालय में 30 से 40 फुट गहरे गड्ढे में गिर गया। सूत्रों ने बताया कि पीड़ित की पहचान करने के लिए पुलिस 'फिंगरप्रिंट' विशेषज्ञों और चेहरे की पहचान प्रणाली आदि की मदद ले रही है।

CHANDRA SHEKHAR AZAD UNIVERSITY OF AGRICULTURE & TECHNOLOGY, KANPUR-208 002 (U.P)
Advertisement

Applications are invited from eligible candidates for various posts in the University.
Advt No.01/2024- Professor for different colleges of the University (23 posts).
Advt No.02/2024- Associate Professor for different colleges of the University(46 posts).
Advt No.03/2024- Programme Coordinator/Senior Scientist and Head (03 posts) of different KVKs.
Advt No.04/2024- Subject Matter Specialist/T-6 (18 posts) of different Krishi Vigyan Kendra.
Advt No.05/2024- Farm Manager/T-4(15 posts), Programme Assistant (Lab Technician)/ T-4(11 Posts) in different KVKs.
Advt No.06/2024- Assistant (14 Posts), Stenographer Grade-III (03 Posts) in different KVKs.
Advt No.07/2024- Driver T-I(07 Posts), Skilled Support Staff (06 Posts) in different KVKs.
Details may be downloaded from the University website (**www.csauk.ac.in**). Applications on prescribed proforma must reach to the office of the undersigned on or before 5.00 pm of **15 April, 2024** through Registered/Speed post only.

Sd/-
Director,
Administration & Monitoring

इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम-मिनी रत्न)
सीआईएन: - L74899DL1999GOI101707

विज्ञापन संख्या : 21/2024
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
आईआरसीटीसी
में
निदेशक (वित्त)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 02/04/2024 है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदकों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि 11/04/2024 है।
जानकारी के लिए वेबसाइट http://www.pesb.gov.in में लॉग इन करें।

रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झाँसी

विज्ञापन संख्या RLBCAU/03/2024 दिनांक : 11.03.2024
विज्ञापन संख्या RLBCAU/03/2024 के माध्यम से निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्र. सं.	पद	स्तर	सामान्य	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन जाति
1.	अर्थनियंत्रक(सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति /अनुबंध पर)	14	1	-	-	-
2.	कुलसचिव(सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति /अनुबंध पर)	14	1	-	-	-
3.	सह-प्राध्यापक, मृदा विज्ञान	13A	1	-	-	-
4.	सह-प्राध्यापक, वेटिरिनेरी फिजियोलॉजी	13A	1	-	-	-
5.	सहायक प्राध्यापक, लाइवस्टॉक फार्म कॉम्पलैक्स (एनीमल न्यूट्रीशन)	10A	-	-	1 (दिव्यांग)	-
6.	सहायक प्राध्यापक, वेटिरिनेरी क्लीनिकल कॉम्पलैक्स(वेटिरिनेरी गायनोकॉलोजी एण्डऑब्सट्रैटिक्स)	10A	-	-	-	1
7.	सहायक	7	2	-	-	-
8.	लैबोरेटरी टेक्नीशियन	5	1	1	-	-
9.	अपर डिवीजन क्लर्क	4	2	-	1	-
10.	पर्सनल सहायक	6	1	-	-	-
	योग		10	1	2	1

अधिक जानकारी के लिए जैसे आवश्यक योग्यता, आरक्षण की श्रेणी, वेतनमान, आवेदन शुल्क, आवेदन पत्र और अन्य निर्देश, कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rlbcau.ac.in पर देखें। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल, 2024 होगी।
कुलसचिव

शहीद भगत सिंह सांध्य महाविद्यालय
(दिल्ली विश्वविद्यालय)
शेख सराय, फेज-II, नई दिल्ली - 110017
फोन नं. : 29253430, वेबसाइट: www.sbsec.org
ईमेल : principal.sbsec@gmail.com

विज्ञापन No.: SBSC/EVE/417 दिनांक 12.02.2024
स्थाई आधार पर निम्नलिखित पद (पदों) के लिए वेब लिंक http://dunt.uod.ac.in पर ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पदों के विवरण, रिक्तियों की संख्या, वेतन बैंड, रिक्तियां भरने के लिए प्रकिया आदि, जैसा कि दिल्ली विश्वविद्यालय नियमों के तहत निर्धारित किया गया है, नीचे दी गई है.

क्रम सं.	पद का नाम	अना	अपिव	अजा	अजजा	पीडब्ल्यू बीडी	ईडब्ल्यू एस	अधिकतम आयु	मूल वेतन (रू)	वेतन मैट्रिक्स में स्तर
1.	प्रशासनिक अधिकारी*	-	-	-	-	01 (वीआई)	-	35	56100-177500	स्तर-10
2.	वरिष्ठ निजी सहायक	-	-	-	-	01 (एलडी)	-	35	44900-142400	स्तर-7
3.	सहायक	-	-	01	-	-	-	30	25500-81100	स्तर-4
4.	कनिष्ठ सहायक	-	01	01	-	01 (एचआई)	-	27	19900-63200	स्तर-2
5.	पुस्तकालय अटेंडेंट	-	01	01	-	-	-	30	18000-56900	स्तर-1

*अपिव विस्तार अधीन
अना-अनारक्षित, अजा-अनुसूचित जाति, अजजा-अनुसूचित जनजाति, अपिव-अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस-आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, वीआई-दृष्टि विकलांग-दृष्टिबाधिता और अल्प दृष्टि सहित, एलडी-गतिविषयक विकलांगता-कुष्ठ निवारित, बौनापन, एसिड हमला पीड़ित, प्रमस्तिष्कीय पक्षाघात और मस्कुलर डिस्ट्राफी सहित, एचआई-श्रव्य विकलांगता, ओबीडी-अन्य बेंचमार्क निःशक्तता (एएसडी-एम, एमओडी), आईडी एसएलडी, एमआई
- पीडब्ल्यूबीडी/अजा/अजजा/महिला आवेदकों के लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं।
- फीस का एक बार भुगतान कर देने पर इसे किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जायेगा।
- पात्रता मापदंड पूरा करने वाले अभ्यर्थी कॉलेज वेबसाइट www.sbsec.org पर उपलब्ध कराए गए ऑनलाइन लिंक पर आवेदन कर सकते हैं। बेंचमार्क निःशक्तता से ग्रस्त व्यक्ति, यदि उन्हें आवेदन फार्म भरने में किसी भी प्रकार की सहायता अपेक्षित है तो वे कॉलेज में स्थापित किये गये सहायता डेस्क पर संपर्क कर सकते हैं।
- अर्हता, रिक्तियां भरने के लिए प्रकिया, आवेदन फीस आदि के संबंध में अधिक विवरण के लिए कॉलेज वेबसाइट www.sbsec.org पर जाएं।
- कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल कॉलेज वेबसाइट पर डाला जायेगा।
- ऑनलाइन आवेदन फार्म प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 15 दिन है।
- कॉलेज के पास विज्ञापित पदों की प्रकति और/अथवा संख्या में परिवर्तन करने अथवा किसी/सभी उपर्युत पदों को किसी भी चरण में बगैर कोई कारण बताये नहीं भरने का अधिकार सुरक्षित है।

Principal

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

(भारत सरकार का उपक्रम)
कॉर्पोरेट कार्यालय, मानव संसाधन विभाग, 254-260, अव्वै षण्मुगम सालै, राय्पेट्टा, चेन्नै 600 014

विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती - 2024

इंडियन बैंक, स्केल I, II, III और IV में निम्नलिखित विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

क्र.सं	विशेषज्ञ	रिक्तियों की संख्या				
		स्केल 1	स्केल 2	स्केल 3	स्केल 4	कुल
1	अनिवासी भारतीय (एनआरआई) वर्टीकल	30				30
2	सुरक्षा अधिकारी	11				11
3	सूचना सुरक्षा		3	3	1	7
4	सूचना प्रौद्योगिकी		5	5	5	15
5	ऋण			10	10	20
6	रिलेशनशिप प्रबंधक (एमएसएमई)		10	10	5	25
7	जोखिम प्रबंधन		5	5	3	13
8	ट्रेजरी (डीलर)		5	5	1	11
9	फोरेक्स अधिकारी		5	5		10
10	डिजिटल मार्केटिंग			3	1	4
	कुल	41	33	46	26	146

आवेदन की तिथियाँ	
अभ्यर्थी द्वारा आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण एवं आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार (ऑनलाइन) का भुगतान	12/03/2024 से 01/04/2024

विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in के 'करियर' पेज पर जाएं।
स्थान : चेन्नै दिनांक : 12.03.2024 महाप्रबंधक (मासंवि / एचआर स्ट्रेटेजी)

www.readwhere.com

यीडा की बोर्ड बैठक में करीब दस हजार करोड़ रुपए का बजट मंजूर

नोएडा हवाई अड्डे के पास महंगा हुआ आशियाना

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 12 मार्च।

जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की बदौलत पिछले तीन वित्त वर्षों के दौरान यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) का बजट 5 गुना से ज्यादा बढ़ हो गया है। मंगलवार को यमुना प्राधिकरण के बोर्ड ने करीब 10 हजार करोड़ रुपए का बजट पास किया है। एक वक्त ऐसा भी था, जब राज्य सरकार यमुना प्राधिकरण को ग्रेटर नोएडा में समाहित करने की योजना तैयार कर रही थी। वित्त वर्ष 2022-23 में बजट 1,950 करोड़ रुपए था। जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 5,629 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। अब अगले 2024-25 के लिए बजट 9,992 करोड़ रुपए हो गया है।

यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले करीब दो गुना है। वहीं, जेवर में बन रहे नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के चलते जमीन की बढ़ती मांग के चलते सभी श्रेणियों के आबंटन में 5.14 फीसद की बढ़ोतरी कर दी गई है। आवासीय भूखंडों की आबंटन दरें 24600 रुपए थीं इन्हें बढ़ाकर 25900 रुपए कर दिया गया है। वहीं अभी तक बिल्डरों को जमीन लेने के लिए 30750 रुपए से आगे बोली लगानी पड़ रही थी। अब न्यूनतम बोली दर 32375 रुपए कर दी गई है। साथ ही पहली बार ट्रांसपोर्ट आबंटन की दर निर्धारित की है। बढ़ी हुई दर एक अप्रैल से लागू होगी।

यीडा अध्यक्ष अनिल सागर की अध्यक्षता में हुई बोर्ड बैठक में 13 प्रस्तावों को मंजूर किया गया। बजट में सबसे ज्यादा राशि 6,063 करोड़ रुपए भूमि अधिग्रहण के मद में रखी गई है। आगामी विकास योजनाओं के लिए बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा और आगरा में जमीन खरीदी जानी हैं। निर्माण व विकास कार्यों के लिए दो हजार करोड़, अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए 702 करोड़ निर्धारित किए गए हैं। ट्रांसपोर्ट के लिए 51,800 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर तय की गई है। मेडिकल डिवाइस पार्क की आबंटन दर में भी पांच फीसद का इजाफा किया है।

5.14 फीसद बढ़ी आबंटन दर, हवाई अड्डे ने बढ़ाई जमीन की मांग

51 हजार 800 रुपए प्रति वर्ग मीटर की दर ट्रांसपोर्ट आबंटन के लिए निर्धारित

शून्यकाल का लाभ खरीदारों को दें भवन निर्माता

प्राधिकरण ने बोर्ड बैठक में यह भी फैसला लिया है कि शून्य काल का जो फायदा भवन निर्माता को होगा, वही खरीदारों को भी होना चाहिए। भवन निर्माता को 01.04.2020 से 31.03.2022 तक की अवधि में मिले अनुमन्य छूट खरीदारों को भी दी जाए।

फिल्म सिटी का आबंटन पत्र योगी ने बोनी कपूर को सौंपा

यमुना एक्सप्रेस-वे शहर में अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी का आबंटन पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में बोनी कपूर को जारी किया। जेवर में निर्माणाधीन हवाई अड्डे के पास बनने वाली फिल्म सिटी की वैश्विक निविदा में कई बड़ी कंपनियों ने आवेदन किए थे। गत 26 दिसंबर को इसकी तकनीकी बिड और 27 दिसंबर को वित्तीय निविदा खुली।

जमीन खरीदने की आधी रकम ब्याज मुक्त देने की मांग

यीडा ने भूमि बैंक बढ़ाने के लिए अपनी परियोजनाओं, सेक्टर- 10, 7, 5, 6, 8, 9, 4ए, 5ए, टप्पल-बाजना अर्बन सेंटर और सेक्टर 28, 29, 32 की अवशेष भूमि के अधिग्रहण के लिए 11,750 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया गया है। जिसमें 50 फीसद धनराशि 5,875 करोड़ रुपए प्रदेश सरकार से ब्याज मुक्त ऋण के रूप में दिए जाने का अनुरोध किया गया। शेष 50 फीसद का प्रबंध प्राधिकरण स्वयं करेगा।

गाजियाबाद से जेवर के लिए रैपिड मेट्रो, 300 करोड़ मंजूर

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 12 मार्च।

गाजियाबाद से जेवर इलाके में निर्माणाधीन नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक के लिए रैपिड मेट्रो को यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को मंजूर किया गया है। बोर्ड बैठक में मल्टी माडल कनेक्टिविटी के लिए तीन सौ करोड़ रुपए का प्रस्तावित बजट रैपिड मेट्रो के लिए मंजूर किया गया है।

नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को रैपिड रेल से जोड़ने के लिए एनसीआरटीसी ने फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाकर दो रूट सुझाए थे। एक रूट में दिल्ली के न्यू अशोक नगर और दूसरा रूट गाजियाबाद से हवाई अड्डे तक प्रस्तावित था। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने प्राधिकरणों के साथ आनलाइन बैठक की थी, जिसमें गाजियाबाद से नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक रैपिड रेल चलाने की मंजूरी दी गई। एनसीआरटीसी की फिजिबिलिटी रिपोर्ट के मुताबिक इस रूट से गाजियाबाद, ग्रेनो वेस्ट, ग्रेटर नोएडा और यीडा क्षेत्र जुड़ जाएगा।

पहला चरण 2031 तक होगा पूरा

गाजियाबाद आरआरटीएस स्टेशन से ग्रेनो वेस्ट और परी चौक के रास्त नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक रैपिड रेल कारिडोर को मंजूरी दी गई है। परी चौक पर नोएडा मेट्रो की एक्वा लाइन के साथ रैपिड रेल मर्ज होगी। इसका निर्माण दो चरण में होगा। पहले चरण में गाजियाबाद और इकोटेक-6 (कासना) के बीच 37.15 किलोमीटर का कारिडोर बनेगा। इसे 2031 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह कारिडोर गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद की करीब 1.1 करोड़ की आबादी को जोड़ेगा। एनसीआरटीसी, गाजियाबाद से नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक रैपिड रेल कारिडोर की विस्तृत कार्य योजना रपट (डीपीआर) तैयार करेगा। इस कारिडोर के प्रारूप (डिजाइन) को इस तरह से तैयार किया जाएगा, ताकि इसमें रैपिड रेल के साथ मेट्रो भी चलाई जा सके।

खबर कोना

ग्रेनो वेस्ट में अतिक्रमण ढहाया, करीब 460 करोड़ रुपए की जमीन कराई मुक्त

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 12 मार्च।

ग्रेनो वेस्ट के सैनी और सुनपुरा गांव में मंगलवार को प्राधिकरण के अधिकारियों ने अवैध अतिक्रमण ढहाया। दोनों गांवों में करीब 460 करोड़ रुपए की कीमत की जमीन मुक्त कराई गई है। सैनी और सुनपुरा गांव में प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कालोनी बसाने का कार्य चल रहा था। प्राधिकरण की तरफ से कई बार चेतावनी भी दी गई थी। मंगलवार को प्राधिकरण की टीम ने गांव पहुंचकर अवैध अतिक्रमण ढहाया। इस जमीन पर प्राधिकरण द्वारा उद्योगों के लिए आबंटन किया जाएगा। जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 12 मार्च।

चोरी की मोटरसाइकिल से रेकी करने के बाद वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सेक्टर-24 पुलिस ने मंगलवार को चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर चोरी की सात मोटरसाइकिल, दो स्कूटी और एक कार बरामद हुई है। गिरोह में शामिल एक नाबालिग को भी पुलिस ने पकड़ा है। आरोपियों की पहचान सेक्टर-22 निवासी आरिफ उर्फ जायमुल, राजेश और अंकित व दिल्ली के कोंडली निवासी अनकेश के रूप में हुई है। बदमाशों के खिलाफ सेक्टर-24 थाने में ही 13 मामले दर्ज हैं।

कोविन पोर्टल की तर्ज पर यू-विन से होगा टीकाकरण पंजीकरण

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 12 मार्च।

कोविड के दौरान कोविन पोर्टल के माध्यम से लोगों को टीकाकरण कराने के लिए आनलाइन पंजीकरण की सुविधा प्रदान की गई थी। उसी की तर्ज पर अब 'यू-विन' पोर्टल पर शून्य से पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों एवं गर्भवती को टीके लगवाने के लिए टीकाकरण केंद्रों की जानकारी व आनलाइन पंजीकरण की सुविधा दी जाएगी। टीका लगवाने के बाद उन्हें डिजिटल प्रमाण पत्र भी पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होगा। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील कुमार शर्मा ने दी।

तीसरे साल लगातार ग्रेनो की बिजली वितरण कंपनी को ए प्लस 'रेटिंग'

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 12 मार्च।

ग्रेनो में विद्युत वितरण करने वाली नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड ने ऊर्जा मंत्रालय की ओर 12वें वार्षिक समेकित 'रेटिंग' और ऊर्जा वितरण उपयोगिताओं की उच्चतम 'रेटिंग ए प्लस' हासिल की है। एनपीसीएल उत्तर प्रदेश में एकमात्र डिस्काम है, जिसे उच्चतम 'ए प्लस रेटिंग' हासिल हुई है। मैकिन्से एंड कंपनी द्वारा और पावर फाइनेंस कारपोरेशन की देखरेख में तैयार की गई इस रिपोर्ट को ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार ने जारी किया है।

अपनी भाषाओं के सेनापति हैं पुरस्कृत रचनाकार : माधव कौशिक

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 मार्च।

साहित्य अकादेमी के 'साहित्योत्सव' के दूसरे दिन 24 भारतीय भाषाओं के लेखक पुरस्कृत हुए। कमानी सभागार में हुए साहित्य अकादेमी पुरस्कार अर्पण 2023 की मुख्य अतिथि प्रतिभा राय ने कहा कि साहित्य सभी को जोड़ता है। अन्य की तरह वह विभाजन की बात कभी नहीं करता। इसलिए लेखन हमेशा सार्वभौमिक होता है और विभिन्न बदलावों के दौर में भी अपनी चमक नहीं खोता।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए साहित्य अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने कहा कि पुरस्कृत सभी रचनाकार अपनी-अपनी भाषाओं के सेनापति हैं और वे केवल सृजन नहीं करते बल्कि संरक्षण भी करते हैं। वर्तमान समय में जो भी खूबसूरती या कहीं इंसानियत नजर आती है, उसके पीछे साहित्यकारों का ही सृजनात्मक परिश्रम है। आम आदमी के प्रवक्ता साहित्यकार

को हमेशा अंगारों पर ही चलना पड़ता है। साहित्य अकादेमी के सचिव के श्रीनिवासराव ने कहा कि लेखक ज्ञान की अनमोल संपत्ति हम तक पहुंचाकर हमें समृद्ध करते हैं। संजीव को हिंदी में तो नीलम सरन गौड़ को अंग्रेजी के लिए पुरस्कृत किया गया। साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा ने कहा कि इस मंच पर आज भारतीय साहित्य का स्वाभिमान सौंदर्य और गरिमा एक साथ देखे जा सकते हैं। साहित्य अखंड होता है और आने वाले समाज के लिए मनुष्यता की राह बनाता है।

गाजियाबाद पासपोर्ट कार्यालय में रिश्वत लेने का आरोप

पांच कर्मचारियों के खिलाफ सीबीआइ ने दर्ज किया भ्रष्टाचार का मामला

नई दिल्ली, 12 मार्च (भाषा)।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने पासपोर्ट आवेदकों के लंबित मुद्दों के समाधान के लिए रिश्वत मांगने के आरोप में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद के पांच कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एजंसी ने मामले में वरिष्ठ पासपोर्ट सहायकों और पासपोर्ट सहायकों रवि किशन, चंद्रकांत, पवन शर्मा और जंदैल सिंह और मुजफ्फरनगर के बिचौलिए फरहान गौड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एजंसी ने प्राथमिकी दर्ज करने के बाद कई शहरों में तलाशी ली। सीबीआई को जानकारी मिली थी कि जिन आवेदकों के आवेदन लंबित थे, उनकी पुलिस सत्यापन

आवेदकों के लंबित मुद्दों के समाधान के लिए रिश्वत मांगने का आरोप, एजंसी ने प्राथमिकी दर्ज कर कई शहरों में ली तलाशी।

रिपोर्ट भेजने, दस्तावेजों की स्कैनिंग, पासपोर्ट की छपाई और प्रेषण के लिए बिचौलिया क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, गाजियाबाद में कार्यरत अधिकारियों से संपर्क करता था।

बदले में गौड ने कथित तौर पर विभिन्न भुगतान माध्यम का इस्तेमाल करके आरोपी पासपोर्ट अधिकारियों को अवैध रूप से रकम का भुगतान किया। सीबीआइ के प्रवक्ता ने कहा कि यह आरोप लगाया गया कि 14 जून, 2022 से दो जुलाई, 2023 के दौरान, आरोपी व्यक्ति ने पासपोर्ट आवेदकों के मुद्दों को हल करने के लिए 1.57 लाख रुपये की रिश्वत ली। प्राप्त की गई कथित राशि, उसके द्वारा यूपीआई के माध्यम से आरोपी पासपोर्ट अधिकारियों और उनके परिवार के सदस्यों, दोस्तों, ज्ञात व्यक्तियों के बैंक वॉलेट और बैंक खातों में विभिन्न लेनदेन के माध्यम से अंतरित की गई थी।

महिला हस्तियों को शक्ति सम्मान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 मार्च।

गांधी शांति प्रतिष्ठान में भारतीय महिला शक्ति सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इसमें वक्ताओं ने भारतीय महिलाओं की शक्ति का सही आकलन करने की मांग की गई।

दुनिया भर में महिलाओं के लिए महान आदर्श के रूप में शुमार की जाने वाली सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न देने की मांग की गई। अतुल कुमार प्रभाकर की अध्यक्षता में हुए समारोह में विभिन्न राज्यों की विभिन्न विधाओं में उल्लेखनीय कार्यों के लिए तीस महिलाओं को सम्मानित किया गया। पूर्वोत्तर साहित्य के लिए नूतन पांडेय को सम्मानित किया गया। अश्रुतपूर्वा डाट काम की संस्थापक सांत्वना श्रीकांत भी सम्मानित हुई।

कदाचार के आरोपी दो अधिकारियों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति के दिए आदेश

नई दिल्ली, 12 मार्च (भाषा)।

दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार ने 'घोर कदाचार' के आरोपी दिल्ली प्रशासन अधीनस्थ सेवा (डीएएसएस) कैडर के दो अधिकारियों की 'अनिवार्य सेवानिवृत्ति' का आदेश दिया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने अपने लिखित बयान और अभ्यावेदन में आरोपों से किया था इनकार।

उन्होंने कहा कि आरोपी अधिकारियों की अनिवार्य सेवानिवृत्ति के लिए केंद्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण और अपील) नियम, 1965 के प्रावधानों के तहत मुख्य सचिव द्वारा आठ मार्च को अलग-अलग आदेश जारी किए गए थे। डीएएसएस के ग्रेड-एक के आरोपी अधिकारियों पर 2012 में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक (प्रवर्तन) के रूप में काम करते हुए 'घोर कदाचार' करने का आरोप लगाया गया था।

अधिकारियों ने बताया कि उन पर 24 अगस्त 2012 को करोल बाग में एक व्यावसायिक परिसर का 'अनधिकृत' निरीक्षण का आरोप लगाया गया था। अधिकारियों ने अपने लिखित बयान और अभ्यावेदन में अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया था। 15 अक्तूबर 2012 को कथित अनधिकृत निरीक्षण और रिश्वत की मांग के संबंध में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने एक मामला दर्ज किया था।

ग्रेनों में दोस्त की डंडे से पीट कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 12 मार्च।

सेक्टर 36 में निर्माणाधीन स्थल पर बतौर मुनीम का काम करने वाले कृष्णपाल की उसके दोस्त धर्मेंद्र ने ही सिर में डंडा मारकर हत्या कर दी। आरोपी को शक था कि कृष्णपाल का उसकी साली से संबंध है। घटना के 12 घंटे के अंदर थाना बीटा टू पुलिस ने धर्मेंद्र को एच्छर गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त डंडा, मोबाइल और जैकेट बरामद की गई है।

घटना के 12 घंटे के अंदर पुलिस ने आरोपी को एच्छर गांव के पास से दबोच लिया।

थाना बीटा प्रभारी मुनेंद्र कुमार के मुताबिक बुलंदशहर निवासी कृष्णपाल सेक्टर-36 में एक कंपनी में विगत पांच महीने से मुनीम के रूप में नौकरी कर रहा था। उसके बच्चे व पत्नी बुलंदशहर में रहते हैं। निर्माणाधीन स्थल पर ही कानपुर का रहने वाला धर्मेंद्र भी रहता था। दोनों में पांच महीने से दोस्ती थी। धर्मेंद्र के साथ उसकी साली भी रहती थी। आरोप है कि कृष्णपाल धर्मेंद्र की साली से बातचीत किया करता था। जिसके चलते धर्मेंद्र को शक हुआ कि कृष्णपाल का उसकी साली से संबंध हैं। इसी बात को लेकर सोमवार रात दोनों के बीच कहासुनी हुई। उस समय लोगों ने मामला शांत करा दिया। बाद में धर्मेंद्र ने कृष्णपाल की डंडे से वार कर हत्या कर दी।

पहल एमसीडी के नए आधुनिक कचरापट्टी स्थल का उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

दिल्लीवालों को अब परेशान नहीं करेगी राख

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 12 मार्च।

दिल्ली नगर निगम के नए इंजीनियर्ड कचरापट्टी स्थल की मंगलवार को शुरुआत हो गई। इसके शुरू होने से प्रदूषण से राहत मिलेगी और दिल्ली साफ व स्वच्छ बनेगी। स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नगर निगम का यह एक बड़ा कदम है। इससे कूड़े के पहाड़ों को जल्द खत्म करने में भी मदद मिलेगी।

मंगलवार को उपराज्यपाल विनय सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इंजीनियर्ड कचरापट्टी स्थल का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि इस आधुनिक प्लांट में कूड़े के निस्तारण के बाद निकली राख को डालने की व्यवस्था होगी। केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना के साथ ओखला तेहखंड में नगर निगम के नए इंजीनियर्ड कचरापट्टी स्थल की शुरुआत की। इस प्लांट में कूड़े के निस्तारण के बाद निकली राख को प्रोसेस करने की व्यवस्था होगी। जिसके लिए 15 एकड़ जमीन को विकसित किया गया है।

कूड़े के पहाड़ों को कम करने में मिलेगी मदद

इंजीनियरिंग कचरापट्टी स्थल से कूड़े के पहाड़ों को कम करने में मदद मिलेगी। अभी तक राख को कूड़े के पहाड़ों पर फेंका जाता था। लेकिन अब राख को इंजीनियरिंग कचरापट्टी स्थल पर डाला जाएगा।

उल्लेखनीय है कि इस कचरापट्टी स्थल को आइआइटी दिल्ली की मदद से तैयार किया गया है। इसको तैयार करने में 42.31 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। ओखला के तेहखंड में 15.47 एकड़ में स्थल बनाया गया है। इसमें वेस्ट टू एनर्जी प्लांट से निकली हुई राख को निस्तारित किया जाएगा। राख को डालने के लिए एमसीडी को 300 रुपए प्रति टन के हिसाब से राशि मिलेगी। यहां रोजाना करीब 500 टन राख डाली जाएगी।

दिल्ली की 645 सरकारी इमारतों पर लगाए जाएंगे सौर ऊर्जा संयंत्र

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली ,12 मार्च ।

सौर ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए दिल्ली सरकार और नगर निगम की 500 वर्गमीटर से बड़ी 645 इमारतों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएंगे। ऊर्जा मंत्री आतिशी ने मंगलवार को सरकारी इमारतों पर 'रूफटाप' सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने की परियोजना को मंजूरी दे दी। इन भवनों में शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र, डीटीएल सब स्टेशन आदि शामिल होंगे।

ऊर्जा मंत्री आतिशी ने दी परियोजना को मंजूरी।

आतिशी ने बताया कि सरकारी इमारतों पर यह संयंत्र लगाने की पहल केजरीवाल सरकार की दिल्ली सौर ऊर्जा नीति का हिस्सा है। इसके साथ हमारा नजरिया राजधानी में सौर ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देना है। इन परियोजनाओं के साथ हमारा लक्ष्य दिल्ली में बिजली की बढ़ती खपत के बावजूद, 2027 तक शहर की कुल ज़रूरत की 25 फीसद बिजली सौर ऊर्जा के संयंत्र से पैदा की जाए। उन्होंने बताया कि परियोजना से सरकारी इमारतों को अपनी बिजली की ज़रूरतों को स्वयं पूरा करने में मददगार बनेगा। पैसों की बचत के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होगा। उन्होने बताया कि सभी संयंत्रों की कुल क्षमता 50 मेगावाट होगी। उन्होंने कहा कि, 29 जनवरी, 2024 को कैबिनेट द्वारा पारित दिल्ली सोलर नीति को भारत में सबसे अच्छी और सबसे प्रगतिशील नीति में से एक के रूप में देखा जा रहा है। यह नीति सौर ऊर्जा के रूप में ग्रीन एनर्जी के उत्पादन को बढ़ावा देगी।

www.readwhere.com

महा मेट्रो

PUNE METRO

महाराष्ट्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि.

(भारत सरकार एवं महाराष्ट्र शासन का संयुक्त उपक्रम)

पुणे मेट्रो रेल परियोजना

महा मेट्रो, ब्लाक नं. ए 3, फूड ग्रेन गोडाऊन, दिवाणी न्यायालय के पास कामगार पुतला वसाहत से आगे, शिवाजीनगर, पुणे 411005

ई-मेल : tenders.pmrp@mahametro.org

संकेतस्थळ : www.punemetrorail.org टेलि. : 020-26051074

निविदा सूचना सं. P1-IT-04/2024 दि. 12/03/2024

कार्य का नाम : मेट्रो भवन, पुणे में टेलिकॉम प्रणाली का आरेखन, आपूर्ति, संस्थापना, परीक्षण तथा कार्यान्वयन

निविदा सूचना देखने हेतु इच्छुक बोलीकर्ता **www.punemetrorail.org** भेंट करें अथवा निविदा दस्तावेज़ डाऊनलोड करने हेतु तथा अधिक जानकारी **दि. 13/03/2024, 15:00 बजे से दि. 15/04/2024, 15:00 बजे तक** ई-निविदा पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** पर भेंट करें।

कार्यकारी निदेशक (खरेदी एवं करार)
महाराष्ट्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लि.

Pune Metro : City's Transport Solution

SBI

ऋणग्रस्त परिसंपत्तियां वसूली शाखा–II स्टेट बैंक भवन, (शाखा कोड 51521)
तृतीय एवं चतुर्थ तल, 18/4 आर्य समाज रोड, करोल बाग, नई दिल्ली – 110005
दूरभाष : 011–28752163, फैक्स : 28755674, ई–मेल : sbi.51521@sbi.co.in

[नियम 8(1)] अधिग्रहण सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता ने भारतीय स्टेट बैंक, एसबीआई भवन, चतुर्थ तल, 18/4 आर्य समाज रोड, करोल बाग, नई दिल्ली के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का अधि. सं. 54) के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, एक मांग सूचना दिनांकित 05–01–2024 निर्गत की थी, जिसमें ऋणधारक / गारंटरों श्री मदन लाल एवं श्रीमती मीना अनेजा को सूचना में अंकित राशि रु. 19,06,706.44/– (रुपये उन्नीस लाख छह हजार सात सौ छह एवं चौवालीस पैसे मात्र), 05.01.2024 के अनुसार, का उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर, प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

चूंकि ऋणधारक/गारंटर निर्धारित बकाया राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद्द्वारा ऋणधारक/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने यहां इसमें निम्न विवरणित संपत्ति का, प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों के प्रयोगांतर्गत, 12 मार्च 2024 को, अधिग्रहण कर लिया है।

ऋणधारक/गारंटर को विशेष रूप में तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सामान्य रूप में सावधान किया जाता है कि संपत्ति का लेन–देन न करें तथा संपत्ति का कोई व किसी भी प्रकार का लेन–देन, रु. 19,06,706.44/– (रुपये उन्नीस लाख छह हजार सात सौ छह एवं चौवालीस पैसे मात्र), 05.01.2024 के अनुसार, तथा राशि पर नियत भावी ब्याज एवं आकस्मिक शुल्कों, इत्यादि हेतु, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिवसों के अंदर, भारतीय स्टेट बैंक, एसबीआई भवन, चतुर्थ तल, 18/4 आर्य समाज रोड, करोल बाग, नई दिल्ली के प्रभाराधीन होगा।

ऋणधारक का ध्यान, प्रतिभूत परिसंपत्तियों के मोचनार्थ उपलब्ध समय के संदर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उप–धार (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण :–

छताधिकारों के साथ संपूर्ण प्रथम एवं द्वितीय तल, संपत्ति सं. 97 पर निर्मित स्वामित्वधारक संपत्ति का भाग जो पॉकेट–13, सेक्टर–24, रोहिणी, नई दिल्ली–110085 में स्थित है, जिसका अधिमापन 32.00 वर्ग मीटर है।

दिनांक : 12–03–2024, स्थान : नई दिल्ली **प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक**

कार्यालय वसूली अधिकारी – II
ऋण वसूली अधिकरण देहरादून
पारस टॉवर, द्वितीय तल, माजरा निरंजनपुर, सहारनपुर रोड, देहरादून

मांग सूचना

ऋण वसूली एवं दिवालिया अधिनियम 1993 की धारा 25 से 28 तथा आय कर अधिनियम 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 2 के अंतर्गत सूचना।

आरसी/673/2023 **15–02–2024**

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया विरुद्ध मैसर्स ईएसएस ईएसएस ट्रेडिंग कंपनी एवं अन्य

प्रति,

(सीडी 1) मैसर्स ईएसएस ईएसएस ट्रेडिंग कंपनी कार्यालय, 24/12, कमलनाथ विहार, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश। (सीडी 2) सुरेंद्र सिंह राणा पुत्र श्री राजपाल राणा पता 24/12, कमलनाथ विहार, लेबर कॉलोनी, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश। (सीडी 3) जीतेन्द्र राणा पुत्र श्री चौपाल सिंह, निवासी 330, आवास विकास कॉलोनी, दिल्ली रोड, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश। (सीडी 4) शक्ति सिंह पुत्र श्री जल सिंह, निवासी ए–11, ब्रिजेश नगर, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश। (सीडी 5) मनविंदर सिंह पुत्र श्री योगेन्द्र सिंह, निवासी ए–1791–415–सी, चंदर नगर, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

यह अधिसूचित किया जाता है कि टीए/35/2019 में ऋण वसूली अधिकरण देहरादून के पीठासीन अधिकारी द्वारा पारित आदेशों के क्रम में जारी वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार, रु. 18,99,007.00 (रुपये अट्ठारह लाख निन्यानबे हजार सात मात्र) की एक राशि पेंडेंटलाइट और भविष्य के ब्याज 11.00: वार्षिक की साधारण ब्याज दर के साथ, 07/07/2008 से प्रभावी होकर वसूलीकरण तक, और लागत रु. 78,000.00 (रुपये अट्ठहत्तर हज़ार मात्र) की एक राशि, आपके विरुद्ध (संयुक्त रूप में और अलग–अलग रूप में / पूरी तरह से / सीमित) देय हो गई है। 2. आपको सूचना प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर उपरा. क्त राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया जाता है, अन्यथा बैंक एवं वित्तीय संस्थानों को देय ऋणों की वसूली अधिनियम 1993 और उसके तहत विरचित नियमों के अनुसार वसूली की जाएगी। 3. आपको सुनवाई की अगली तिथि पर या उससे पहले एक शपथपत्र पर अपनी परिसंपत्तियों के विवरण घोषित करने का आदेश दिया जाता है। 4. आपको आगे की कार्यवाहियों के लिए 03/05/2024 को प्रातः 10:30 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया जाता है। 5. उपरोक्त राशि के अतिरिक्त, आप इन राशियों का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी होंगे : (क) इस प्रमाणपत्र / निष्पादन कार्यवाहियों की इस सूचना के तुरंत बाद आंरभ होने वाली अवधि के लिए देय ऐसे ब्याज। (ख) इस सूचना और वारंट की सेवा के संबंध में किए गए सभी लागत, शुल्क और व्यय और देय राशि की वसूली के लिए की गई अन्य सभी कार्यवाही। दिनांक 15/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा ट्रिब्यूनल के कार्यालय द्वारा निर्गत।

वसूली अधिकारी –II, ऋण वसूली अधिकरण देहरादून

एल एफ एल NFL

नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड

(भारत सरकार का उपक्रम)
नंगल यूनिट, नया नंगल–140 126 (पंजाब)
फोन नं. :01887-220568 | फैक्स नं. :220541

दिनांक : 13.03.2024

निविदा सूचना

निम्नलिखित के लिए ई–टेंडर और जीईएम पोर्टल के माध्यम से खुली निविदा के आधार पर दो भाग बोली प्रणाली में ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:

क्र. सं.	टेंडर नं.	विवरण	ईएमडी राशि	अनुमानित लागत	निविदाएं जमा करने और तकनीकी बोलियां खोलने की अंतिम तिथि और समय
1.	पीएन/एसएस/2021/7	शंटिंग लोकोमोटिव की खरीद।	रु. 1.00 लाख	रु. 252.00 लाख	जीईएम शेड्यूल के अनुसार
2.	एनएफएल/पीएन/एसपी एक्स/2023/195	उच्च दक्षता ट्रे आदि सहित पूर्ण यूरिया संश्लेषण रिएक्टर की खरीद।	रु. 1.00 लाख	रु. 45.71 करोड़	ई–टेंडर बोली के अनुसार अनुसूची

अधिक जानकारी और कार्य के दायरे आदि के लिए कृपया वेबसाइट देखें: www.nationalfertilizers.com, https://gem.gov.in और https://etenders.gov.in/eprocure/app इस निविदा में कोई भी अन्य संशोधन/शुद्धिपत्र केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर प्रदर्शित किया जाएगा। विक्रेताओं को उपरोक्त वेबसाइटों पर नियमित रूप से जाने की सलाह दी जाती है।

उप महाप्रबंधक (सामग्री)

केनरा बैंक Canara Bank

लाजपत नगर शाखा
दिल्ली–110024

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि केनरा बैंक की **लाजपत नगर शाखा** के साथ कई लॉकर लॉकर धारकों द्वारा खोले गए हैं और जिनके संबंध में लॉकर समझौते गायब हैं और साथ ही, लॉकर धारक पिछले लॉकर का संचालन नहीं कर रहे हैं। वर्षों की संख्या या लॉकर शुल्क के बकाया का भुगतान नहीं कर रहे हैं।

क्र. नं.	लॉकर धारक का नाम	लॉकर नं.	पता	लॉकर किराया देय से	अंतिम संचालन	बकाया राशि
1	बीबी देवी	738	जी 1366 चितरंजन पार्क नई दिल्ली 110019	2019	30.07.07	17700
2	सुरिंदर मोहिन्द्रू	1230	688 औद्योगिक क्षेत्र लुधियाना	2019	29.03.2005	17700
3	संतोष असलम	1240	31 राष्ट्रीय उद्यान लाजपत नगर	2007 से संचालित नहीं	13.02.2007	शून्य
4	संगीता	1217	क्वार्टर नं. 25 टाइप III सेक्टर II सादिक नगर नई दिल्ली 110049	2019	08.04.2019	17543/-
5	रमिंदर कौर अरोड़ा	1238	बी 25 ग्रेटर कैलाश एन्क्लेव II नई दिल्ली 110048	2011 से संचालित नहीं	21.09.2011	शून्य

कुछ मामलों में लॉकर धारक का स्वर्गवास होने का पता चला है। इस सूचना के द्वारा, एतद्द्वारा सभी इच्छुक व्यक्तियों को यह अधिसूचित किया जाता है कि वे इस सूचना के 15 दिन की अवधि के भीतर संबंधित शाखाओं में लॉकर के संबंध में पुष्ट प्रमाण जैसेकि पासपोर्ट, आधार कार्ड और निवास का प्रमाण इत्यादि के साथ पधारें, लॉकर की बकाया राशि अदा करें तथा नया लॉकर एग्रीमेंट करें अथवा अपना सामान निकालें। यदि किसी लॉकर के संबंध में कोई जवाब प्राप्त नहीं होता है, तो बैंक लॉकर शुल्क के बकाया की वसूली के लिए आगे की कार्रवाई के लिए विवश होगा। लॉकर शुल्क के बकाया की वसूली के लिए लॉकर की सामग्री पर अपना ग्रहणाधिकार निष्पादित करते समय इसकी सामग्री को अलग रखें।

दिनांक: 12.03.2024 स्थान: नई दिल्ली शाखा प्रबंधक

ऋण वसूली अधिकरण देहरादून
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएं विभाग
दूसरी मंजिल, पारस टावर, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड 248171
वसूली अधिकारी-II, डीआरटी, देहरादून के समक्ष

बिक्री उद्घोषणा

नीलामी की तिथि : 30.04.2024 को 01.00 बजे अप. से 02.00 बजे अप.

(समय-समय पर यथासंशोधित ऋण वसूली तथा दिवालिया अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम 1961 की दूसरी अनुसूची के नियम 52(2) के तहत बिक्री उद्घोषणा)

आरसी नं. 315/2022

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बनाम रोहताश सिंह एवं अन्य

सेवा में,

(सीडी 1) रोहताश सिंह पुत्र श्री राम सिंह निवासी ग्राम चौकी खैरातसिल धनौरा, जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश।
(सीडी 2) कौशल पाल सिंह पुत्र श्री रामपाल सिंह निवासी ग्राम दलियाभूर गजरौला, जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश।

प्रमाणपत्र देनदार

जबकि रिकवरी सर्टिफिकेट के अनुसार देय रु. 61,59,544/- तथा पेंडेंटलाइट और भावी ब्याज के साथ ओए दाखिल करने की तारीख यानी 13.09.2021 से इसकी वसूली तक 10.45% प्रति वर्ष की दर से साधारण ब्याज एवं लागत और शुल्क की वसूली के लिए पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली ट्रिब्यूनल, देहरादून द्वारा ओ.ए. 410/2021 में रिकवरी सर्टिफिकेट दिनांक 18.10.2022 तैयार किया गया है।

जबकि माननीय पीठासीन अधिकारी ने वसूली प्रमाणपत्र के अनुसार ब्याज, लागत, शुल्क और व्यय की वसूली के लिए प्रमाणपत्र देनदारों से वसूली के लिए उपरोक्त वसूली प्रमाणपत्र को अधोहस्ताक्षरी को भेज दिया है। और जबकि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त वसूली प्रमाणपत्र की संतुष्टि में संलग्न अनुसूची में उल्लिखित बंधक संपत्ति की बिक्री का आदेश दिया है।

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि, किसी भी स्थगन आदेश के अभाव में, उक्त संपत्ति ई-नीलामी द्वारा बेची जाएगी और बोली मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड /ऑक्शन टाइगर की वेबसाइट **https://drt.auctiontiger.net** के माध्यम से 'ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक बोली' के माध्यम से 30.04.2024 को 01:00 बजे अप. से 02:00 बजे अप. के बीच यदि जरूरी हुआ तो 02:00 बजे के बाद 5 मिनट की अवधि के विस्तार के साथ की जायेगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: वसूली अधिकारी कार्यालय, ऋण वसूली अधिकरण, देहरादून संपर्क नंबर 0135 -2974077 और संपत्ति निरीक्षण के लिए श्री विनय कुमार, प्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, गजरौला शाखा, उत्तर प्रदेश से संपर्क करें। बिक्री उपरोक्त प्रतिवादी/सीडी की संपत्ति की होगी जैसा कि नीचे दी गई अनुसूची में बताया गया है और उक्त संपत्ति से जुड़ी देनदारियां और दावे, जहां तक उनका पता लगाया गया है, प्रत्येक लॉट/संपत्ति के खिलाफ अनुसूची में निर्दिष्ट हैं।

अनुसूची में निर्दिष्ट अनुसार संपत्ति को बिक्री के लिए रखा जाएगा। यदि वसूली प्रमाण पत्र में उल्लिखित कुल राशि, उसमें उल्लिखित ब्याज और लागत (बिक्री की लागत सहित) के साथ नीलामी आयोजित करने वाले अधिकारी को प्रस्तुत की जाती है या इस संतुष्टि के लिए प्रमाण दिया जाता है कि ऐसे प्रमाणपत्र की राशि, ब्याज और लागत का भुगतान अधोहस्ताक्षरी को कर दिया गया है तो नीलामी बोली समाप्त होने से तुरंत पहले बिक्री रोक दी जाएगी। बिक्री पर, जनता को आम तौर पर पोर्टल **https://drt.auctiontiger.net** पर बोली लगाने के लिए आमंत्रित किया जाता है। कोई भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति, जिसके पास बिक्री के संबंध में कोई कर्तव्य है, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बोली लगाने, अधिग्रहण करने या बेची गई संपत्ति में कोई हित हासिल करने का प्रयास नहीं करेगा। बिक्री आयकर अधिनियम, 1961 की दूसरी अनुसूची में निर्धारित शर्तों और ऋण वसूली और शोधन अक्षमता अधिनियम, 1993 की धारा 25 और 29 के साथ पठित नियमों और आगे की निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:

1. संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी के सूचना के अनुसार सत्य कहे गये हैं किन्तु अधोहस्ताक्षरी इस सूचना में किसी त्रुटि, गलतबयानी या विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
2. संपत्तियों को यहां निर्धारित आरक्षित मूल्य से नीचे नहीं बेचा जाएगा।
   (क) इच्छुक बोलीदाताओं को पैन कार्ड, पहचान प्रमाण, पता प्रमाण आदि दस्तावेजों के साथ और कंपनी के मामले में, कंपनी के बोर्ड सदस्यों द्वारा पारित प्रस्ताव की प्रति या प्रतिनिधित्व/अटॉर्नी का दावा करने वाले या किसी अन्य दस्तावेज के साथ 26.04.2024 को शाम 4:00 बजे से पहले रिकवरी ऑफिसर, डीआरटी, देहरादून के कार्यालय में ईएमडी जमा करना आवश्यक है और उसके बाद 30.04.2024 को 01:00 बजे अप. से 02:00 बजे अपराह्न तक आयोजित होने वाले ई-नीलामी में भाग लेने के लिए पात्र होंगे। यदि नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में बोली लगाई जाती है, तो समापन समय स्वचालित रूप से 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा।
   (ख) ईएमडी केवल 'वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, देहरादून' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, द्वितीय तल, पारस टॉवर, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून के कार्यालय में जमा की जाएगी।
   (ग) ई-नीलामी की प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रासंगिक विवरण संभावित बोलीदाताओं/प्रतिभागियों और आम जनता की जानकारी के लिए यहां प्रस्तुत किए गए हैं।
   सेवा प्रदाता का नामः ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजी लिमिटेड
   सेवा प्रदाता का पोर्टलः **https://drt.auctiontiger.net**
   हेल्पलाइन नंबरः +91 -79-68136880/881/837/842, 09265562821, 09265562818, 09265562819
   सेवा प्रदाता की ईमेल आईडीः **support@auctiontiger.net**
   ई-नीलामी का पोर्टलः **https://drt.auctiontiger.net**

(घ) ई-नीलामी हेतु अनुसूची निम्नलिखित है :

नीलामी की तिथि : 30.04.2024 (01:00 बजे अप. से 02:00 बजे अप.)
बोली की अन्तिम तिथि : 26.04.2024 (04:00 बजे अप. तक)

लॉट नं.	आरक्षित मूल्य	ईएमडी राशि	बोली वृद्धि राशि
1	रु. 53.13 लाख	रु. 5.32 लाख	रु. 2.50 लाख

(प्रत्येक बार 5 मिनट की अवधि के विस्तार के साथ यदि कोई बोली समापन समय के अंतिम 5 मिनट या नीलामी के ऐसे विस्तारित समय में लगाई जाती है)

3. जिस राशि से बोली बढ़ाई जानी है वह रु. 2,50,000/- होगी। बोली की राशि या बोलीदाता के संबंध में कोई विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में, लॉट को तुरंत दुबारा नीलामी के लिए रखा जाएगा।
4. असफल बोलीदाता को ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही बंद होने पर तुरंत वसूली अधिकारी, डीआरटी, देहरादून के कार्यालय से सीधे ईएमडी लेनी होगी।
5. सफल/उच्चतम संविदाकारों को ईएमडी समायोजित करने के पश्चात संविदा/विक्रय राशि के 25% का डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण देहरादून के पक्ष में या चालू खाता सं. 7360878086, इंडियन बैंक, आईएसबीटी देहरादून शाखा, देहरादून, आईएफएससी कोड- **IDIB000D557** में एनईएफटी/आरटीजीएस अगले कार्यदिवस अर्थात 04.00 बजे अप. तक इस अधिकरण के पास जमा करना होगा जिसमें विफल होने पर ईएमडी जब्त कर ली जायेगी।
6. सफल/उच्चतम संविदाकार विक्रय प्रक्रिया की शेष 75% राशि वसूली अधिकारी, डीआरटी, देहरादून के समक्ष वसूली अधिकारी, डीआरटी, देहरादून के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट/पे ऑर्डर चालू खाता सं. 7360878086, इंडियन बैंक, आईएसबीटी देहरादून शाखा, देहरादून, आईएफएससी कोड- **IDIB000D557** में एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से सम्पत्ति की नीलामी की तिथि के 15वें दिन या इससे पूर्व, ऐसे दिन को छोड़कर, अथवा यदि 15वां दिन रविवार या अन्य अवकाश है तो 15वें दिन के पश्चात प्रथम कार्यालयी दिवस पर रु. 1,000 तक 2% की दर से तथा इस राशि के रु. 1000/- से अधिक होने पर 1% की दर से पाउण्डेज शुल्क सहित रजिस्ट्रार, डीआरटी, देहरादून के पक्ष में जमा करेगा। (75% की शेष राशि डाक द्वारा जमा करने के मामले में यह उपर्युक्त के अनुसार वसूली अधिकारी के पास पहुँच जानी चाहिए)।
7. निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री की नई उद्घोषणा जारी होने के बाद संपत्ति को फिर से बेचा जाएगा। यदि अधोहस्ताक्षरी उचित समझे तो बिक्री के खर्च चुकाने के बाद जमा राशि को सरकार के लिए जब्त कर लिया जा सकता है और चूककर्ता क्रेता संपत्ति या उस राशि के किसी भी हिस्से के लिए सभी दावों को खो देगा जिसके लिए इसे बाद में बेचा जा सकता है।
8. उच्चतम बोलीदाता को किसी भी लॉट का क्रेता घोषित किया जाएगा बशर्ते उनके द्वारा प्रस्तावित बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम नहीं हो। यदि उनके द्वारा प्रस्तावित मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त लगे तथा ऐसा करना स्पष्ट रूप से अव्यावहारिक हो तो अधोहस्ताक्षरी स्वेच्छा से उच्चतम बोली को अस्वीकार कर सकते हैं।
9. संपत्ति किसी भी बैंक कार्य दिवस पर अपराह्न 03:00 बजे के बाद संभावित बोलीदाता द्वारा निरीक्षण के लिए खुली रहेगी। सुविधा अधिकारी, श्री विनय कुमार, प्रबंधक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, गजरौला, जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश संभावित बोलीदाताओं द्वारा निरीक्षण के लिए आवश्यक व्यवस्था करेंगे।
10. संपत्ति **"जहां है जैसा है", "जो है यही है" और "जो कुछ भी है वहीं है"** के आधार पर बेची जा रही है। संपत्ति/संपत्तियों पर किसी भी प्राधिकरण का बकाया, यदि कोई हो, बोली राशि के अलावा नीलामी क्रेता/क्रेता द्वारा वहन किया जाएगा।
11. इस स्तर पर अधोहस्ताक्षरी की जानकारी में राजस्व/ऋणभार या संपत्तियों के खिलाफ दावे का कोई अद्यतन विवरण नहीं है। हालाँकि, संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ईएमडी जमा करने से पहले, अपने हित में, बिजली/पानी/हाउस टैक्स बिलों या किसी अन्य बाधा आदि के बकाया के संबंध में स्वयं सावधानी बरतें।
12. सफल बोलीदाता को कन्वीएंस, पंजीकरण शुल्क, स्टांप शुल्क आदि के लिए शुल्क/प्रभार वहन करना होगा।
13. अधोहस्ताक्षरी के पास आयकर अधिनियम, 1961 की दूसरी अनुसूची के प्रावधानों के अधीन किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार करने या अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए बिक्री को स्थगित करने/आस्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।
14. बिक्री वसूली अधिकारी-कक ऋण वसूली अधिकरण, देहरादून द्वारा पुष्टि के अधीन होगी जिसे किसी भी कारण से या बिना कोई कारण बताए रद्द किया जा सकता है।
15. वसूली अधिकारी को किसी भी स्तर पर नीलामी कार्यवाही में संपत्ति का कोई भी हिस्सा जोड़ने या निकालने का अधिकार है।
16. संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी के सूचना के अनुसार सत्य कहे गये हैं किन्तु अधोहस्ताक्षरी इस सूचना में किसी त्रुटि, गलतबयानी या विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

सम्पत्ति की अनुसूची

लॉट नं.	अन्य नामों के साथ जहां सम्पत्ति चूककर्ता या सह-स्वामी के रूप में अन्य व्यक्ति से सम्बन्धित है, बेची जाने वाली सम्पत्ति का विवरण	सम्पत्ति अथवा इसके किसी भाग पर आकलित राजस्व	उस ऋणभार का विवरण जो सम्पत्ति पर बकाया है	दावे, यदि कोई हों, जिसे सम्पत्ति पर किया गया है, तथा इसकी प्रकृति और मूल्य पर कोई अन्य ज्ञात विवरण
1	2	3	4	5
(i)	कृषि भूमि का 1/6 हिस्सा खाता संख्या 26, खसरा संख्या. 2एम, 29एम, 30एम, 33, 42एम, 58, 60एम, 62एम, 75, 103, 105, 119, 150, 151एम, 15, कुल क्षेत्रफल 5.7990 एकड़ में से 0.966 हेक्टेयर क्षेत्रफल, ग्राम चाकी खेड़ा, तहसील धनौरा जिला अमरोहा, उत्तर प्रदेश में स्थित, श्री रोहताश सिंह पुत्र श्री राम सिंह के नाम पर ।	अज्ञात	अज्ञात	अज्ञात

मेरे हस्ताक्षर तथा इस अधिकरण की मुहर सहित देहरादून में 27 फरवरी, 2024 को दी गयी।

वसूली अधिकारी-II, डीआरटी, देहरादून

SBI

भारतीय स्टेट बैंक तनावग्रस्त आस्ति रिकवरी शाखा-I

प्रथम तल, 23, नजफगढ़ रोड, नई दिल्ली-110015, फोनः 25419177, 25412977 ई-मेलः sbi.05169@sbi.co.in

परिशिष्ट IV-क, (नियम 8(6) का परन्तुक देखें) चल/अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल/अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस, आम लोगों को और विशेष रूप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूति – दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित **चल/अचल** सम्पत्तियां जो प्रतिभूत लेनदार के पास दृष्टिबंधक/गिरवी/प्रभारित है, का कब्जा, (प्रतिभूत लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर निम्नवर्णित कर्जदारों/गारंटर्स और बंधककर्ताओं को प्रत्याभूत – दाता (भारतीय स्टेट बैंक) से – प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु नीचे वर्णित दिनांकों को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रिम धनराशि नीचे वर्णित रूपए होगी।

क्र. सं.	कर्जदार(बी)/गारंटर(रों)(जी) का नाम एवं पता	नीलामी के अधीन आवृत्त प्रभारित प्रतिभूति का पता (सम्पत्ति का भौतिक/सांकेतिक कब्जा)	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि (आरक्षित मूल्य का 10%) / वृद्धि राशि	बकाया राशियां जिसकी वसूली हेतु सम्पत्ति बेची जा रही है	संपर्क हेतु व्यक्ति का नाम और नं.	ई-नीलामी की तिथि प्रत्येक 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ	सम्पत्ति का स्थल पर निरीक्षण करने हेतु तिथि एवं समय:
1	**मैसर्स बाला जी सेल्स कॉर्पोरेशन,** खसरा नं. 327ए और 327बी रोहटा पुलिस स्टेशन के पास ग्राम रसूलपुर रोहटा, मेरठ यू.पी. –250002 **श्री वीरेंद्र सिंह पुत्र श्री वेद प्रकाश सिंह (प्रोपराईटर), मैसर्स बाला जी सेल्स कॉर्पोरेशन, खसरा नं. 327ए और 327बी रोहटा पुलिस स्टेशन के पास ग्राम रसूलपुर रोहटा, मेरठ यू.पी.–250002** **श्री वीरेंद्र सिंह पुत्र श्री वेद प्रकाश सिंह,** 217, गगन एन्क्लेव रोहटा रोड, मेरठ, यूपी –250002	साम्यिक बंधक सम्पत्ति खसरा नं. 327ए और 327बी का भाग (कुल क्षेत्रफल 1107.83 वर्ग मी), गाँव रसुलपुर, रोहता पुलिस चौकी के पास, रोहता रोड, जिला मेरठ, यू.पी. में स्थित, चौहद्दी : पूरब में – तारा चंद का पूर्वी प्लॉट 146 फीट, पश्चिम में – सुनीता का 146 फीट प्लॉट, उत्तर में – धर्मपाल का प्लॉट 81.6 फीट और 81.60 फीट रास्ता 10 फीट बाकी पुष्पा का प्लॉट (भौतिक कब्जा बैंक के पास है।)	₹ 40.00 लाख / ₹ 4.00 लाख / ₹ 0.50 लाख	रु. 80,84,355/- दिनांक 05.07.2021 तक और भविष्य का ब्याज एवं प्रभार इत्यादि	श्री रा.के. जामवाल मो. नं. 8595677877 श्री जगपाल सिंह 9810208650	28-03-2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अपरा. 04.00 बजे तक	22-03-2024 अपरा 01.00 बजे से अपरा 04.00 बजे तक

ई-नीलामी हेतु नियम व शर्तें:-

1. ई-नीलामी "जैसा है जहाँ है" तथा "जैसा है जो भी है" के आधार पर ऑन लाईन आयोजित की जायगी। यह नीलामी बैंक वेबपोर्टल **https://ibapi.in & http://www.mstcecommerce.com/ auctionhome/ibapi/index.jsp** के माध्यम से ऑनलाईन संचालित की जायेगी। ऑनलाईन नीलामी बिक्री के अन्तर्गत ई-नीलामी बोली प्रपत्र, घोषणापत्र, समान्य नियम व शर्तें आदि निविदा दस्तावेज **ibapi** के ई-नीलामी प्लेटफार्म **https://ibapi.in & http://www.mstcecommerce.com/auctionhome/ibapi/index.jsp** पर उपलब्ध है
2. अधोहस्ताक्षरकर्ता की सर्वोत्तम जानकारी एवं ज्ञान के अनुसार सम्पत्ति(यों) पर कोई प्रभार नही है। तथापि इच्छूक बोलीदाता(ओं) को, ऋणभार, नीलामी में रखी गयी सम्पत्ति(यों) के स्वामित्व तथा सम्पत्ति(यों) को प्रभावित करने वाले दावों / अधिकारों / बकाया राशियों के संबन्ध में अपनी स्वयं स्वतन्त्र जांच, अपनी बोली प्रस्तुत करने से पूर्व कर लेनी चाहिए। ई-नीलामी विज्ञापन बैंक की किसी भी प्रकार की प्रतिबद्धता/वचनबद्धता निर्मित नही करता है और न ही कोई वचनबद्धता/प्रतिबद्धता या प्रतिनिधित्व करता समझा जायेगा। सम्पत्ति(यों) की बिक्री बैंक को ज्ञात या अज्ञात वर्तमान विद्यमान एवं भावी प्रभारो/ऋणभारो के साथ की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी /प्रतिभूत लेनदार किसी तृतीय पक्ष के दावों / अधिकारों / बकाया राशियों के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा।
3. इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी बंद होने से पूर्व एमएसटीसी के पास प्री-बिड ईएमडी जमा कर सकते हैं। एमएसटीसी के बैंक खाते में भुगतान की प्राप्ति और ई-नीलामी वेबसाइट में इस तरह की जानकारी को अपडेट करने के बाद ही बोलीदाता को प्री-बिड ईएमडी का क्रेडिट दिया जाएगा। बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है और इसलिए बोलीदाताओं को अपने हित में सलाह दी जाती है कि किसी भी अंतिम समय की समस्या से बचने के लिए बोली पूर्व ईएमडी राशि अग्रिम रूप से जमा करें।
4. यह ई-नीलामी वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम- 2002 के अन्तर्गत निर्धारित नियमों/शर्तों के अनुसार की जायेगी।
5. ई-नीलामी के अन्य नियम व शर्ते निम्नलिखित वेबसाईटों **https://ibapi.in** पर प्रकाशित की गई है।

**ध्यान दें: उधारक

कल्पमेधा

मनुष्य की बुद्धि के खिलाफ सबसे बड़ा पाप यह है कि बिना कोई सबूत मिले, किसी बात पर विश्वास कर लिया जाए।

– थामस हक्सले

अनावश्यक आपत्ति

प्रधानमंत्री का अरुणाचल प्रदेश दौरा चीन को खटक गया है। उसने भारत के समक्ष राजनयिक आपत्ति दर्ज कराई कि अरुणाचल में इस तरह भारतीय नेताओं के दौरे से दोनों देशों के बीच चल रहे सीमा विवाद को सुलझाने की कोशिशों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे मामले और उलझ सकते हैं। अरुणाचल प्रदेश चीन का हिस्सा है और वहां भारतीय नेताओं के दौरों को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता। चीन के इस दावे को भारत ने खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय ने फिर दोहराया है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अंग था, है और रहेगा। दरअसल, पिछले हफ्ते शनिवार को प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश में बनी सेला सुरंग राष्ट्र को समर्पित की। असम के तेजपुर से अरुणाचल के तवांग को जोड़ने वाली यह सुरंग हर मौसम में आवागमन की सुविधा प्रदान करेगी। इससे सामरिक महत्त्व के तवांग इलाके तक हर मौसम में भारतीय सैनिकों की आवाजाही आसान हो जाएगी। करीब तेरह हजार फुट की ऊंचाई पर बनी इस सुरंग को दुनिया की सबसे लंबी सुरंग माना जा रहा है। जाहिर है, इससे चीन असहज हो उठा है। तवांग तक भारतीय सैनिकों की पहुंच आसान होने का अर्थ है, चीन को बड़ी सामरिक चुनौती।

चीन लंबे समय से अरुणाचल प्रदेश को दक्षिणी तिब्बत कहते हुए अपना क्षेत्र बताता रहा है। पिछले वर्ष जब उसने भारतीय क्षेत्र की कुछ जगहों को अपने नक्शे में दिखाते हुए उनके नाम बदल दिए थे, तो उनमें अरुणाचल प्रदेश भी शामिल था। चीन ने अरुणाचल का नाम बदल कर जैगनान रख दिया है। इस पर भारत ने उस वक्त भी सख्त नाराजगी जाहिर की थी। कोई भी देश इस तरह किसी दूसरे देश के किसी हिस्से का नाम बदल कर उसे अपने नक्शे में शामिल कर ले, तो इससे अंतरराष्ट्रीय सीमा का कोई अर्थ ही नहीं रह जाएगा। भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा को लेकर हुए समझौते के अनुसार अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है। वहां रहने वाले लोगों को बकायदा यहां की नागरिकता प्राप्त है। मगर चीन समय-समय पर यह जताने से बाज नहीं आता कि भारत ने अरुणाचल पर अवैध कब्जा कर रखा है। जबकि हर बार भारत ने उसके इस दावे का पुरजोर खंडन किया है। इस बार भी उसके दावे को निराधार बता कर खारिज कर दिया गया है।

वास्तविक नियंत्रण रेखा संबंधी समझौते को झुठलाने और वहां अस्थिरता पैदा करने की चीन की कोशिशें किसी से छिपी नहीं हैं। अक्सर उसके सैनिक सीमा पार कर भारत के अधिकार वाले हिस्से में आ जाते हैं। जब उन्हें चुनौती दी जाती है, तो वे लौट जाते रहे हैं। करीब चार वर्ष पहले उसके सैनिक गलवान घाटी में घुस कर भारतीय सैनिकों से गुत्थमगुत्था हो गए थे। उस झड़प में दोनों तरफ के सैनिक शहीद हो गए। तबसे दोनों देशों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण बने हुए हैं। हालांकि सीमा विवाद सुलझाने के लिए चीन के सैन्य अधिकारी बातचीत की मेज पर आते रहे हैं। यह दिखाने का प्रयास करते रहे हैं कि वे इस मुद्दे को लेकर गंभीर हैं, मगर हकीकत में यह मसला अभी तक उलझा हुआ है। सीमा विवाद सुलझाने को लेकर चीन कितना गंभीर है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह भारत के हिस्से वाली कई जगहों के नाम बदल कर उन्हें अपना हिस्सा बताता रहा है। मगर भारत ने उसकी विस्तारवादी नीतियों को हर समय ठोस चुनौती दी है।

बच्चों की फिक्र

कई बार कानूनी प्रावधानों की तकनीकी बारीकियों की व्याख्या इस तरह की जाती है, जो अपराध को रोकने के बजाय उसे संरक्षण देती दिखती है, भले उसके पीछे मंशा वही न हो। कुछ समय पहले मद्रास हाईकोर्ट ने एक मामले में व्यवस्था दी थी कि बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री यानी चाइल्ड पोर्नोग्राफी को इंटरनेट से डाउनलोड करना और निजी तौर पर देखना यौन अपराध से बच्चों के संरक्षण अधिनियम यानी पाक्सो और सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत अपराध नहीं है। 'निजी दायरे' की दलील को एक हद तक सही माना जा सकता है, मगर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री देखना कुंठा, मानसिक विकृति और अपराध को उकसाने वाला भी हो सकता है। शायद यही वजह है कि सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को 'भयावह' या 'नृशंस' बताया और तमिलनाडु पुलिस व आरोपी को नोटिस जारी किया। मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई के लिए भी सुप्रीम कोर्ट राजी हो गया है।

इंटरनेट एक खुला आकाश है, जिस पर सकारात्मक और नकारात्मक सामग्री की भरमार है। मगर आज इस पर जिस तरह अश्लीलता का भी कारोबार हो रहा है, कम से कम भारत जैसे देश और यहां के समाज पर उसके जटिल सामाजिक प्रभाव देखने को मिल रहे हैं। अश्लील सामग्री में डूबे रहने वाले व्यक्ति की त्रासदी इसी से समझी जा सकती है कि उसके भीतर गहरे पैठी कुंठा उसे बच्चों से जुड़ी ऐसी चीजों को देखने की ओर प्रवृत्त करती है। मनोवैज्ञानिक रूप से कुंठा मानसिक विकृतियों का स्रोत और वाहक है। ऐसी गतिविधियों में लिप्त रहने वाला व्यक्ति कब बच्चों के खिलाफ यौन उत्पीड़न जैसी हरकत कर बैठे, इसकी कोई गारंटी नहीं है। पिछले कुछ वर्षों में बच्चों के खिलाफ यौन हिंसा से जुड़ी आपराधिक घटनाओं में काफी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसमें बच्चों की अश्लील सामग्री का प्रसार भी शामिल है। अपराध के कई स्तर और चरण होते हैं। इसलिए किसी भी अपराध पर लगाम लगाने के लिए जरूरी है कि उसके स्रोत और कारणों की पहचान की जाए, उसे शुरुआती स्तर पर ही रोकने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

महिला अधिकारों की खुरदुरी जमीन

जब आधी आबादी अर्थव्यवस्था में पूरी तरह भाग न ले रही हो, तो समावेशी और टिकाऊ विकास कठिन है। अगर लगभग पचास फीसद महिलाएं कार्यबल में शामिल हो जाएं, तो देश के विकास दर की कल्पना की जा सकती है।

ज्योति सिडाना

अब सार्वजनिक मंचों पर अक्सर कहते सुना जाता है कि लड़कियों के साथ भेदभाव गुजरे जमाने की बात हो गई। अब लैंगिक बराबरी का जमाना है। अब तो लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों को पीछे छोड़ कर आगे निकल गई हैं। पर सवाल है कि क्या सचमुच समाज में महिलाओं की स्थिति में कोई सकारात्मक और व्यापक बदलाव हुआ है। क्या उनके विरुद्ध होने वाली हिंसा, दुर्व्यवहार और सोच में परिवर्तन आया है। अगर नहीं, तो फिर महिला सशक्तीकरण की बात करना बेमानी है। कहते हैं कि किसी राष्ट्र की प्रगति को मापने का उत्तम तरीका है यह जानना कि वहां की महिलाओं के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है। महिला सशक्तीकरण के बिना एक राष्ट्र की समृद्धि की कल्पना भी नहीं की जा सकती। सार्वजनिक जीवन में महिलाओं की न्यायसंगत सहभागिता एक मजबूत और जीवंत समाज की स्थापना के लिए आवश्यक है।

इसके बावजूद इस वक्त भारत में कामकाजी उम्र की 43.2 करोड़ महिलाओं में से 34.3 करोड़ असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं। मैकिन्से ग्लोबल इंस्टीट्यूट की एक रपट के अनुसार महिलाओं को समान अवसर प्रदान करके भारत 2025 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद में 770 अरब अमेरिकी डालर की वृद्धि कर सकता है। फिर भी सकल घरेलू उत्पाद में महिलाओं का वर्तमान योगदान अठारह फीसद है, जबकि जनसंख्या में उनकी हिस्सेदारी अड़तालीस फीसद है। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं, जहां महिलाओं ने अपना परचम न फहराया हो। छोटे व्यवसायों से लेकर स्टार्ट-अप तक महिलाएं अपने-अपने उद्योगों में नवाचार और विकास को बढ़ावा दे रही हैं। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक 'जेंडर गैप' रपट 2023 के अनुसार लैंगिक समानता के मामले में भारत 146 देशों में से 127वें स्थान पर है, जो पिछले वर्ष से आठ स्थान का सुधार दर्शाती है।

जब आधी आबादी अर्थव्यवस्था में पूरी तरह भाग न ले रही हो, तो समावेशी और टिकाऊ विकास कठिन है। अगर लगभग पचास फीसद महिलाएं कार्यबल में शामिल हो जाएं, तो देश में विकास दर क्या होगी, इसकी कल्पना की जा सकती है। कई सामाजिक-सांस्कृतिक मानदंडों ने एशिया में पारंपरिक लैंगिक भूमिकाओं के आधार पर औपचारिक अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को आकार दिया है। देखभाल कार्य का असमान बोझ विकासशील और विकसित देशों में महिलाओं को औपचारिक कार्यबल में शामिल होने से रोकने वाली एक महत्त्वपूर्ण संरचनात्मक बाधा है। इसके अलावा, सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा की कमी, देखभाल के बुनियादी ढांचे की अनुपलब्धता और भूमि, वित्त और डिजिटल प्रौद्योगिकी जैसे उत्पादक संसाधनों तक उनकी पहुंच में बाधा, उन्हें आर्थिक विकास की ओर बढ़ने से रोकते हैं। भारत के औपचारिक कार्यबल में महिलाओं की हिस्सेदारी कम होने के बावजूद महिलाओं का एक बड़ा हिस्सा कृषि, अनौपचारिक क्षेत्रों और छोटे व्यवसाय आधारित उद्यमों में लगा हुआ है। हालांकि यह उन्हें औपचारिक रोजगार से बाहर रखता है, जो लैंगिक समानता और सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए हानिकारक है।

'एनुअल स्टेटस आफ एजुकेशन रपट' 2023 के अनुसार भारत में 43.7 फीसद लड़कों के पास स्मार्टफोन है, जबकि सिर्फ 19.8 फीसद लड़कियों के पास अपना स्मार्टफोन है। यह रपट कहती है कि एक चौथाई लड़के पढ़ाई इसलिए छोड़ देते हैं कि पढ़ने में उनका मन नहीं लगता और बीस फीसद लड़कियां इसलिए छोड़ देती हैं, क्योंकि परिवार उन्हें पढ़ने नहीं देता। भारत में सिर्फ दस फीसद शिक्षित कामकाजी उम्र की महिलाएं 'जाब मार्केट' में हैं, जबकि शिक्षा में उनकी भागीदारी का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। पिता की संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी आठ फीसद से भी कम है, जबकि भारतीय उत्तराधिकार कानून उन्हें यह हक काफी समय पहले दे चुका है। अगर लड़कियां अपने पिता की संपत्ति में हक मांगने का दुस्साहस करती हैं तो भाई-बहन के रिश्ते ही हाशिये पर चले जाते हैं।

> **एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना के लिए बहुत जरूरी है कि स्त्री को भी मनुष्य के रूप में परिभाषित किया जाए। वर्तमान सदी ज्ञान की सदी है, जहां ज्ञान को शक्ति माना जाता है। ऐसे में महिला को भी ज्ञान के क्षेत्र में इतने गहरे उतरना होगा कि वह न केवल हर तरह के भय का सामना कर सके, बल्कि इस सभ्य कहे जाने वाले समाज में एक शिष्ट जीवन जी सके। ज्ञान की इस शक्ति द्वारा ही महिला न केवल अपने शोषण से मुक्ति पा सकती, अपितु शक्ति-संबंधों में भी अपना स्थान सुनिश्चित कर सकती है शायद तभी बराबरी का समाज उभार ले सके।**

वास्तविक दुनिया में तो महिलाएं दुर्व्यवहार और हिंसा का सामना करती आई हैं, लेकिन सूचना तकनीक के विकास ने आभासी दुनिया में भी महिलाओं के अस्तित्व को चुनौती दी है। हाल ही में ब्रिटेन में एक विचित्र मामला सामने आया। आभासी दुनिया में एक सोलह साल की लड़की से सामूहिक बलात्कार हुआ। एक ऐसी आभासी दुनिया, जहां कोई भी अपना एक आभासी अवतार बना सकता है। लड़की ने बताया कि बलात्कार भले आभासी दुनिया में हुआ, उसके शरीर पर एक खरोंच तक नहीं आई, लेकिन उसके मन पर गहरा असर हुआ है। जब आभासी दुनिया में उसके काल्पनिक अवतार के साथ बलात्कार होने से ही वह बच्ची दर्द और सदमे में है, तो वास्तविक दुनिया में जिन बच्चियों के साथ ऐसा दुर्व्यवहार होता है, वे किस पीड़ा का सामना करती होंगी।

ऐसा नहीं कि संविधान में महिलाओं को संरक्षण या बराबरी देने के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया। समान कार्य के लिए समान वेतन, कार्यस्थल पर यौन शोषण/ उत्पीड़न के विरुद्ध कानून, सुरक्षित कार्य वातावरण, मातृत्व अवकाश की सुविधा, चाइल्ड केयर सुविधा आदि के कानून हैं, पर इन सबके बावजूद गैर-बराबरी बनी हुई है। कानून तो बना दिए गए, पर उनका पूरी तरह पालन आज तक सुनिश्चित नहीं हो पाया, क्योंकि इन कानूनों का उल्लंघन करना पुरुष समाज की नजर में अपराध नहीं है। अनेक अध्ययन बताते हैं कि महिलाएं अनौपचारिक और असुरक्षित रोजगार में अधिक शामिल होती हैं। महिलाओं को पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है। वे अवैतनिक देखभाल और घरेलू कार्यों की जिम्मेदारी निभाती हैं, जिस पर लगभग ढाई गुना अधिक समय खर्च करती हैं।

डिजिटल साक्षरता में भी लैंगिक विभाजन देखा जा सकता है। कंपनियों के सर्वोच्च पदों पर केवल पांच फीसद महिलाएं हैं। इसी तरह महिला किसानों के पास अपने पुरुष समकक्षों की तुलना में भूमि और उत्पादक संपत्तियों पर नियंत्रण और स्वामित्व बहुत ही कम (लगभग 12.8 फीसद) है। समाज वैज्ञानिकों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि अगर लैंगिक विभेद कम हो जाए तो जीडीपी में 15 फीसद की वृद्धि हो सकती है। इन नीतियों का सख्ती से पालन करने पर भारत की अर्थव्यवस्था विकसित राष्ट्रों में अग्रणी बन सकती है।

जब भी स्त्री मनुष्य की तरह व्यवहार करती है, तो उस पर पुरुष की नकल करने का आरोप लगाया जाता है। एक समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना के लिए बहुत जरूरी है कि स्त्री को भी मनुष्य के रूप में परिभाषित किया जाए। वर्तमान सदी ज्ञान की सदी है, जहां ज्ञान को शक्ति माना जाता है। ऐसे में महिला को भी ज्ञान के क्षेत्र में इतने गहरे उतरना होगा कि वह न केवल हर तरह के भय का सामना कर सके, बल्कि इस सभ्य कहे जाने वाले समाज में एक शिष्ट जीवन जी सके। ज्ञान की इस शक्ति द्वारा ही महिला न केवल अपने शोषण से मुक्ति पा सकती, बल्कि शक्ति-संबंधों में भी अपना स्थान सुनिश्चित कर सकती है शायद तभी बराबरी का समाज उभार ले सके।

समय का दर्द

निधि शर्मा

एक सुनसान बंद पड़ा हुआ दरवाजा और उसके पीछे हजारों ख्वाहिशें, जो चाहती हैं कि ये दरवाजा रोज खुलता रहे। मगर मन या दिमाग में चल रही हसरतों का क्या! वे तो हर दिन जन्म लेती हैं और हर दिन दम भी तोड़ देती हैं। ऐसी हसरत किसी बंद पड़े दरवाजे की भी हो सकती है, जिसे छोड़कर हजारों किलोमीटर दूर अपने सपनों को बड़ा करने के लिए गए परिवार अपनी जड़ों से ही दूर हो जाते हैं। उनके पीछे रह जाते हैं उस घर के एक या दो कमरे में रह रहे अपनी आस की डोर थामे बुजुर्ग, जो बस टकटकी लगाए अपनों के इंतजार में बैठे रहते हैं कि कब उनके अपनों का आना होगा और कब बंद बड़े तालों को खोला जाएगा।

यह स्थिति आजकल पंजाब सहित देश के कुछ अन्य हिस्सों में बहुत सारे घरों में देखने को मिल जाएगी, जहां शहरों के मुकाबले गांव में बड़े-बड़े घरों में देखरेख करने वाले घरेलू सहायक या उनके परिवार या फिर सिर्फ बुजुर्ग रह रहे हैं जो अपनी अगली पीढ़ियों के लिए घर के रखवाले बन कर रह गए हैं। गांव में किसी की शादी या फिर सुख के अन्य कार्यक्रम, जो योजनाबद्ध तरीके से आयोजित किए जाते हैं, उसमें तो परिवार की एक या दो पीढ़ियां एक साथ दिखने को मिल जाती हैं, लेकिन जीवन में आने वाली अनियोजित दुख की घड़ी में दुख साझा करने के लिए उस समय सिर्फ बुजुर्गों की पीढ़ी ही नजर आती है। आलम यह रहता है कि विदेश से आने वाली पीढ़ी के इंतजार के लिए लाश को भी मुर्दा घर में बर्फ की सीलियों के बीच और इंतजार करना पड़ता है।

कई बार यह समझना मुश्किल हो जाता है कि सिर्फ ज्यादा सुविधा हासिल करने और उसके बीच जीने और ज्यादा पैसे कमाने के लिए लोग अपनी जमीन से तो टूटते ही हैं, अपने साथ के उन लोगों को पीछे छोड़ जाते हैं, जिन्होंने उनकी जिंदगी को संवारने के लिए न जाने कितने दंश झेले और कैसा समय देखा। मगर फिर यह जटिल तस्वीर यह भी उभर आती है कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों के मन में भी 'आगे बढ़ने' का जो सपना होता है, उसकी परिभाषा भी यही और ऐसी ही तय की जाती है कि उसमें कुछ बेहद जरूरी लोग हाशिये पर चले जाते हैं।

इन दिनों गुरु-पीरों की धरती की सजावट नौजवानों की खुली हंसी से नहीं, बल्कि बुजुर्गों की नम आंखों से हो रही है। गांव के चबूतरे पर बैठे बुजुर्ग किसी परिचर्चा में डूबकर एक-दूसरे से यही सवाल करते दिखते हैं कि कहां कमी रह गई? देश का पेट भरने वाले पंजाब के नौजवान को अपने पेट भरने के लिए विदेश का रुख करना पड़ रहा है। बुजुर्ग अपने अनुभवों के आधार पर बताते हैं कि जब हम छोटे थे, तब खेत-खलिहानों के बीच इकट्ठा होकर खेलते हुए कब बड़े हो गए, पता ही नहीं चला। थोड़े वक्त बाद जब युवा हुए, तब पढ़े-लिखे नौजवान के रूप में सेना में भर्ती होने, शिक्षक बनने और बैंक में नौकरी करने में गर्व महसूस करते थे। अगर ज्यादा ऊंचे स्तर पर शिक्षित नहीं भी हुए तो खेती करके देश का पेट पालना अपना धर्म समझते थे। मगर आज के युवा का बचपन तकनीक में फंसकर अपनी जड़ों से दूर होकर अपने गांव और देश में न रहकर विदेश में बसना चाहता है। इस कशमकश भरी दुविधा का स्रोत पिछले कुछ समय से बन रहा ऐसा वातावरण है जो युवा के भविष्य को उज्ज्वल होने का प्रमाण पत्र नहीं देता।

दूसरी ओर, बड़े हो रहे बच्चों का सवाल बुजुर्गों से यह है कि क्या हमें भी युवा होने पर हर वाजिब अधिकार के लिए सड़कों पर उतरना पड़ेगा! क्या हमें शिक्षा के बाद रोजगार की गारंटी दी जाएगी? क्या स्वच्छ वातावरण का सपना सुनिश्चित हो पाएगा? इन सवालों के जवाब बुजुर्गों के पास नहीं हैं। ऐसा लगता है कि सरकारों ने भी इस मुद्दे पर हाथ खड़े कर दिए हैं। नारों और वादों में तो सुनहरे पंजाब का नारा सुनाई देता है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि युवा अपने सपने सच करने के लिए विदेश का रुख कर रहे हैं। सवाल है कि उन सपनों में उन बुजुर्गों की जगह क्या है, जिन्होंने अपनी जिंदगी झोंक कर अपने बच्चों को सपने देखने लायक बनाया? संबंधों का महल अगर भावनाओं की बुनियाद पर टिका होता है, तो उसमें युवाओं की महत्त्वाकांक्षाओं की वह सीमा कहां है, जिसमें भावनाओं और रिश्तों के लिए भी जगह हो?

ऐसे में इस तरह सोचने वाले लोग भी होंगे ही कि काश कोई फरिश्ता आए, जो टूटते युवा और कमजोर होते बुढ़ापे का सहारा बने कुछ ऐसे कि अपनों की मद्धिम होती आंखों से कब रोशनी चली जाए, कहा नहीं जा सकता। इसका इंतजार करने की जरूरत नहीं है। समय रहते समाज और सरकारें इस मसले पर सोचें। ऐसा न हो कि इस तरह के हालात का सामना करते हुए कोई राज्य सिर्फ बुजुर्गों की आबादी के तौर पर जाना जाने लगे और युवा अनुपस्थित दिखने लगें। कहीं यह नई संस्कृति पनप रही है कि संयुक्त परिवारों को अपने 'विकास' में बाधक मान कर युवा पीढ़ी अपने एकल परिवार के दायरे में सिमट रही है, तो कहीं अपनी जमीन ही छोड़ कर बाहर जा रही है। हालांकि आए दिन हमें बताया जाता है कि भारत युवाओं का देश है और देश इनके ही बूते हर कदम आगे बढ़ा रहा है। काफी हद तक यह बात सही है भी, लेकिन अगर युवा पीढ़ी के होने को देश की ताकत के रूप में देखा-जाना जाता है, तो उनके जीवन को बेहतर और संतोषजनक बनाने की भी जरूरत है, ताकि वे कहीं और जाने की हालत में न पहुंचे।

दुनिया मेरे आगे

> **इन दिनों गुरु-पीरों की धरती की सजावट नौजवानों की खुली हंसी से नहीं, बल्कि बुजुर्गों की नम आंखों से हो रही है। गांव के चबूतरे पर बैठे बुजुर्ग किसी परिचर्चा में डूबकर एक-दूसरे से यही सवाल करते दिखते हैं कि कहां कमी रह गई?**

सपनों का बोझ

वर्ष 2024 में कोटा में प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करवाने वाले अलग-अलग कोचिंग के चार छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या कर ली, क्योंकि उन्हें यह लग रहा था कि अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाने से उनके माता और पिता का सपना टूट जाएगा। आमतौर पर इन बच्चों की उम्र महज 16 से 19 वर्ष के बीच होती है और इस उम्र में उन्हें करिअर और सपनों का अर्थ पता ही नहीं होता है। अपने माता-पिता की आंखों से दुनिया देखने वाले बच्चों का जब वास्तविक जीवन से सामना होता है तो वे संतुलन नहीं बना पाते और जीवन समाप्त करने का निर्णय लेते हैं। ऐसे में परिवारजनों को यह कर्तव्य है कि वे बच्चों को जीवन की महत्ता को करिअर से जोड़ कर बताना बंद करें और उन्हें शिक्षा के महत्त्व को समझते हुए उन्हें मानसिक, भावनात्मक और शारीरिक रूप से संबल प्रदान करें, ताकि वे जीवन के थपेड़ों को झेलने में सक्षम हो सकें। माता-पिता को यह समझना और समझाना होगा कि करिअर जीवन को केवल सुगम बनाने की कवायद है, न कि जीवन का आखिरी लक्ष्य। जीवन अपने आप में पूर्ण और निरपेक्ष है और इसे भरपूर जीना ही हमारा कर्तव्य है।

– रोली श्रीवास्तव, नई दिल्ली

संयोग के आंकड़े

धर्मशाला टैस्ट में जीत ने भारत के खेल इतिहास में एक अजीब आंकड़ा जोड़ दिया। पहली बार टीम इंडिया की जीत और हार का आंकड़ा बराबर हुआ है। भारतीय टीम ने अपना पहला टैस्ट मैच 1932 में खेला था। तब से लेकर अब तक भारत ने 579 टैस्ट मैच खेले हैं और इसमें 178 मैचों में जीत हासिल की और 178 मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा। 222 मैच अनिर्णीत रहे और एक मैच टाई रहा। भारत ने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला 4-1 से जीती। इस तरह भारत ने घरेलू धरती पर लगातार सत्रहवीं टैस्ट श्रृंखला जीती। जीत का यह सिलसिला 22 फरवरी 2013 से लेकर अब तक जारी है। दूसरे स्थान पर रहे आस्ट्रेलिया ने 1994 से 2001 तक घरेलू मैदान पर लगातार दस टेस्ट श्रृंखला जीती। धर्मशाला में जब भारतीय टीम ने मैच जीता तो टैस्ट इतिहास में 112 साल बाद एक ऐतिहासिक रिकार्ड बन गया। टैस्ट क्रिकेट के इतिहास में ऐसा सिर्फ तीन बार हुआ है और आस्ट्रेलिया ने दो बार ऐसा किया है।

– विजय कोष्टी, सांगली, महाराष्ट्र

समानता की ओर

दिल्ली हाई कोर्ट ने कानून की एक छात्रा की याचिका पर फैसला सुनाते हुए आदेश पारित किया कि भविष्य में शैक्षणिक दस्तावेज पर माता-पिता का नाम अंकित करना जरूरी होगा। यह फैसला न केवल ऐतिहासिक है, बल्कि लैंगिक समानता के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। भविष्य में छात्रों को दी जाने डिग्री में माता-पिता का नाम अंकित होने से लैंगिक समानता के साथ ही एक नई व्यवस्था के दूरगामी परिणाम होंगे। इस पर चर्चा के दौरान उचित ही इसे सामाजिक महत्त्व का मुद्दा बताया गया और याचिकाकर्ता को नई डिग्री दिए जाने के साथ ही माता-पिता का नाम अंकित करने का आदेश भी पारित किया गया। उम्मीद है कि भविष्य में इस व्यवस्था में परिवर्तन होगा और देश के सभी दस्तावेजों में माता-पिता के नाम का उल्लेख होगा जहां अनिवार्य माना जाएगा।

– वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

जनता का हक

लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। इसी प्रक्रिया के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों को सत्तारूढ़ या विपक्ष के रूप में सेवाएं देने के लिए चुना जाता है। जनता उनकी भूमिका निर्धारित करती है। राजनीतिक दलों के नेता तो अपनी विचारधारा और सिद्धांतों के अनुसार कार्य करते हैं, पर इस बदलाव के बावजूद संवैधानिक संस्थाओं और संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों की भूमिका में कोई बदलाव नहीं होता। निष्पक्ष और कानून सम्मत व्यवहार और उसके साथ ही 'सही को सही तथा गलत को गलत' कहना उनके आचरण का अनिवार्य घटक भी है। मगर संविधान रूपी सर्वश्रेष्ठ कसौटी के होते हुए भी कुछ संस्थाओं और अफसरों का आचरण कभी-कभी संदिग्ध होता है या सवालों से घिरा दिखाई देता है। यह स्थिति अच्छी नहीं है और हर संभव प्रयासों द्वारा इस स्थिति को सुधारा जाना चाहिए।

– इशरत अली कादरी, भोपाल

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

www.readwhere.com

सीएए नियमों को अधिसूचित किए जाने पर जोधपुर में पाक हिंदू शरणार्थियों ने मनाया जश्न

नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) संसद से पारित होने के चार साल से अधिक समय बाद अधिसूचित किए जाने से उत्साहित जोधपुर में रह रहे पाकिस्तान से आए एक हिंदू शरणार्थी ने कहा कि उनके लिए यह वास्तविक रामराज्य की तरह है। 31 दिसंबर, 2014 से पहले बिना दस्तावेज के भारत आए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के गैर-मुसलिम प्रवासियों के लिए त्वरित नागरिकता प्रदान करने से संबंधित कानून के अधिसूचित किए जाने के उपरांत पाकिस्तान से आए हिंदू प्रवासियों की बस्तियों में सोमवार रात को दीपक जलाकर और पटाखे फोड़कर जश्न मनाया गया। पाकिस्तानी शरणार्थी दिनेश भील ने कहा कि हम लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे। *(ए)*

कांग्रेस ने लोकसभा के लिए छह राज्यों के 43 उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की

नकुलनाथ छिंदवाड़ा और वैभव गहलोत जालौर से लड़ेंगे चुनाव

जनसत्ता ब्यूरो

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे। जबकि, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत जालोर से चुनाव मैदान में उतरेंगे। कांग्रेस ने मंगलवार को देश के छह राज्यों की 43 लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है। पार्टी की इस दूसरी सूची में खासतौर पर युवाओं और अन्य वर्ग के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई है।

कांग्रेस की ओर से जारी सूची के मुताबिक, पार्टी के सांसद गौरव गोगोई असम के जोरहाट से और राहुल कस्वा राजस्थान के चुरू से चुनाव लड़ेंगे। राहुल कस्वां ने एक दिन पहले ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर कांग्रेस की सदस्यता ली थी। कस्वां भाजपा में टिकट काटे जाने से नाराज थे। पार्टी ने वैभव गहलोत को राजस्थान के जालोर लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। राजस्थान किक्रेट संघ के पूर्व अध्यक्ष वैभव गहलोत पिछले लोकसभा चुनाव में जोधपुर से कांग्रेस के उम्मीदवार थे, हालांकि उन्हें केंद्रीय मंत्री व भाजपा उम्मीदवार गजेंद्र सिंह शेखावत से हार का सामना करना पड़ा था।

वहीं, नकुलनाथ को मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा सीट से एक बार फिर उम्मीदवार बनाया गया है। वह 2019 में इसी सीट से पहली बार निर्वाचित हुए थे। उनके पिता कमलनाथ नौ बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। पिछले दिनों इस बात की अटकलें थीं कि कमलनाथ और नकुलनाथ दोनों भाजपा के साथ जा सकते हैं, हालांकि बाद में दोनों ने इसका खंडन किया था। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई असम के जोरहाट से चुनाव लड़ेंगे। वह वर्तमान में कलियाबोर लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि हैं। असम में परिसीमन के चलते उन्हें नए क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। इसके अलावा असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता प्रद्युत बारदोलोई को नागांव से उम्मीदवार बनाया गया है।

असम की बारपेटा लोकसभा सीट से कांग्रेस के वर्तमान प्रतिनिधि अब्दुल खालिक को टिकट नहीं मिला है। उनके स्थान पर कांग्रेस ने दीप बायान को उम्मीदवार बनाया है। माना जा रहा है कि परिसीमन के चलते बदले सामाजिक समीकरण के कारण कांग्रेस ने बारपेटा में उम्मीदवार बदला है। कांग्रेस ने असम की ढुबरी लोकसभा सीट पर आल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (एआइयूडीएफ) के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल के खिलाफ पूर्व मंत्री रकीबुल हुसैन को उम्मीदवार घोषित किया है। राजस्थान के टोंक सवाई माधोपुर संसदीय क्षेत्र से हरीश मीणा, झुंझनू से बृजेंद्र ओला, अलवर से ललित यादव और बीकानेर से गोविंदराम मेघवाल कांग्रेस के उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य कमलेश्वर पटेल को मध्य प्रदेश की सीधी सीट से उम्मीदवार बनाया गया।

पार्टी के सोशल मीडिया विभाग के पूर्व प्रमुख रोहन गुप्ता को गुजरात में अहमदाबाद पूर्व लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार घोषित किया गया है। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियल को गढ़वाल और प्रदीप टम्टा को अल्मोड़ा से टिकट दिया गया है।

देश

13 ओबीसी, 10 अजा और नौ अजजा के उम्मीदवार

नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पार्टी उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। उन्होंने बताया कि दूसरी सूची में 43 उम्मीदवारों में से 10 सामान्य उम्मीदवार, 13 ओबीसी, 10 अनुसूचित जाति (एससी) और नौ अनुसूचित जनजाति (एसटी) के उम्मीदवार शामिल हैं। इस सूची में पार्टी ने एक मुसलिम उम्मीदवार को भी चुनाव मैदान में उतारा है। वेणुगोपाल ने कहा कि सोमवार देर रात हुई केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक में असम, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, दमनद्वीव से लगभग 43 नामों की सूची को मंजूरी दे गई। पार्टी सूत्रों के मुताबिक अब सीईसी की अगली बैठक आगामी 15 मार्च को होगी, जहां पर अन्य राज्यों के नामों को लेकर निर्णय लिया जाएगा। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने अपनी सूची में 39 नामों की घोषणा की थी।

कांग्रेस ने अल्मोड़ा सीट से पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा को उतारा

जनसत्ता संवाददाता

भाजपा के बाद अब कांग्रेस ने भी उत्तराखंड की तीन लोकसभा सीटों के लिए अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं। जहां भाजपा ने टिहरी नैनीताल और अल्मोड़ा के लिए अपने उम्मीदवार एक हफ्ते पहले घोषित कर दिए थे। वहीं कांग्रेस ने एक हफ्ते बाद उत्तराखंड की तीन लोकसभा सीटों पौड़ी गढ़वाल सीट से विधायक और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, अल्मोड़ा संसदीय सुरक्षित सीट से राज्यसभा के पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा तथा टिहरी से जोत सिंह गुनसोला को उम्मीदवार बनाया गया है।

कांग्रेस ने हरिद्वार और नैनीताल संसदीय सीट के लिए अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं जबकि भाजपा ने हरिद्वार और पौड़ी के लिए अपने उम्मीदवार अभी तक घोषित नहीं किए हैं। हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत अपने बेटे वीरेंद्र रावत के लिए टिकट मांग रहे हैं।

जबकि हरिद्वार कांग्रेस के स्थानीय नेता बाहरी नेता के रूप में हरीश रावत को देखते हैं और वह हरीश रावत और उनके परिवार के किसी सदस्य को टिकट देने की बजाय स्थानीय व्यक्ति को टिकट देने की मांग कर रहे हैं। हरिद्वार कांग्रेस के स्थानीय नेता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व दर्जाधारी मंत्री संजय पालीवाल को टिकट देने की मांग कर रहे हैं। अब टिहरी सीट पर भाजपा की उम्मीदवार मौजूदा सांसद टिहरी रियासत की रानी राजलक्ष्मी शाह का मुकाबला कांग्रेस के उम्मीदवार जोत सिंह गुनसोला से होगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा टिहरी संसदीय क्षेत्र से देहरादून के चकराता क्षेत्र के विधायक और कांग्रेस के दिग्गज नेता प्रीतम सिंह को चुनाव लड़वाना चाहते थे। परंतु कांग्रेस के नेता प्रीतम सिंह ने लोकसभा का चुनाव लड़ने से मना कर दिया।

इसके बाद कांग्रेस ने जोत सिंह गुनसोला को टिहरी संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में उतारा है,जो भाजपा की उम्मीदवार टिहरी की रानी के मुकाबले बहुत कमजोर उम्मीदवार माने जा रहे हैं। अल्मोड़ा में कांग्रेस के उम्मीदवार प्रदीप टम्टा का मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा से होगा। अजय टम्टा 2014 के लोकसभा चुनाव में प्रदीप टम्टा को पटकनी दे चुके हैं।



उत्तराखंड

हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत अपने बेटे वीरेंद्र रावत के लिए टिकट मांग रहे हैं।

जाति आधारित जनगणना कराना हमारी पार्टी की गारंटी : जयराम रमेश

वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में कहा कि जाति आधारित जनगणना कराना उनकी पार्टी की गारंटी है। रमेश पार्टी नेता राहुल गांधी की ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्न के अंतिम चरण में महाराष्ट्र में प्रवेश करने से पहले संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर देश को विभाजित करने और समाज का ध्रुवीकरण करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा हमने गारंटी दी है कि सामाजिक, आर्थिक और जाति आधारित जनगणना होनी चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, यह हमारे समाज का एक्स-रे है जो हमें विभिन्न जातियों की जनसंख्या और हमारे देश की संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी दिखाएगा। यह हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों में उनकी हिस्सेदारी को भी प्रतिबिंबित करेगा। रमेश ने कहा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक राजनीतिक रैली है, लेकिन निस्संदेह यह किसी चुनाव अभियान का हिस्सा नहीं है। इसका एक राजनीतिक लक्ष्य है और यह एक विचारधारा पर आधारित है। उन्होंने कहा, कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है, संतों का समूह नहीं है। *(ए)*

जयराम रमेश

यूपी के 91 हजार गांवों के नक्शे हुए आनलाइन

अंशुमान शुक्ल

गावों में खेतों की सरहदों को लेकर होने वाले विवाद से अब उत्तर प्रदेश मुक्त होने जा रहा है। कृषि विभाग ने राजस्व विभाग के साथ मिल कर प्रदेश के 91 हजार गांवों के नक्शों को पूरी तरह से आनलाइन कर दिया है। प्रदेश के 90 फीसद गांव अब इस जद में आ गए हैं। यह जानकारी प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने दी।

उत्तर प्रदेश के 21 जिलों में इस योजना को लागू किया गया है। इस बाबत प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही कहते हैं कि भदोही, संत कबीर नगर, औरैया, महोबा, हमीरपुर, सुल्तानपुर, वाराणसी, जौनपुर, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, मुरादाबाद, जालौन, चित्रकूट, फर्रुखाबाद अयोध्या, चदौली, झांसी, बस्ती, हरदोई, देवरिया, गोरखपुर में इस योजना के तहत शत प्रतिशत नक्शों को आनलाइन कर दिया गया है। जबकि 54 जिलों की दस-दस ग्राम सभाओं के नक्शों को इस योजना के तहत अब तक आनलाइन किया गया है।

कृषि मंत्री ने बताया कि 2023 में उत्तर प्रदेश में ई खसरा पड़ताल के तहत एक करोड़ 15 लाख 89 हजार 645 सर्वेक्षणों को पूरा किया गया है। इस उपलब्धि की वजह से केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश का शुमार देश के अग्रणीय राज्यों में किया है। उन्होंने बताया कि 2023-24 में ई-खसरा पड़ताल प्रदेश के सभी जिलों में मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। इससे किसानों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। प्रदेश के सभी 75 जिलों में 91 हजार 404 राजस्व गावों में यह किया जा रहा है। अब तक प्रदेश में एक करोड़ 71 लाख 50 हजार 89 सर्वेक्षणों की ई-खसरा पड़ताल किया जा चुका है।

इस योजना से किसानों को होने वाले लाभ का जिक्र करते हुए सूर्य प्रताप शाही कहते हैं कि इससे कितनी फसल कहां लगी है, इसकी सटीक जानकारी तो मिलेगी ही साथ ही राज्य में सकल घरेलू उत्पाद का सही आकलन भी मिलेगा। इसके अलापा बैंक फसली ऋण का सही आकलन कर सकेंगे। योजना से किसानों को बार-बार बिना सरकारी सत्यापन के योजनाओं का लाभ भी हासिल होगा।

न्यूनतम समर्थन मूल्य को तय करने में भी यह योजना बेहद कारगर साबित होगी। इतना ही नहीं, बारिश या अन्य किसी वजह से किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान का सही आकलन करने में भी सरकार को खासी सहूलियत होगी। इससे बिना समय गंवाए किसानों को मुआवजा दिया जा सकेगा।

उन्होंने बताया कि जल्द ही पूरे प्रदेश के सभी गांवों को इस योजना से जोड़ दिया जाएगा। इससे किसानों को तहसीलों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। वो घर बैठे अपने मोबाइल पर ही अपनी खसरा-खतौनी और फसलों की जानकारी ले सकेंगे। साथ ही किसानों को उनकी जमीन के स्वभाव के आधार पर कौन सी फसल बोनी है, इस बात की भी जानकारी दी जाएगी। इससे उन्हें अधिक लाभ मिल सकेगा।

अब किसान घर बैठे मोबाइल पर ही अपनी खसरा-खतौनी और फसलों की जानकारी ले सकेंगे। इससे सरकार को किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान का सही आकलन करने में भी खासी सहूलियत होगी। इससे बिना समय गंवाए किसानों को मुआवजा दिया जा सकेगा।

इस योजना से किसानों को होने वाले लाभ का जिक्र करते हुए सूर्य प्रताप शाही कहते हैं कि इससे कितनी फसल कहां लगी है, इसकी सटीक जानकारी तो मिलेगी ही साथ ही राज्य में सकल घरेलू उत्पाद का सही आकलन भी मिलेगा। इसके अलापा बैंक फसली ऋण का सही आकलन कर सकेंगे।

उत्तराखंड के जंगलों में आग रोकने के लिए विशेष अभियान

सुनील दत्त पांडेय

उत्तराखंड के जंगलों में इस बार आग लगने की घटनाएं साल के मुकाबले ज्यादा बढ़ सकती हैं। क्योंकि इस बार शीतकाल में उत्तराखंड में पिछले कई सालों के मुकाबले 50 से 60 फीसद कम बारिश और बर्फबारी हुई है और मौसम अत्यधिक शुष्क रहा है। इस कारण जंगल में आग लगने की घटनाएं अत्यधिक बढ़ने की संभावनाएं वन विशेषज्ञ जता रहे हैं।

उत्तराखंड में इस बार आग की घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग वन पंचायत को और अधिक सक्रिय करने में लगा हुआ है। उत्तराखंड में 11 हजार से ज्यादा वन पंचायतें काम कर रही है। इसके अलावा प्रशासन द्वारा महिला और युवक मंगल दलों को भी सक्रिय किया जा रहा है।उत्तराखंड के वन मंत्री सुबोध उनियाल का कहना है कि वन पंचायतों और मंगल दलों के कार्यकर्ताओं को वनों में आग बुझाने और वनों में आग की रोकथाम के लिए विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

साथ ही वन कर्मियों को आग बुझाने जाने के आधुनिक उपकरण भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दरअसल, उत्तराखंड के जंगलों में आग की घटनाओं में बढ़ोतरी होना जहां जंगल में पैदा होने वाली वनस्पतियों के लिए नुकसानदायक है।

वहीं, जंगल में रह रहे जंगली जानवरों और खासकर सूक्ष्मजीवों के लिए सबसे बड़ा खतरा है। जंगल में आग लगने से कई दुर्लभ वनस्पतियां पूरी तरह से नष्ट हो जाती हैं और कई दुर्लभ प्रजाति के सूक्ष्मजीव विलुप्त हो जाते हैं जो पर्यावरण और मानव जीवन के लिए बेहद जरूरी है।

केंद्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत काम करने वाले भारतीय वन सर्वेक्षण के अनुसार एक नवंबर 2023 से एक जनवरी 2024 के बीच उत्तराखंड के जंगलों में 1006 आग लगने की घटनाएं घटी हैं, जो पिछले साल के मुकाबले दोगुनी है। जबकि पिछले सालों में इसी अवधि के दौरान 556 आग लगने की घटनाएं उत्तराखंड के जंगलों में घटी थी, वैसे तो आग लगने की घटनाएं गर्मी के मौसम के दौरान अधिक देखने को मिलती हैं, लेकिन इस साल सर्दियों के दौरान घटनाएं बढ़ गई हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण के अनुसार इस बार सर्दियों के मौसम के समय उत्तराखंड के देहरादून उत्तरकाशी, पौड़ी ,नैनीताल, बागेश्वर, टिहरी, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा समेत सभी जिलों में जंगल की आग लगने की जानकारी मिली है।

पर्यावरण

सपा ने पूर्व सांसद अन्नू टंडन को दिया टिकट

भाजपा ने नहीं किया नारी वंदन पर भरोसा

उमाकांत मिश्र

गांव-गांव नारी वंदन करने वाली भाजपा ने उन्नाव में लोकसभा टिकट देते समय महिलाओं की ओर से आंखे फेर लीं, जबकि इंडिया के मुख्य घटक समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस छोड़कर आई पूर्व सांसद अन्नू टंडन पर भरोसा किया है। जिससे लोग यहां यह तय नही कर पर कर पा रहे है कि भाजपा जो कह रही है, वह सही है या जो कर रही है, वह सही है।

उन्नाव के मतदाताओं की समस्या यही खत्म नहीं होती क्योंकि जनपद के आधे से ज्यादा मतदाता युवा हैं और उनके सामने कोई युवा उम्मीदवार नहीं है। कारण साफ है कि भाजपा ने उम्मीदवार के रूप यहां 68 वर्षीय निवर्तमान सांसद सच्चिदानंद साक्षी महाराज को तीसरी बार टिकट दिया है तो इंडिया गठबंधन में शरीक समाजवादी पार्टी द्वारा वर्ष 2009 में कांग्रेस क़े टिकट पर सांसद रहीं 66 वर्षीया अन्नू टंडन को टिकट दी गई है। इसके पहले वे वर्ष 2014 और 2019 में कांग्रेस उम्मीदवा रहते भाजपा के साक्षी महाराज के सामने अपनी जमानत भी गंवा चुकी हैं। इन सबसे अलग अन्य सियासी दलों का यहां कोई फिलहाल अस्तित्व नहीं है।

हां, बीते दो लोकसभा चुनावों में सपा उम्मीदवार रहे अरुण शंकर शुक्ला उर्फ अन्ना महाराज दूसरे नंबर पर जरूर रहे थे यदि वर्ष 2024 क़े चुनाव में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों के वोट एकजाई होते हैं तो आने वाले लोकसभा चुनाव में उन्नाव का चुनावी परिदृश्य काफी मनोरंजक हो सकता है।

चुनावी समझ की गहराई से अनजान उन्नाव क़े ग्रामीणों का कहना है कि गांव गांव नारी वंदन करने वाली भाजपा ने टिकट देते समय महिलाओं को बिसरा दिया तो उस पर यकीन कैसे किया जाए? दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन ने अन्नू टंडन को अपना उम्मीदवार बनाया है जो समाजसेवा की राह चलकर राजनीति में पहुंची हैं और यहां के लोगों क़े हर सुख दुख में बिना भेदभाव क़े शरीक ही नही बल्कि पीड़ितों की आर्थिक मदद भी करती रही हैं।

भाजपा सरकार ने अपनी दूसरी पारी के दौरान पुरानी संसद में ध्वनिमत से नारी वंदन बिल (महिला आरक्षण विधेयक) को कानून बनाने का काम किया। उस समय कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष इसे बिना शर्त लागू करने की हायतौबा मचाए हुए था लेकिन चुनावी बयार शुरू होते ही सारे राजनीतिक दल अपने पुराने रंग में एक बार फिर सराबोर दिखाई पड़ रहे हैं।

यह बात अलग है कि भाजपा ने उन्नाव संसदीय सीट पर अपनी 75 साल की प्रजातंत्रात्मक व्यवस्था में महिलाओं को कभी मौका नही दिया। यहां से साल 2009 में कांग्रेस की टिकट पर पहली बार अन्नू टंडन भारी बहुमत से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंची थीं लेकिन बदले सियासी समीकरणों के कारण 2014 और 2019 में क्रमशः तीसरे और चौथे पायदान पर पहुंचने के बाद उन्होंने कांग्रेस छोड़कर 2024 में लोकसभा चुनाव की सियासी लड़ाई वे साइकिल चुनाव चिन्ह को माध्यम बना कर लड़ रही हैं।

उन्नाव

उन्नाव संसदीय सीट पर वर्ष 2009 में अन्नू टंडन को जीत अपने बलबूते पर मिली थी परन्तु 2014 और 2019 में मोदी और लोधी मतों के करिश्मे के कारण बीते दो संसदीय चुनावों में उन्नाव से साक्षी महाराज जीतकर संसद पहुंच रहे हैं। कहा यह जा रहा है कि यदि समाजवादी पार्टी अपना परंपरागत वोट पार्टी उम्मीदवारों के चहेतों के साथ जोड़ पाई तो इस बार मुकाबला दिलचस्प हो सकता है।

www.readwhere.com

'भारत शक्ति' में सेनाओं के प्रदर्शन पर प्रधानमंत्री ने कहा

आसमां से जमीं तक दिखाई गई शक्ति नए भारत का आह्वान

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 मार्च।

राजस्थान की पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में मंगलवार को तीनों सशस्त्र सेनाओं का संयुक्त और एक बेहद मारक युद्धाभ्यास 'भारत शक्ति' आयोजित किया गया। इसमें भारत ने 50 मिनट तक अपने स्वदेशी रक्षा उपकरणों की उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि 'भारत शक्ति' अभ्यास के दौरान आसमान में विमान की गर्जना और जमीन पर प्रदर्शित किया गया पराक्रम नए भारत का आह्वान है। उन्होंने याद किया कि यह पोखरण ही था, जहां अतीत में भारत का परमाणु परीक्षण किया गया और अब यही भारत की आत्मनिर्भरता, विश्वास और आत्म गौरव का गवाह बन गया है।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी तोपों, टैंकों, लड़ाकू विमानों, हेलिकाप्टर, मिसाइल सिस्टम की युद्धाभ्यास में हो रही गर्जना, हथियार,

गोला बारूद, संचार उपकरण, साइबर और अंतरिक्ष तक हम मेड इन इंडिया की उड़ान अनुभव कर रहे हैं। ये ही भारत की वास्तविक शक्ति को प्रदर्शित करती है। रक्षा जरूरतों के मामले में आत्मनिर्भर होता भारत सेनाओं में आत्मविश्वास की गारंटी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को विकसित होना है तो हमें दूसरों पर अपनी निर्भरता को कम करना ही पड़ेगा। इस पर ध्यान देते हुए आज भारत खाने के तेल से लेकर लड़ाकू विमान तक हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल दे रहा है। उन्होंने कहा कि युद्ध के समय जब सेनाओं को पता होता है कि जो हथियार वो इस्तेमाल कर रहे हैं। वह उनके अपने हैं और कभी भी कम नहीं पड़ेंगे तो सैन्यबलों की ऊर्जा कई गुना बढ़ जाती है। कभी भारत दुनिया का सबसे बड़ा रक्षा आयातक देश था, लेकिन आज वह एक बड़ा निर्यातक बनता जा रहा है। भारत का रक्षा आयात 2014 की तुलना में आठ गुना से ज्यादा बढ़ चुका है।

मोदी ने कहा कि बीते एक दशक में रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक के बाद एक कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इसमें नीतिगत सुधार, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाना और सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को प्रोत्साहित करना मुख्य रूप से शामिल है। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा गलियारे बनाए जा रहे हैं। इनमें सात हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हुआ है। साथ ही हेलिकाप्टर बनाने वाली एशिया की सबसे बड़ी फैक्ट्री ने भारत में काम करना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री ने तीनों सेनाओं द्वारा एक सकारात्मक सूची बनाकर सैन्य उपकरणों को विदेशों से आयात न करने के निर्णय की सराहना की।

मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा

तमिलनाडु में सीएए लागू नहीं करेंगे

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 मार्च।

केंद्र सरकार की ओर से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना जारी होने के एक दिन बाद विपक्ष की राज्य सरकारों ने इसे नहीं लागू करने और इसी वैधता पर सवाल उठाए हैं।

स्टालिन ने लोकसभा चुनाव नजदीक होने के बीच सीएए लागू करने के लिए नियमों को 'जल्दबाजी में' अधिसूचित करने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि सीएए और इसके नियम संविधान की मूल संरचना के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि सीएए से कोई लाभ नहीं होने वाला है। यह भारतीय जनता के बीच सिर्फ फूट डालने का रास्ता तैयार करेगा। उनकी सरकार का रुख यह है कि यह कानून पूरी तरह अनुचित है और इसे निरस्त किया जाना चाहिए।

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए), 2019 लागू किए जाने पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत

स्टालिन ने सीएए को 'विभाजनकारी और बेकार' बताते हुए इसे खारिज कर दिया। वहीं, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि सीएए में जिन नियमों को अधिसूचित किया गया है, उनमें कोई स्पष्टता नहीं है।

सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएए में जिन नियमों को अधिसूचित किया गया है उनमें कोई स्पष्टता नहीं है।

तमिलनाडु के ही एक अन्य दल आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) महासचिव एके पलानीस्वामी ने सीएए के लागू होने की आलोचना की और कहा कि केंद्र सरकार ने इसके कार्यान्वयन के साथ एक ऐतिहासिक भूल की है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) पोलित ब्यूरो ने सीएए लागू किए जाने का विरोध करते हुए कहा कि यह संविधान में निहित नागरिकता के धर्मनिरपेक्ष सिद्धांत का उल्लंघन करता है। दिग्गज अभिनेता और 'मक्कल निधि मय्यम' पार्टी के संस्थापक कमल हासन और अभिनेता विजय ने सीएए लागू किए जाने का कड़ा विरोध किया। विजय ने हाल ही में अपनी राजनीतिक पार्टी 'तमिझागा वेत्री कषगम' गठित की है। हासन ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार आम चुनाव से पहले सीएए के माध्यम से लोगों को विभाजित करने और सद्भाव को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने कानूनी और राजनीतिक रूप से सीएए का दृढ़ता से विरोध किया है।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने आरोप लगाया कि सीएए को लागू करके भाजपा हिंदू महासभा के 'दो राष्ट्र' सिद्धांत की अवधारणा पर चल रही है। जम्मू-कश्मीर की मुख्यमंत्री रह चुकी महबूबा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में इस मामले के लंबित रहने के बावजूद सीएए को लागू करना सरकार की विफलताओं से ध्यान भटकाने का एक प्रयास है। वहीं, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने तंज करते हुए कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार ने सीएए के नियमों को अधिसूचित करके मुसलिमों को रमजान का तोहफा दिया है।

चुनावी बांड : राष्ट्रपति से अनुरोध, न्यायालय से लें परामर्श

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 मार्च।

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के प्रमुख आदिश सी अग्रवाल ने एक असामान्य घटनाक्रम में मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर उनसे चुनावी बांड योजना संबंधी फैसले के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय से परामर्श लेने का आग्रह किया। उन्होंने न्यायालय से यह भी आग्रह करने का अनुरोध किया कि जब तक शीर्ष अदालत मामले की दोबारा सुनवाई न कर ले, तब तक संबंधित फैसले पर अमल न किया जाए।

अग्रवाल ने राष्ट्रपति को लिखे अपने पत्र में कहा है, 'विभिन्न राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले कारपोरेट घरानों के नामों का खुलासा करने से ये घराने उत्पीड़न की दृष्टि से संवेदनशील हो जाएंगे।' अग्रवाल ने कहा, 'अगर कारपोरेट घरानों के नाम और विभिन्न दलों को दिए गए चंदे की राशि का खुलासा किया जाता है, तो कम चंदा पाने वाले दलों

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के प्रमुख आदिश सी अग्रवाल ने कहा, 'अगर कारपोरेट घरानों के नाम और विभिन्न दलों को दिए गए चंदे की राशि का खुलासा किया जाता है, तो इन्हें निशाना बनाए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

द्वारा इन्हें निशाना बनाए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है और उन्हें परेशान किया जाएगा। यह (कारपोरेट कंपनियों से) स्वैच्छिक चंदा स्वीकार करते वक्त उनके साथ किए गए वादे से मुकरने जैसा होगा।'

अग्रवाल आल इंडिया बार एसोसिएशन (एआइबीए) के भी अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि यदि सभी संवेदनशील जानकारियों को जारी किया जाता है और वह भी पूर्वव्यापी प्रभाव से तो इससे 'अंतरराष्ट्रीय जगत में राष्ट्र की प्रतिष्ठा' धूमिल होगी। उन्होंने कहा कि खुलासे से भविष्य में चंदा खत्म हो जाएगा और इस तरह का कृत्य विदेशी कारपोरेट संस्थाओं को भारत में अपना कारोबार स्थापित करने में हतोत्साहित करेगा।

सीएए के जरिए हिंदू, जैन व सिख शरणार्थियों को प्रधानमंत्री ने किया सम्मानित : शाह

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 मार्च।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के जरिए हिंदू, बौद्ध, सिख और जैन शरणार्थियों को नागरिकता देकर सम्मानित किया है। हैदराबाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सोशल मीडिया स्वयंसेवकों की एक बैठक को संबोधित करते हुए शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण सीएए का विरोध किया।

शाह ने सीएए लागू करने को जायज ठहराते हुए कहा कि हमने कहा था कि हम सीएए लाएंगे। कांग्रेस ने सीएए का विरोध किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस और हमारे संविधान निर्माताओं का यह वादा था कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान में

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टीकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण सीएए का विरोध किया।

धार्मिक आधार पर सताए गए लोगों को भारत आने पर नागरिकता प्रदान की जाएगी, लेकिन तुष्टीकरण और वोट-बैंक की राजनीति के कारण कांग्रेस पार्टी ने सीएए का विरोध किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से लाखों-करोड़ों लोग अपनी आस्था और सम्मान को बचाने के लिए भारत आए लेकिन उन्हें नागरिकता नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि नागरिकता नहीं मिलने से उन्होंने अपने देश में खुद को अपमानित महसूस किया।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सीएए के जरिए हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख शरणार्थियों को नागरिकता देकर उनका सम्मान किया है। शाह ने अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त करने, अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, लोकसभा व राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसद आरक्षण, तीन तलाक को खत्म करने और देश के सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने जैसी केंद्र सरकार की कुछ उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने वोट बैंक की राजनीति के कारण राम मंदिर मुद्दे को 70 वर्षों तक लटकाया और प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार किया।शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों में भ्रष्टाचार मुक्त शासन सुनिश्चित किया।

राष्ट्रीय राजमार्ग-913 के निर्माण के लिए 6,621.6 करोड़ रुपए स्वीकृत

नई दिल्ली, 12 मार्च (ब्यूरो)।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) ने फ्रंटियर राजमार्ग के रूप में वर्गीकृत राष्ट्रीय राजमार्ग-913 पर आठ हिस्सों के निर्माण के लिए 6,621.62 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि इस परियोजना की कुल लंबाई 265.49 किलोमीटर की है। गडकरी ने कहा कि इन राजमार्ग खंडों का विकास सीमावर्ती क्षेत्रों में संपर्क सुविधा बढ़ाने और क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का वादा करता है। मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग-716 पर तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश सीमा से पुत्तूर तक की मौजूदा दो-लेन वाली पक्की सड़क के विस्तार के लिए 1,346.81 करोड़ रुपये के आवंटन को मंजूरी दे दी है। इस विकास का उद्देश्य निर्दिष्ट खंड को पूरी तरह से पहुंच-नियंत्रित गलियारे में बदलना है।

देश भर के 500 किसान संगठन लामबंद

नई दिल्ली, 12 मार्च (ब्यूरो)।

न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, कर्ज माफी समेत अन्य मांगों के समर्थन में लामबंद किसान दिल्ली पहुंचेंगे। 2024 लोकसभा चुनाव से ठीक पहले संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर 14 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित महापंचायत में देश भर के करीब 500 किसान संगठनों के प्रतिनिधि एक मंच पर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। किसानों का विरोध का सिलसिला अगर जल्द नहीं थमा तो आगामी आम चुनाव पर भी इसका असर पड़ सकता है। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले करीब ढाई साल पहले किसानों का आंदोलन एक साल से भी अधिक दिन तक जारी रहा था।

वायुसेना का तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 मार्च।

वायुसेना का एक स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस मंगलवार को राजस्थान के जैसलमेर के नजदीक एक आवासीय कालोनी में अपनी प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच (कोर्ट आफ इंक्वायरी) के आदेश दे दिए हैं। तेजस लड़ाकू विमान से जुड़ा यह पहला हादसा है। वायुसेना ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी।

वहीं, सैन्य सूत्रों ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त हुआ यह तेजस विमान राज्य की पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजित किए गए भारत शक्ति युद्धाभ्यास में शामिल हुआ था। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत तीनों सेनाओं के शीर्ष अधिकारी मौजूद थे। लेकिन यह हादसा 12 मार्च की दोपहर लगभग दो बजे विमान के युद्धाभ्यास में भाग लेने के बाद जैसलमेर वायुसैन्य अड्डे की ओर लौटते वक्त पोखरण रेंज से करीब सौ किलोमीटर की दूरी पर हुआ। भारत शक्ति युद्धाभ्यास में वायुसेना के कुल तीन तेजस लड़ाकू विमान शामिल हुए थे। इनमें से एक दुर्घटना का शिकार हो गया।

वायुसेना ने 'एक्स' पर बताया कि मंगलवार को एक तेजस लड़ाकू विमान रणनीतिक प्रशिक्षण उड़ान के दौरान जैसलमेर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया। इस हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दे दिए गए हैं। उधर, जैसलमेर के अपर पुलिस अधीक्षक महेंद्र सिंह ने कहा कि इस हादसे में कला आवासीय कालोनी में जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। जहां ये घटना हुई थी वहां पर एक मंजिला ईंटों के ढांचे से धुएं का मोटा गुबार उठते हुए देखा गया।

मालूम है कि तेजस से पहले वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान हाक पश्चिम बंगाल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें सवार दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए थे और हादसे में जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ था। तेजस भारतीय वायुसेना के जंगी बेड़े में शामिल एक अग्रणी पंक्ति का लड़ाकू विमान है। वर्तमान में इसकी कुल करीब दो स्क्वाड्रन यानी करीब 40 विमान वायुसेना में तैनात हैं। इनसे जुड़ी स्क्वाड्रन को नंबर 18 स्क्वाड्रन और 'फ्लाइंग बुलेट' के नाम से जाना जाता है।

हादसा

राजस्थान के जैसलमेर में दुर्घटनाग्रस्त तेजस विमान में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी।

पेज 1 का बाकी

चार साल के तनाव से भारत व चीन को कुछ हासिल नहीं हुआ : जयशंकर

है, लेकिन यह ऐसा समाधान होना चाहिए, जो समझौतों का सम्मान करता हो और वास्तविक नियंत्रण रेखा को मान्यता देता हो। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के लिए अपने दरवाजे कभी बंद नहीं किए, लेकिन आतंकवाद का मुद्दा ईमानदारी से बातचीत के केंद्र में होना चाहिए।'

हाल ही में दक्षिण कोरिया और जापान की आधिकारिक यात्रा से लौटे जयशंकर ने कूटनीति की बदलती प्रकृति से लेकर बदल रही वैश्विक व्यवस्था सहित कई मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। बाद में, उन्होंने राजनयिकों, व्यवसायियों, शिक्षाविदों, उद्यमियों, पत्रकारों और विदेश नीति के बारे में जानने के इच्छुक लोगों के एक वर्ग के प्रश्नों के उत्तर भी दिए। जब उनसे सवाल किए गए कि सीमा मुद्दे को सुलझाने के लिए चीनी पक्ष ने अतीत में किन प्रस्तावों की पेशकश की और क्या कभी ऐसी स्थिति बनी जब उन्हें ऐसा लगा कि इस मुद्दे को वास्तव में सुलझाया जा सकता है, तो मंत्री ने कहा कि सीमा संबंधी विवादों को लेकर वार्ता कर रहे हर देश को यह मानना होता है कि इसका कोई समाधान अवश्य होगा।

जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि यह हमारे साझा हित में है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर इतनी अधिक संख्या में बल नहीं होने चाहिए। मुझे लगता है कि यह हमारे साझा हित में है कि हमें उन समझौतों का पालन करना चाहिए जिन पर हमने हस्ताक्षर किए हैं। चार साल से हमने जो तनाव देखा है, उससे हम दोनों देशों में से किसी को कोई फायदा नहीं हुआ। जयशंकर ने कहा कि इसलिए, मेरा वास्तव में मानना है कि हम जितना जल्द इसे सुलझाते हैं, हमारे लिए यह उतना ही अच्छा होगा।

अरुणाचल भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य हिस्सा : विदेश मंत्रालय

करने को लेकर उसने भारत के समक्ष राजनयिक विरोध दर्ज कराया है और उसने भारत के इस कदम से सीमा विवाद और जटिल होने की बात कहकर क्षेत्र पर फिर से अपना दावा जताया। जायसवाल ने कहा कि ऐसी यात्राओं पर चीन की आपत्ति इस वास्तविकता को नहीं बदल पाएगी कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न एवं अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा। जायसवाल ने मोदी के अरुणाचल प्रदेश दौरे पर चीन की आपत्ति से जुड़े मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए यह कहा। चीन, अरुणाचल प्रदेश के दक्षिण तिब्बत होने का दावा करता है। वह भारतीय नेताओं के राज्य का दौरा करने पर नियमित रूप से आपत्ति जताता रहा है। चीन ने इस इलाके का नाम जैंगनान रखा है।

भाजपा का नायाब फार्मूला, हटाए गए मनोहर लाल खट्टर

कुल 14 मंत्री थे। इनमें चौटाला सहित जजपा के तीन सदस्य भी शामिल थे। वर्तमान में 90 सदस्यीय हरियाणा विधानसभा में भाजपा के 41 विधायक और जजपा के 10 विधायक हैं। इस गठबंधन को सात में से छह निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन प्राप्त था। आंकड़ों के लिहाज से भाजपा सरकार को फिलहाल कोई खतरा नहीं दिख रहा है। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के 30 विधायक हैं और इनेलो व हरियाणा लोकहित पार्टी के पास एक-एक सीट है। हरियाणा में हुए इस आश्चर्यजनक घटनाक्रम के बाद जजपा ने दिल्ली में अपने नेताओं की एक बैठक बुलाई। माना जा रहा है कि हरियाणा के उसके पांच विधायकों ने बैठक में हिस्सा नहीं लिया। इसे पार्टी में संभावित टूट का संकेत माना जा रहा है।

जजपा की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष निशान सिंह ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि पार्टी नेताओं के बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने की और इसमें सभी मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि 13 मार्च को अजय सिंह चौटाला का जन्मदिन है और इस अवसर पर हिसार में आयोजित नव संकल्प रैली में पार्टी के आगामी रुख की घोषणा की जाएगी। जजपा के कुछ विधायकों के भाजपा संग जाने के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हिसार की रैली में ही सारे सवालों का जवाब दिया जाएगा। ओबीसी समुदाय से हैं सैनी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से ताल्लुक रखने वाले नायब सिंह सैनी कुरुक्षेत्र से सांसद हैं और पिछले साल अक्तूबर में ओम प्रकाश धनखड़ को हटाकर उन्हें प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इस बदलाव को ओबीसी समुदाय पर अपनी पकड़ मजबूत करने के भाजपा के प्रयास के तौर पर देखा गया था। राज्य में सबसे अधिक आबादी जाट समुदाय की है।

माना जाता है कि इस समुदाय का वोट कांग्रेस, जननायक जनता पार्टी (जजपा) और इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के बीच बंट जाता है। विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सैनी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में 'सर्वसम्मति' से भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेताओं का आभार जताया।वहीं, बिप्लव देब ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सिंह सैनी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में शुरू हुए हरियाणा के विकास कार्यों को वह आगे बढ़ाते हुए राज्य को विकास के मामले में आगे लेकर जाएंगे।

चौटाला ने सेवा के अवसर के लिए जनता का आभार जताया दुष्यंत चौटाला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की सेवा करने का अवसर मिलने के लिए जनता का आभार जताया और कहा कि राज्य का हित व जनता के कार्यों के लिए उनका समर्थन और सहयोग उनके लिए हमेशा ऊर्जादायक रहा है। उन्होंने कहा कि सीमित समय और सीमित संख्या के साथ हमने दिन-रात हरियाणा के हितों की रक्षा के लिए लगाए हैं। प्रधानमंत्री नायब सिंह सैनी को दी बधाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर भाजपा नेता नायब सिंह सैनी को बधाई दी।

नौ में से एक दस्तावेज मूल देश का देना होगा

सरकार द्वारा जारी प्रमाणपत्र (लाइसेंस या आधार आदि), राशन कार्ड, सरकार या अदालत द्वारा जारी स्टाम्प के साथ कोई भी आवेदन, भारत में जारी जन्मपत्र, आवेदक के नाम जमीन की रजिस्ट्री या किराया करार और पैन कार्ड प्रमाण पत्रों में शामिल हैं। इसके अलवा ग्रामीण-शहरी या डाक खातों से संबंधित ब्योरा, भारत की बीमा कंपनी की पालिसी, आवेदक के नाम कोई भी बिजली कंपनी का दस्तावेज, अदालत से संबंधित आदेश, कर्मचारी भविष्य निधि संबंधित दस्तावेज, भारत में जारी विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र, शिक्षण संस्थानों द्वारा जारी अकादमी पत्र, आवेदक को नगर पालिका से जारी व्यापार लाइसेंस और विवाह प्रमाणपत्र शामिल हैं। कौन अवैध प्रवासी है नागरिकता अधिनियम, 1955 की तरह सीएए कानून अवैध प्रवासी को एक विदेशी के रूप में परिभाषित करता है, जिसने वैध दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश किया है।

नागरिकता प्रणाली में जरूरत के अनुसार बदलाव लाने और अवैध प्रवासियों को नियंत्रित करने के लिए इस अधिनियम की आवश्यकता थी।क्या अन्य देश से आने वाले मुसलिम प्रवासियों के लिए कोई प्रतिबंध है सीएए प्राकृतिक आधार पर कानूनों को रद्द नहीं करता है, इसीलिए किसी भी अन्य देश से आए मुसलिम प्रवासियों सहित कोई भी व्यक्ति, जो भारतीय नागरिक बनना चाहता है, मौजूदा कानूनों के तहत इसके लिए आवेदन कर सकता है। यह अधिनियम किसी भी मुसलिम को मौजूदा कानूनों के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने से नहीं रोकता है, जिसे इस्लाम के अपने तौर-तरीकों का पालन करने के लिए उन तीन इस्लामिक देशों में उत्पीड़न का सामना करना पड़ा हो।

एसबीआइ ने चुनावी बांड का ब्योरा आयोग को सौंपा

करनी होगी। सूत्रों के मुताबिक, एसबीआइ ने शीर्ष अदालत के आदेश का पालन करते हुए चुनावी बांड का विवरण निर्वाचन आयोग को सौंप दिया है। एसबीइ ने 2018 में योजना की शुरुआत के बाद से 30 किस्त में 16,518 करोड़ रुपए के चुनावी बांड जारी किए। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसले में केंद्र की चुनावी बांड योजना को रद्द करते हुए इसे 'असंवैधानिक' करार दिया और निर्वाचन आयोग को दानदाताओं, उनके और प्राप्तकर्ताओं द्वारा दान की गई राशि का खुलासा करने का आदेश दिया।

एसबीआइ ने विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक का समय मांगा था। हालांकि, शीर्ष अदालत ने बैंक की याचिका खारिज कर दी और उसे मंगलवार को कामकाजी समय समाप्त होने तक सभी विवरण निर्वाचन आयोग को सौंपने को कहा। राजनीतिक वित्तपोषण में पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नगद चंदे के विकल्प के रूप में चुनावी बांड को पेश किया गया था। चुनावी बांड की पहली बिक्री मार्च 2018 में हुई थी। चुनावी बांड राजनीतिक दल द्वारा अधिकृत बैंक खाते के माध्यम से भुनाए जाने थे और एसबीआइ इन बांड को जारी करने के लिए एकमात्र अधिकृत बैंक है।

www.readwhere.com

कार्यालय ग्राम पंचायत मुड़िगवां, वि.खं. ददरौल, शाहजहांपुर

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप, कचरा वाहन, ई-रिक्शा, RRC केन्द्र का निर्माण, सोक पिट, फिल्टर चेम्बर, लीचपिट, प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इंसीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेंटिंग, स्वच्छता नारा लेखन, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, इण्टरलाकिंग निर्माण, खड़ंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी भराव आदि कार्य कराये जाने हैं। उपरोक्त कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, रोड़ी, मौरंग, रेत, सीमेन्ट, मिट्टी, सरिया, पत्थर, पाइप एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, बजरी, ई-रिक्शा, सफाई ठेली, इण्टरलाकिंग ईंट, गेट विंडो आदि सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मों/ ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा दिनांक 10.02.2024 को दोपहर 12 बजे तक कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। समस्त निविदायें उसी दिन दोपहर 02 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/ निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

सुरेश पाल, ग्राम प्रधान **कोमल शर्मा, सचिव**

कार्यालय ग्राम पंचायत पंथी, वि.खं. ददरौल, शाहजहांपुर

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के फेस-2 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में उपलब्ध केन्द्रीय वित्त, राज्य वित्त, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, मनरेगा योजना की धनराशि से व्यक्तिगत नाडेप, सामुदायिक नाडेप, कचरा वाहन, ई-रिक्शा, RRC केन्द्र का निर्माण, सोक पिट, फिल्टर चेम्बर, लीचपिट, प्लास्टिक बैग, सामुदायिक इंसीनेटर निर्माण, सिल्ट कैचर, वर्मी कम्पोस्ट, खाद के गड्डे, स्वच्छता किट, आई.सी.सी./वॉल पेंटिंग, स्वच्छता नारा लेखन, नाली निर्माण, नाली मरम्मत, इण्टरलाकिंग निर्माण, खड़ंजा निर्माण/मरम्मत, मिट्टी भराव आदि कार्य कराये जाने हैं। उपरोक्त कार्य हेतु ईंट प्रथम श्रेणी, रोड़ी, मौरंग, रेत, सीमेन्ट, मिट्टी, सरिया, पत्थर, पाइप एंगल, लोहे की जाली, टीन शेड, तार, बजरी, ई-रिक्शा, सफाई ठेली, इण्टरलाकिंग ईंट, गेट विंडो आदि सामग्री क्रय की जानी है। इच्छुक समस्त आपूर्तिकर्ता फर्मों/ ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निविदा दिनांक 10.02.2024 को दोपहर 12 बजे तक कुटेशन/निविदायें आमंत्रित की जायेंगी। समस्त निविदायें उसी दिन दोपहर 02 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेंगी। निविदा स्वीकृत/ निरस्त करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

फूलमती, ग्राम प्रधान **कोमल शर्मा, सचिव**

SBI

कॉरपोरेट केंद्र, नरीमन पॉइंट, मैडम कामा रोड, मुंबई-400021

हवाई यात्रा टिकटों की बुकिंग के लिए ट्रैवल एजेंसियों का सूचीबद्धता

बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों/पेंशनभोगियों के लिए हवाई यात्रा टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग संबंधी सेवा प्रदान करने के लिए हवाई यात्रा एजेंसियों की सेवाएँ प्राप्त करने हेतु निविदा.

भारतीय स्टेट बैंक, कॉरपोरेट सेंटर, मुंबई द्वारा पूरे भारत में तैनात बैंक के अधिकारियों/कर्मचारियों/पेंशनभोगियों के लिए घरेलू/अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों के लिए ऑनलाइन माध्यम से हवाई यात्रा टिकटों की बुकिंग के उद्देश्य से 03 वर्ष की अवधि के लिए पात्र एवं प्रतिष्ठित कंपनियों/एजेंसियों से सीलबंद प्रस्ताव आमंत्रित करता है.

सेवा के ''नियमों व शर्तें'', मनोनीत / चयनित होने के लिए पात्रता मानदंड और निविदा जमा करने हेतु प्रारूप सहित बैंक की विशिष्ट आवश्यकताएँ बैंक की वेबसाइट : **www.bank.sbi** पर प्रोक्योरमेंट न्यूज लिंक के अंतर्गत उपलब्ध हैं. इन्हें संपर्क विभाग, मेज़ेनाइन फ्लोर, भारतीय स्टेट बैंक, स्टेट बैंक भवन, मैडम कामा रोड, मुंबई-400021 से व्यक्तिगत रूप से भी प्राप्त किया जा सकता है.

संपर्क नंबर: 022-22740050/53/62

बोलियाँ जमा करने की अंतिम तिथि: 06.04.2024 (1700 बजे तक).

दिनांक: 13.03.2024 **मुख्य संपर्क अधिकारी**

कब्जा सूचना

जबकि, वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षाहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और शक्तियों का प्रयोग करते हुए जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (पूर्व में जनलक्ष्मी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधिकृत अधिकारी के रूप में सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (2) के तहत उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं को मांग सूचना जारी करता है, जिसमें उधारकर्ताओं से संबंधित नामों के सामने उल्लिखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्तन ोटिस की प्राप्ति की तारीख से, भुगतान और/या वसूली की तारीख तक किए गए प्रासंगिक खर्चों, लागतों, शुल्कों आदि के रूप में॰ ाविष्य के ब्याज सहित चुकाने का आदेश दिया था।

क्र. सं.	ऋण संख्या	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता /गारंटर/बंधककर्ता	13(2) नोटिस दिनांक/बकाया देय (रुपये में)	दिनांक/समय एव कब्जे का प्रकार
1	46108640000138	1) मैसर्स. युथ एण्ड स्टाईल इसके मालिक मोहम्मद आरिफ, के माध्यम से। 2)मो. आरिफ (उधारकर्ता), 3)श्रीमती आमना (गारंटर)	20.11.2023 रु.92,12,622.09/-/- (बयानबे लाख बारह हजार छह सौ बाईस रुपये और केवल नौ पैसे) 15.11..2023 तक	तारीख: 12.03.2024 समय: 11:57 सुबह सांकेतिक कब्जा

सुरक्षित संपत्ति का विवरण: अचल संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल मकान संख्या 100/132 कुल माप 1135 वर्ग फुट, गन्ने वाली गली, अमीनाबाद, लखनऊ-226018। श्री मोहम्मद आरिफ पुत्र मोहम्मद सिड और श्रीमती आमना, पत्नी मोहम्मद सईद. के स्वामित्व में। इसकी सीमा इस प्रकार है:- पूर्वः सड़क 20 फीट, पश्चिमः चुन्ने का घर, उत्तरः गुलाब का घर, दक्षिणः मुन्ने का प्लॉट।

जबकि, यहां ऊपर उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता देय राशि चुकाने में विफल रहे हैं, विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को सूचित किया जाता है कि जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी ने ऊपर वर्णित तिथियों पर उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऊपर वर्णित सुरक्षित संपत्तियो पर कब्जा कर लिया है विशेष रूप से ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं/ सह-उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओ और सामान्य रूप से जनता को सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त संपत्तियों/सुरक्षित परिसंपत्तियों के साथलेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/सुरक्षितपरिसंपत्तियों के साथ कोई भी लेनदेन जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के शुल्क के अधीन होगा।

स्थानः लखनऊ **हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी,**
दिनांक:13.03.2024, **जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक

एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकद्ध

पंजीकृत कार्यालयः द फेयरवे, ग्राउंड और प्रथमतल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 और 12/2बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगलमें, चल्लाघट्टा, बैंगलोर-560071
शाखा कार्यालय16/12, दूसरी मंजिल, डब्ल्यू.ई.ए आर्य समाज रोड, करोलबाग, दिल्ली-110005

		रवि चौहान	उपलब्ध नहीं है
आदिनाथ प्रोजेक्ट्स लिमिटेड दूतावास, फ्लैट नंबर 9जी, 4, शेक्सपियर सारणी, कोलकाता–700071	3.58/–	नीलम बागरी	उपलब्ध नहीं है
		प्रिया घंगस	उपलब्ध नहीं है
		रंजन रॉय	उपलब्ध नहीं है
		जय कुमार बागरी	उपलब्ध नहीं है

*पता एमसीए/एक्सचेंज के रिकॉर्ड के अनुसार उपलब्ध है
**एक्सचेंज के रिकॉर्ड के अनुसार पता उपलब्ध है

टिप्पणियाँः अनिवार्य असूचीबद्धता के परिणामों में निम्नलिखित शामिल हैंः
कः असूचीबद्धता विनियमों के विनियम 34(1) के अनुसार, असूचीबद्धता कंपनी, उसके पूर्णकालिक निदेशकों, प्रमोटरों और समूह कंपनियों को अनिवार्य डीलिस्टिंग की तारीख से 10 साल की अवधि के लिए प्रतिभूति बाजार तक पहुंचने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।
ख : ऐसी कंपनी के मामले में जिसका उचित मूल्य सकारात्मक है–
•ऐसी कंपनी और डिपॉजिटरी प्रमोटरों/प्रमोटर समूह द्वारा रखे गए किसी भी इक्विटी शेयर की बिक्री, गिरवी आदि के माध्यम से हस्तांतरण को प्रभावित नहीं करेगी और लाभांश, अधिकार, बोनस शेयर, विभाजन आदि जैसे कॉर्पोरेट लाभ नहीं दिए जाएंगे प्रमोटरों/प्रमोटर समूह द्वारा रखे गए सभी इक्विटी शेयरों को तब तक फ्रीज कर दिया जाता है, जब तक कि ऐसी कंपनी के प्रमोटर प्रासंगिक मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज द्वारा प्रमाणित अनुसार इन विनियमों के विनियमन–33 के उप–विनियम (4) के अनुपालन में सार्वजनिक शेयरधारकों को बाहर निकलने का विकल्प प्रदान नहीं करते हैं।
• अनिवार्य रूप से असूचीबद्ध कंपनी के प्रमोटर, पूर्णकालिक निदेशक और प्रतिभूति कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति भी खंड (ए) में उपलब्ध उल्लिखित निकास विकल्प तक किसी भी सूचीबद्ध कंपनी के निदेशक बनने के पात्र नहीं होंगे।
गः सार्वजनिक शेयरधारकों को बाहर निकलने और उचित मूल्यांकन के लिए स्टॉक एक्सचेंजों को जानकारी प्रदान करने की जिम्मेदारी कंपनी के प्रमोटरों पर है। यदि प्रमोटरों द्वारा निकास प्रदान नहीं किया जाता है, तो उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।
किसी भी प्रश्न को पैनल फॉर कंपल्सरी डीलिस्टिंग, द कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, 7, ल्योंस रेंज, कोलकाता–700001, फोन नंबर 033–4025–3076, ईमेल : compulsorydelisting@cse-india.com पर संबोधित किया जा सकता है।

पी.दत्ता
सीएफओ
कलकत्ता स्टॉक लिमिटेड के लिए और उसकी ओर से

स्थानः कोलकाता
9 मार्च 2024

www.readwhere.com

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सूचकांक 165 अंक चढ़ा

मुंबई, 12 मार्च (भाषा)।

एशियाई बाजारों के मिले-जुले संकेतों के बीच एचडीएफसी बैंक, टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे बड़े शेयरों में लिवाली के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक और निफ्टी मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 30 शेयरों वाला सूचकांक 165.32 अंक या 0.22 फीसद बढ़कर 73,667.96 अंक पर बंद हुआ।

दिन में कारोबार के दौरान यह 501.52 अंक बढ़कर 74,004.16 अंक पर पहुंच गया था। इसी तरह नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी 3.05 अंक या 0.01 फीसद की मामूली वृद्धि के साथ 22,335.70 अंक पर लगभग स्थिर बंद हुआ।

सूचकांक की कंपनियों में एचडीएफसी बैंक दो फीसद से अधिक चढ़ गया। इसके अलावा टीसीएस, मारुति, इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल में उल्लेखनीय बढ़त हुई। दूसरी ओर भारतीय स्टेट बैंक, जेएसडब्लू स्टील, आइटीसी, टाटा मोटर्स,

अल्ट्राटेक सीमेंट और नेस्ले के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि पिछले दिन की तेज मुनाफा वसूली के बाद घरेलू बाजार में सीमित दायरे में कारोबार हुआ। मूल्यांकन को लेकर आशंकाओं के चलते मिडकैप और स्मालकैप शेयरों पर दबाव रहा। उन्होंने कहा कि वैश्विक धारणा भी मिली-जुली बनी हुई है, क्योंकि निवेशक अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। व्यापक बाजारों में बीएसई स्मालकैप सूचकांक में 2.11 फीसद और मिडकैप में 1.31 फीसद की गिरावट हुई।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने जारी किए आंकड़े

खुदरा महंगाई फरवरी में चार महीने के निचले स्तर 5.09% पर

नई दिल्ली, 12 मार्च (भाषा)।

खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में मामूली घटकर चार महीने के निचले स्तर 5.09 फीसद पर आ गई। इसके साथ, यह लगातार छठे महीने भारतीय रिजर्व बैंक के दो से छह फीसद के संतोषजनक दायरे में है।

मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं के दाम में तेजी के बावजूद उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में 5.1 फीसद के लगभग बराबर है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य वस्तुओं की महंगाई फरवरी में 8.66 फीसद रही, जो इससे पिछले महीने 8.3 फीसद से मामूली अधिक है। मासिक आधार पर सब्जियों, फल, तेल और वसा, दाल व उसके उत्पादों की महंगाई में मामूली कमी आई।

मासिक आधार पर सब्जियों, फल, तेल और वसा, दाल व उसके उत्पादों की महंगाई में मामूली कमी आई। हालांकि, अनाज और उसके उत्पाद, मांस और मछली व दूध एवं उसके उत्पाद खंड में कीमत वृद्धि की दर ऊंची रही।

हालांकि, अनाज और उसके उत्पाद, मांस और मछली व दूध एवं उसके उत्पाद खंड में कीमत वृद्धि की दर ऊंची रही। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में खाद्य वस्तुओं की हिस्सेदारी करीब 50 फीसद है। एनएसओ के अनुसार, फरवरी में औसत मुद्रास्फीति ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक 5.34 फीसद रही, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह 4.78 फीसद थी। राज्यों में सबसे ज्यादा महंगाई ओड़ीशा में 7.55 फीसद जबकि दिल्ली में सबसे कम 2.42 फीसद रही। भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा मुद्रास्फीति दो फीसद घट-बढ़ के साथ चार फीसद पर रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है। केंद्रीय बैंक ने पिछले महीने मौद्रिक नीति समीक्षा में मुद्रास्फीति के 2023-24 में 5.4 फीसद और जनवरी-मार्च तिमाही में 5.0 फीसद रहने का अनुमान जताया था।

सीपीआइ आंकड़े के बारे में इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि खाद्यान्न और पेय पदार्थों को छोड़कर सभी उप-समूह में फरवरी में महंगाई दर नरम हुई। यह संकेत देता है कि गैर-खाद्य वस्तुओं की श्रेणी में नरमी जारी है। उन्होंने कहा कि मुख्य (कोर) मुद्रास्फीति (खाद्य और पेय पदार्थ, ईंधन और प्रकाश को सीपीआइ से हटाने पर) नरम होकर इस साल फरवरी में 3.5 फीसद रही, जो जनवरी, 2024 में 3.7 फीसद थी। यह जनवरी, 2015 से उपलब्ध मेट्रिक आधारित आंकड़ों में सबसे कम है।

खबर कोना

अन्नाद्रमुक के सदस्यों ने चेन्नई में राज्य में नशीली दवाओं के प्रसार के विरोध में मंगलवार को सत्तारूढ़ द्रमुक के खिलाफ प्रदर्शन किया।

भीड़ हिंसा के मामले में 10 को उम्रकैद

हापुड़, 12 मार्च (जनसत्ता)।

हापुड़ जिले की एक अदालत ने भीड़ हिंसा के करीब छह वर्ष पुराने एक मामले में सभी 10 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

विशेष लोक अभियोजक विजय चौहान ने मंगलवार को बताया कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश श्वेता दीक्षित की अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद भीड़ हिंसा से संबंधित मामले में 10 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 58-58 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

विशेष लोक अभियोजक विजय चौहान ने मंगलवार को बताया कि अपर जिला सत्र न्यायाधीश श्वेता दीक्षित की अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद भीड़ हिंसा से संबंधित मामले में 10 आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 58-58 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

जून 2018 में हापुड़ के धौलाना के गांव बझैड़ा निवासी कासिम (45) की गोहत्या के झूठे आरोप में भीड़ ने हत्या कर दी थी। समयदीन (62) पर भी जानलेवा हमला किया गया था, लेकिन वह बच गया। पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी कर जेल भेज दिया था और विवेचना पूरी करने के बाद आरोपपत्र दाखिल किया।

चौहान ने बताया कि इस मामले में मंगलवार को हापुड़ की अपर जिला सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) श्वेता दीक्षित ने सुनवाई के बाद 10 आरोपियों धौलाना के बझैड़ा निवासी राकेश, हरिओम, युधिष्ठिर, रिंकू, करनपाल, मनीष, ललित, सोनू, कप्तान और मांगेराम को आजीवन कारावास सजा सुनाई और सभी पर 58-58 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर 8% रहेगी : नागेश्वर

मुंबई, 12 मार्च (भाषा)।

उद्योग और सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी के कारण वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आठ फीसद के करीब रहेगी।

मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने मंगलवार को यह बात कही। उन्होंने पंजीकृत निवेश सलाहकार संघ (एआरआइए) के एक कार्यक्रम को वीडियो कान्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि वृद्धि सांख्यिकी मंत्रालय के 7.6 फीसद के अनुमान से अधिक होगी। उन्होंने कहा कि निकट अवधि में भारत की संभावनाओं के बारे में आशावादी होने के कई कारण हैं। नागेश्वरन ने कहा, 'अगर चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े उस गति से बहुत कम नहीं होते हैं, जो हमने पहली तीन तिमाहियों में देखे हैं, तो सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.6 फीसद के बजाय आठ फीसद के करीब रहेगी।' उल्लेखनीय है कि सांख्यिकी मंत्रालय ने चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 7.6 फीसद रहने का अनुमान जताया है।

घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री फरवरी में 11 फीसद बढ़ी

नई दिल्ली, 12 मार्च (भाषा)।

भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 11 फीसद बढ़ी। उद्योग निकाय सियाम ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि स्पोर्ट यूटीलिटी वाहनों (एसयूवी) की बाजार पर पकड़ बरकरार है। आटो कंपनियों ने पिछले महीने डीलरों को कुल 3,70,786 यात्री वाहन भेजे, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 3,34,790 इकाई था।

आदिवासी बाहुल नंदुरबार में राहुल गांधी ने

जातिगत गणना और आर्थिक सर्वेक्षण का वादा किया

मुंबई, 12 मार्च (भाषा)।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि यदि उनकी पार्टी की सरकार बनती है, तो वह जातिगत गणना और आर्थिक एवं वित्तीय सर्वेक्षण कराएगी तथा भाजपा नीत शासन में 'कमजोर' हुए वन अधिकार अधिनियम को भी मजबूत करेगी।

'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के गुजरात से महाराष्ट्र में प्रवेश करने के बाद आदिवासी-बहुल नंदुरबार जिले में उन्होंने कहा कि भारत की आबादी में आदिवासियों की आठ फीसद हिस्सेदारी है और कांग्रेस यह सुनिश्चित करेगी कि उन्हें विकास में उनकी जनसंख्या के अनुरूप हिस्सा मिले।

उन्होंने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी की सरकार 50 फीसद से अधिक आदिवासी आबादी वाले गांवों को 'संविधान की छठी अनुसूची' में शामिल करेगी, ताकि स्थानीय स्तर के फैसले आदिवासियों की सहमति के बिना लागू नहीं किए जा सकें।

गांधी ने कहा, 'जब हम सत्ता में आएंगे, तो कांग्रेस देशभर में जातिगत गणना और आर्थिक एवं वित्तीय सर्वेक्षण कराएगी। यह एक क्रांतिकारी कदम होगा... हमारे पास प्रत्येक जाति और जनसंख्या में उसके प्रतिनिधित्व का सटीक आंकड़ा होगा।'

नाराजगी भोपाल में मंगलवार को शिक्षण कार्य के इच्छुक उम्मीदवारों ने भाजपा कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।

रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 82.78 प्रति डालर पर

मुंबई, 12 मार्च (भाषा)।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डालर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 82.78 (अस्थायी) प्रति डालर पर बंद हुआ। प्रमुख वृहद आर्थिक आंकड़ों के जारी होने से पहले बाजार प्रतिभागियों ने सतर्कता बरती। बाजार सूत्रों ने कहा कि डालर में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के कारण भारतीय रुपए में मामूली गिरावट आई। हालांकि, सकारात्मक घरेलू बाजारों और पिछले तीन सत्रों में निरंतर विदेशी कोषों के प्रवाह ने रुपए को निचले स्तर पर समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.74 प्रति डालर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 82.74 प्रति डालर के निचले स्तर और 82.72 प्रति डालर के उच्च स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में डालर के मुकाबले रुपया दो पैसे की गिरावट के साथ 82.78 प्रति डालर (अस्थायी) पर बंद हुआ। सोमवार को रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 82.75 प्रति डालर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डालर की स्थिति को दर्शाने वाला डालर सूचकांक 0.01 फीसद की गिरावट के साथ 102.85 रह गया।

योगी मंत्रिमंडल में शामिल होने के एक सप्ताह बाद

चार नए मंत्रियों को विभाग आबंटित

लखनऊ, 12 मार्च (भाषा)।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिमंडल में चार नए मंत्रियों को शामिल करने के एक हफ्ते बाद मंगलवार को उन्हें विभाग आबंटित कर दिए।

सूचना निदेशक शिशिर ने बताया कि भाजपा नीत राजग में शामिल हुए सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को पंचायती राज एवं अल्पसंख्यक कल्याण, हज और मुस्लिम वक्फ विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। दारा सिंह को जेल विभाग दिया गया है।

उन्होंने बताया कि भाजपा विधायक सुनील शर्मा को सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रानिक्स और राजग के घटक रालोद के कोटे से मंत्री बने अनिल कुमार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग मिला है। विभागों के बंटवारे में स्वतंत्र प्रभार के मंत्री धर्मवीर प्रजापति के पास से जेल विभाग हटाकर दारा सिंह चौहान को दिया गया है और अब प्रजापति के पास नागरिक सुरक्षा विभाग का दायित्व रहेगा। इन सभी को पांच मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने मंत्री पद की शपथ दिलाई थी।

राजग के घटक दल सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर गाजीपुर जिले के जहूराबाद से विधायक हैं, वहीं रालोद के अनिल कुमार पुरकाजी से विधायक हैं। दारा सिंह चौहान भाजपा के विधान परिषद सदस्य हैं और सुनील शर्मा गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद से विधायक हैं और 2022 के चुनाव में उप्र में सर्वाधिक मतों के अंतर से जीतने वाले विधायक हैं। योगी ने 2022 में मुख्यमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल के लिए पदभार संभाला था। उनके नेतृत्व वाले वर्तमान मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री सहित 22 कैबिनेट मंत्री हैं तथा 14 राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 20 राज्य मंत्री हैं। मंत्रिपरिषद में फिलहाल अधिकतम 60 मंत्रियों की सीमा के भीतर 56 सदस्य हैं। राजभर और चौहान अति पिछड़ा वर्ग, अनिल कुमार अनुसूचित जाति और सुनील शर्मा ब्राह्मण हैं। राजभर ने गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक के बाद 16 जुलाई 2023 को राजग में अपनी वापसी की घोषणा की थी।

राजभर ने 2017 में भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था लेकिन बाद में उनके रिश्ते खराब हो गये और उन्होंने योगी सरकार से इस्तीफा दे दिया था। राजभर ने 2022 में समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और पिछले वर्ष सपा से गठबंधन तोड़कर पुनः राजग का हिस्सा बन गये।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली पहली सरकार में वन मंत्री रहे दारा सिंह चौहान ने

भोजशाला में हिंदुओं ने मनाया जश्न, हनुमान चालीसा का पाठ किया

धार, 12 मार्च (भाषा)।

मध्य प्रदेश के धार में मध्यकालीन युग की संरचना भोजशाला को लेकर अदालत के फैसले पर मंगलवार को हिंदू संगठनों के सदस्यों ने परिसर में जश्न मनाया। लोगों ने वहां हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। वहीं, मुसलिम समुदाय हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहा है।

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने गत सोमवार को भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (एएसआइ) को छह सप्ताह के भीतर भोजशाला परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था। भोजशाला परिसर पर हिंदू और मुसलिम, दोनों अपना दावा करते हैं। एएसआइ द्वारा संरक्षित 11वीं सदी के स्मारक भोजशाला को हिंदू वाग्देवी (देवी सरस्वती) को समर्पित एक मंदिर मानते हैं। जबकि, मुसलिम समुदाय के लोग इसे कमाल मौला मस्जिद कहते हैं। सात अप्रैल, 2003 को एएसआइ द्वारा की गई एक व्यवस्था के अनुसार, हिंदू मंगलवार को भोजशाला परिसर में पूजा करते हैं। जबकि, मुसलिम शुक्रवार को परिसर में नमाज अदा करते हैं।

भोज उत्सव समिति के नेता अशोक जैन ने कहा कि हाई कोर्ट के आदेश के बाद मंगलवार को लोगों ने भोशाला में हनुमान चालीसा का पाठ किया। भोज उत्सव समिति के महासचिव सुमित चौधरी ने कहा कि एएसआइ सर्वेक्षण की लंबे समय से की जा रही मांग को हाई कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है।

जन औषधि केंद्र संचालकों के लिए सिडबी ऋण योजना शुरू

नई दिल्ली, 12 मार्च (भाषा)।

केंद्रीय स्वास्थ्य और रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को कहा कि जन औषधि केंद्रों के संचालकों के लिए सिडबी की ऋण सहायता योजना इस नेटवर्क को आगे बढ़ाने और मजबूती देने में मददगार साबित होगी। मांडविया ने ऋण सहायता योजना और इसके लिए एक समर्पित वेबसाइट की शुरुआत करने के बाद कहा कि जन औषधि केंद्र के छोटे संचालकों को बिना किसी गारंटी के सिडबी से कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिडबी की इस योजना से जन औषधि केंद्र के संचालकों को कारोबार शुरू करने या उसका विस्तार करने में मदद मिलेगी। ऐसे कर्ज पर गारंटी, चाहे कार्यशील पूंजी हो या सावधि ऋण को सूक्ष्म एवं लघु उद्यम क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट (सीजीटीएमएसइ) की तरफ से मुहैया कराया जा रहा है।

दुविधा

नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने कहा

आंकड़ों की कमी से किसानों की आय का पता लगाना मुश्किल

नई दिल्ली, 12 मार्च (भाषा)।

नीति आयोग के सदस्य रमेश चंद ने कहा है कि किसानों की आय दोगुनी हुई है या नहीं, इसका पता लगाने के रास्ते में कृषकों और अन्य स्रोतों से उनकी आय को लेकर आंकड़ों की कमी बाधा बनी हुई है। उन्होंने कहा कि किसान गैर-कृषि स्रोतों से अधिक कमाई कर रहे हैं।

रमेश चंद ने यह भी कहा कि कृषि वस्तुओं की कीमतें किसी कानून के जरिए तय नहीं की जा सकती, क्योंकि इसके गंभीर प्रभाव हैं। यह न तो कृषि क्षेत्र और न ही किसानों के हित में हैं। उन्होंने कहा, 'सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया था ताकि हम इसके लिए और अधिक प्रयास करें। इस लक्ष्य के हिसाब से हम कहां हैं, इसका आकलन करने की जरूरत है, लेकिन आवश्यक आंकड़े हमारे पास उपलब्ध नहीं है।'

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली

रमेश चंद ने यह भी कहा कि कृषि वस्तुओं की कीमतें किसी कानून के जरिए तय नहीं की जा सकती, क्योंकि इसके गंभीर प्रभाव हैं। यह न तो कृषि क्षेत्र और न ही किसानों के हित में हैं। उन्होंने कहा, 'सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य तय किया था ताकि हम इसके लिए और अधिक प्रयास करें। इस लक्ष्य के हिसाब से हम कहां हैं, इसका आकलन करने की जरूरत है, लेकिन आवश्यक आंकड़े हमारे पास उपलब्ध नहीं है।'

सरकार ने 2016 में 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा था। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों के बारे में सुझाव देने को लेकर अप्रैल, 2016 में अंतर-मंत्रालयी समिति बनाई गई थी। समिति ने सितंबर, 2018 में अपनी रपट सौंपी। सिफारिशों को स्वीकार करने के बाद सरकार ने प्रगति की समीक्षा और निगरानी के लिए एक 'अधिकार प्राप्त निकाय' की स्थापना की है। इस मुद्दे पर विस्तार से बताते हुए, चंद ने कहा, 'हमारे पास किसानों को लेकर कोई आंकड़ा नहीं है...क्योंकि जब आप किसानों की आय की गणना करना चाहते हैं, तो आपको आंकड़े चाहिए।' जाने-माने कृषि अर्थशास्त्री ने कहा कि सरकार के पास 2018-19 के बाद गैर-कृषि स्रोतों से किसानों को होने वाली आय का आंकड़ा नहीं है। उन्होंने कहा कि 2018-19 में छोटे और सीमांत किसान गैर-कृषि स्रोतों से अधिक कमाई कर रहे थे। उन्होंने कहा, 'अगर हमारे पास वह आंकड़ा होगा, तभी यह स्पष्ट होगा कि क्या हमने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य हासिल कर लिया है या नहीं।'

विभिन्न फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी की विभिन्न किसान संगठनों खासकर पंजाब के कृषकों की मांग से जुड़े सवाल के जवाब में चंद ने कहा कि अगर कृषि वस्तुओं की कीमतें कानूनी रूप से तय की जा सकती, तो किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए कोशिश में जुटे कई देशों ने इसे कानूनी रूप दे दिया होता। उन्होंने कहा, 'कीमतें कानूनी तौर पर तय नहीं की जा सकतीं। इससे विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो सकती हैं...इसके काफी गंभीर प्रभाव होंगे। यह कृषि क्षेत्र या किसानों के हित में भी नहीं हैं।'

सोना 50 रुपए टूटा, चांदी में 400 रुपए की तेजी

नई दिल्ली, 12 मार्च (भाषा)।

कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने का भाव 50 रुपए की गिरावट के साथ 66,350 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 66,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 400 रुपए की मजबूती के साथ 75,900 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुई।

www.readwhere.com

सार्वजनिक सूचना

HeroHousing Finance

हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि, अपनी शाखाओं को निष्पक्ष बनाने के उद्देश्य से, निम्नलिखित पते पर स्थित इसकी शाखा **14 जून 2024** से प्रभावी, बंद कर दी जाएगी

सी-120, द्वितीय तल, सेक्टर-02, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201301

कृपया ध्यान दें कि उपरोक्त शाखा के बंद होने से कंपनी के ग्राहकों की सेवा पर किसी भी तरह का प्रभाव नहीं पड़ेगा

किसी भी अधिक जानकारी के लिए, कृपया निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से कंपनी के प्रतिनिधियों से संपर्क करें:
customer.care@herohfl.com, टोल फ्री नंबर: 18002128800

हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: 9, सामुदायिक केंद्र, बसंत लोक, वसंत विहार, नई दिल्ली-110057
CIN : U65192DL2016PLC301481

प्रपत्र सं. यूआरसी-2
अधिनियम के शीर्षक XXI के भाग 1 के अंतर्गत पंजीकरण के विषय में सूचना देने के लिये विज्ञापन
[कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 374 (बी) तथा कम्पनीज (पंजीकरण के लिए प्राधिकृत) नियमावली, 2014 के नियम 4(1) के अनुपालन में]

1. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप-धारा (2) के अनुपालन में केन्द्रीय पंजीकरण केन्द्र में रजिस्ट्रार के पास इस आशय का एक आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव है कि **रिचटर रेजिलिएन्स एलएलपी**, एलएलपी को शेयर्स द्वारा एक कम्पनी लिमिटेड के रूप में कम्पनी अधिनियम, 2013 के शीर्षक XXI के भाग 1 के अंतर्गत पंजीकृत की जाये।
2. कम्पनी के प्रमुख उद्देश्य इस प्रकार हैं: बिल्डिंग इंडस्ट्रीज से संबंधित धातुओं, अभियांत्रिकी उत्पादों, डम्पिंग उपकरणों, इंजीनियर्ड उत्पादों, ल्युब्रिकेन्ट्स, रसायनों अथवा किसी अन्य मिश्रण, डेरिवैटिव्स तथा उसके कम्पाउण्ड्स, रबड़ एवं पैन्ट्स, डेवी एवं लाइट केमिकल्स का निर्माण, उत्पादन, शोधन, प्रसंस्करण, निर्माण, अर्जण, रूपांतरण, बिक्री, वितरण, आयात, निर्यात, प्रधान अथवा एजेन्ट्स के रूप में व्यवसाय करना।
3. प्रस्तावित कम्पनी के ड्राफ्ट मेमोरैण्डम तथा आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन की प्रति 231, **एफआईई, पटपड़गंज इंडस्ट्रियल एरिया, पूर्वी दिल्ली, दिल्ली**-110092 में कार्यालय में देखी जा सकती है।
4. एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को इस आवेदन के प्रति कोई आपत्ति हो, वे उसके पंजीकृत कार्यालय में कम्पनी को उसकी एक प्रति के साथ इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस दिनों के भीतर लिखित में अपनी आपत्ति केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए), प्लॉट नं. 6, 7, 8, सेक्टर 5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गाँव (हरियाणा), पिनकोड-122050 में रजिस्ट्रार के पास जमा करें।

आज, दिनांक 12 मार्च, 2024 को।
स्थान दिल्ली
राजेश अम्बानी
पदनामित पार्टनर
DPIN: 02197692

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

Aavas Financiers

(पूर्व में "ए यू हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड" के नाम से ज्ञात) (CIN: L65922RJ2011PLC034297)
पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.ए. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशी जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रुपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा करायें अन्यथा एक्ट की धारा 13(4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूचि के अनुसार साम्पिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

ऋणी का नाम	धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक सम्पत्ति का विवरण
धीरेंद्र कुमार, मूलचंद सुमन, मीना देवी खाता सं. LNLKO03422-230284530	12 मार्च 2024 ₹ 6426922/- 11 मार्च 2024	प्लाट नं. 9डी गाटा नं. 327 का मिनजुमला हिस्से पर बना मकान, ग्राम तिवारीपुर, तहसील बख्शी का तालाब, जिला लखनऊ क्षेत्रफल 1800 वर्ग. फीट

स्थान : जयपुर दिनांक 13.03.2024 प्राधिकृत अधिकारी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड

क्षेत्रीय कार्यालयः 31, जेल चुंगी, मेरठ — डिमांड नोटिस

सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) तहत मांग सूचना

एतद्दवारा एक नोटिस दिया जाता है कि निम्नलिखित उधारकर्ताओं/गारंटरों ने हमारे द्वारा उनके अनुरोध पर उन्हें दी गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और उक्त सुविधाएं गैर-निष्पादित संपत्ति बन गई हैं। वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के तहत नोटिस उधारकर्ताओं/गारंटरां को उनके अंतिम उपलब्ध पते पर जारी किया गया था। हालाँकि, या तो नोटिस बिना डिलीवर हुए वापस आ जाते हैं या उनकी पावती प्राप्त नहीं होती है। इसलिए उन्हें इसके बारे में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

क्र. सं.	ऋणी/गारन्टर के नाम	बंधक रखी गयी सम्पत्ति का विवरण	एनपीए की तिथि / मांग नोटिस की तिथि / बकाया राशि
1.	**शाखा: देवबंद** **ऋणी:** श्री सुमित शर्मा पुत्र श्री सत्य नारायण, पताः मकान नं0 27, रेलवे रोड, दूधा देवबंद, जिला-सहारनपुर। **गारन्टरः** श्री हिमांशु शर्मा पुत्र श्री सतीश कुमार, पताः मौहल्ला- रविदास मार्ग, देवबंद (3080)।	बंधक आवासीय मकान (भूमि एवं भवन), स्थित मौहल्ला- दुधा, देवबंद, जिला- सहारनपुर, माप क्षेत्रफल 39.27 वर्ग मीटर। सम्पत्ति स्वामी श्री सुमित शर्मा पुत्र स्व0 श्री सत्यनारायण शर्मा। सीमाएँ:- उत्तरः श्री लक्ष्मी नारायण, शर्मा की गैलरी फिर श्री भूषण का मकान, दक्षिणः श्री सुदामा का मकान, पूर्वः श्रीमती तारो सैनी का मकान, पश्चिमः 15 मीटर चौड़ा रास्ता।	29.12.2023 08.01.2024 रू0 12,09,962.00 + ब्याज एवं अन्य खर्चे

हम उपरोक्त उधारकर्ताओं/गारंटरों से आह्वान करते हैं कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों की अवधि के भीतर अपनी देनदारियों का पूर्ण रूप से निर्वहन करें, ऐसा न करने पर हम वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (4) के तहत शक्तियों का प्रयोग करेंगे और सुरक्षा हित अधिनियम 2002 का प्रवर्तन।

दिनांक–12.03.2024 स्थान– मेरठ प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

भारतीय स्टेट बैंक बनाम राम लाल गुप्ता

(मैसर्स श्री बांके बिहारी एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर)
आईबीसी, 2016 की धारा 99 के तहत रिपोर्ट दाखिल करने की सूचना
सी.पी. (आईबी) सं. (IB)-697(PB)/2022 **में**

जबकि, माननीय एनसीएलटी प्रधान पीठ नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 05-12-2023 के तहत अधोहस्ताक्षरी को विषय के मामले में संकल्प पेशेवर के रूप में नियुक्त किया गया है और आईबीसी 2016 की धारा 99 के तहत अपनी रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।
अधोहस्ताक्षरी ने आईबीसी 2016 की धारा 99 के तहत अपनी रिपोर्ट तैयार की है जिसे माननीय एनसीएलटी के समक्ष दायर किया जाएगा। मामले में सुनवाई की अगली तारीख 18.03.2024 है और राम लाल गुप्ता को व्यक्तिगत रूप से या कानूनी प्रतिनिधि के माध्यम से सुनवाई में भाग लेने की सलाह दी जाती है। किसी भी अधिक जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए, अधोहस्ताक्षरी fcapankajgupta2011@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

हस्ता/-
पंकज कुमार गुप्ता
(समाधान पेशेवर)
12.03.2024

भारतीय स्टेट बैंक बनाम अमर चंद गुप्ता

(मैसर्स श्री बांके बिहारी एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर)
आईबीसी, 2016 की धारा 99 के तहत रिपोर्ट दाखिल करने की सूचना
सी.पी. (आईबी) सं. (IB)-666(PB)/2022 **में**

जबकि, माननीय एनसीएलटी प्रधान पीठ नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 05-12-2023 के तहत अधोहस्ताक्षरी को विषय के मामले में संकल्प पेशेवर के रूप में नियुक्त किया गया है और आईबीसी 2016 की धारा 99 के तहत अपनी रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।
अधोहस्ताक्षरी ने आईबीसी 2016 की धारा 99 के तहत अपनी रिपोर्ट तैयार की है जिसे माननीय एनसीएलटी के समक्ष दायर किया जाएगा। मामले में सुनवाई की अगली तारीख 18.03.2024 है और श्री अमर चंद गुप्ता को व्यक्तिगत रूप से या कानूनी प्रतिनिधि के माध्यम से सुनवाई में भाग लेने की सलाह दी जाती है। किसी भी अधिक जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए, अधोहस्ताक्षरी fcapankajgupta2011@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

हस्ता/-
पंकज कुमार गुप्ता
(समाधान पेशेवर)
12.03.2024

भारतीय स्टेट बैंक बनाम राज कुमार गुप्ता

(मैसर्स श्री बांके बिहारी एक्सपोर्ट्स लिमिटेड के व्यक्तिगत गारंटर)
आईबीसी, 2016 की धारा 99 के तहत रिपोर्ट दाखिल करने की सूचना
सी.पी. (आईबी) सं. (IB)-698(PB)/2022 **में**

जबकि, माननीय एनसीएलटी प्रधान पीठ नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 05-12-2023 के तहत अधोहस्ताक्षरी को विषय के मामले में संकल्प पेशेवर के रूप में नियुक्त किया गया है और आईबीसी 2016 की धारा 99 के तहत अपनी रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।
अधोहस्ताक्षरी ने आईबीसी 2016 की धारा 99 के तहत अपनी रिपोर्ट तैयार की है जिसे माननीय एनसीएलटी के समक्ष दायर किया जाएगा। मामले में सुनवाई की अगली तारीख 18.03.2024 है और श्री राज कुमार गुप्ता को व्यक्तिगत रूप से या कानूनी प्रतिनिधि के माध्यम से सुनवाई में भाग लेने की सलाह दी जाती है। किसी भी अधिक जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए, अधोहस्ताक्षरी fcapankajgupta2011@gmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

हस्ता/-
पंकज कुमार गुप्ता
(समाधान पेशेवर)
12.03.2024

केन फिन होम्स लिमिटेड

CanFin Homes Ltd

डीडीए बिल्डिंग, प्रथम तल, नियर पारस सिनेमा, नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019
फोन: 011-26435815, 2643023, 011-26487529, 7625079108
ईमेल: delhi@canfinhomes.com CIN: L85110KA1987PLC008699

अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना, परिशिष्ट IV-A [नियम 8 (6) के परंतुक देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्यामूत लेनदार के पास प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा **केन फिन होम्स लिमिटेड, नई दिल्ली शाखा** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, **श्रीमती गीता गर्ग (कर्जदार), श्री दीपक गर्ग (सह–कर्जदार), श्री केशव चंद (गारंटर)** की तरफ केन फिन होम्स लिमिटेड की **12.03.2024** तक बकाया राशि **रु. 28,06,000/– (रूपये अठाईस लाख छः हजार मात्र)** उस पर आगे ब्याज एवं अन्य प्रभारों इत्यादि की वसूली के लिए दिनांक **17.04.2024** को **"जैसी है जहाँ है", "जैसी है जो है" तथा "जो भी है वहाँ है"** आधार पर बेची जाएगी। सुरक्षित मूल्य **रु. 21,50,000/– (रुपए इक्कीस लाख पचास हजार मात्र)** तथा धरोहर राशि जमा **रु. 2,15,000/– (रुपये दो लाख पंद्रह हजार मात्र)** होगी।

अचल संपत्ति का विवरण
फ्लैट नंबर– एफ–3, प्रथम तल, प्लॉट नंबर–एफ–81, ब्लॉक–एफ, दिलशाद कॉलोनी, दिल्ली–110095, क्षेत्रफल 27.87 वर्ग मीटर)
उत्तरः सड़क दक्षिणः प्लॉट नंबर–एफ–82
पूर्वः सर्विस लेन, पश्चिमः सड़क

ज्ञात भारः शून्य
बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तें कैन फिन होम्स लिमिटेड की आधिकारिक वेबसाइट **(https://www.canfinhomes.com/SearchAuction.aspx).** उपलब्ध कराई गई हैं।
ई–निलामी में भाग लेने के लिए लिंक www.bankeauctionwizard.com

दिनांक : 12.03.2024 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : नई दिल्ली केन फिन होम्स लि.

केन फिन होम्स लिमिटेड

CanFin Homes Ltd

प्रथम तल, एससीओ 2, सैक्टर 9, हुडा मार्किट, करनाल, हरियाणा–132001, E-mail : karnal@canfinhomes.com, टेलि. : 0184–2231555, 7625079210,
CIN:L85110KA1987PLC008699

[नियम 8(1)] कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने केन फिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के साथ के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एक मांग सूचना दिनांकित **04.01.2024** को जारी की थी जिसमें कर्जदार **श्री नरसी राम पुत्र श्री बचना राम, श्रीमती विजय लक्ष्मी पुत्री श्री नरसी राम और** (गारंटर) **श्रीमती बबली पत्नी श्री नरसी राम** से सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि **रु. 5,11,724/– (रुपये पाँच लाख ग्यारह हजार सात सौ चौबीस मात्र)** उस पर आगे ब्याज, व्यय तथा अन्य प्रभारो के साथ, उक्त सूचना की तिथि से 60 दिन के भीतर, चुकाने की मांग की गई थी।
कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार/रों, और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा दिनांक **11 मार्च 2024** को प्राप्त कर लिया है।
सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप–धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।
विशेष रूप से कर्जदार/रों, गारंटर/रों को तथा सामान्य रूप से जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार केन फिन होम्स लिमिटेड की बकाया राशि **रु. 5,11,724/– (रुपये पाँच लाख ग्यारह हजार सात सौ चौबीस मात्र)** और उस पर आगे ब्याज व अन्य शुल्क प्रभाराधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण
नर कटारी रोड, दरोनाचार्य स्कूल के पास, खेवट नंबर 18, खतौनी नंबर 31 से 34, किट्ठा 15, खेवट नंबर 19, खतौनी नंबर 35 और 36, किट्ठा 3, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा–136118 में स्थित भूमि के सभी हिस्से और पार्सल. जिसकी माप 126.66 वर्ग गज में निर्मित है।
चौहद्दी निम्नानुसार है:–
उत्तर – 38 फीट, गली दक्षिण – 38 फीट, भूखंड का शेष भाग
पूर्व – 30 फीट, दूसरे मालिक का प्लॉट पश्चिम – 30 फीट, दूसरे मालिक का प्लॉट

हस्ता./-
तिथि : 12.03.2024 **प्राधिकृत अधिकारी,**
स्थान : करनाल **केन फिन होम्स लिमिटेड**

ई–नीलामी अचल संपत्ति बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना (परिशिष्ट–IV-A) (नियम 8(6))

Sale of Immovable Properties

आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल एचएफएल) कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉटनंबर 98, उद्योग विहार, फेज–4, गुरूग्राम–122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालय "5वीं मंजिल, एल्डिको कॉर्पोरेट चौंबर्स–1,, विभूतिखंड, गोमती नगर, लखनऊ 226010" के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002(इसमें आगे"अधिनियम"कहा गया है) के तहत।जबकि आईआईएफएल–एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") ने निम्नलिखित ऋण खातों/प्रॉस्पेक्टर नंबर्स में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत निम्न वर्णित सम्पत्ति/सम्पत्तियों का कब्जा उनको आईआईएफएल– एचएफएल की बकाया राशि की वसूली के लिए "जैसी है जहा है एवं जैसी है जो है आधार" पर बेचने के अधिकार सहित प्राप्त कर लिया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा यह बिक्री वेबसाइट :**www.iiflonehome.com** पर उपलब्ध कराए गए ई–नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी।

कर्जदार(ओ)/सह–कर्जदार(ओ)/गारंटर(ओ)	मंग सूचना तिथि और राशि	अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का वर्णन	भौतिक कब्जे की तिथि	सुरक्षित मूल्य
1.श्रीमान कैलाश कुशवाह 2.श्रीमती –पूनम कुशवाह (प्रॉस्पेक्ट नंबर 873137)	04–अक्टुबर–2021 रु.9,28,499/– (नौ लाख अट्ठाईस हजार चार सौ निन्यानवे रुपये मात्र) **बोली वृद्धि राशि** रु. 20,000/– (बीस हजार रूपये मात्र)	संपत्ति के सभी भाग और पार्सल, खसरा नंबर 30 पर प्लॉट, क्षेत्रफल 65.055 वर्ग मीटर, वार्ड फैजुल्लागंज, ग्राम गोरभीट, लखनऊ, उत्तर प्रदेश पिनकोड: 226001,	08–मार्च–2023 दिनांक 05–जन–2024 तक कुल बकाया रु. 12,88,356/– (बारह लाख अट्ठासी हजार तीन सौ छप्पन रुपये मात्र)	रु.4,00,000/– (रूपये चार लाख मात्र) धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रु 40,000/–(रुपए चालीस हजार मात्र)

सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि	ईएमडी अंतिम तिथि	ई–नीलामी की तिथि/समय
22 मार्च 2024 1100 बजे–1400 बजे	26 मार्च 2024 अप. 5 बजेतक	28 मार्च 2024 1100 बजे–1300 बजे

भुगतान की विधि : ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन विधि से करने होंगे। भुगतान करने के लिए आप **https://www.iiflonehome.com** पर जाएं और केवल सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करें।
नोट : हर सम्पत्ति के लिए एक अलग भुगतान लिंक है। आप सुनिश्चित करें कि आप उस सम्पत्ति/प्रतिभूत आस्ति का लिंक उपयोग कर रहे हैं, जिसको आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं। शेष
भुगतान के लिए, सफल बोली के बाद, आपको भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से करना होगा। खाता विवरण निम्नानुसार है : क) खाते का नाम : आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड ख) बैंक का नाम : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक लिमिटेड, ग) खाता नंबर : 9902879 प्रॉस्पेक्ट नंबर द्वारा अनुसरित, घ) आईएफएससीकोड :– एससीबीएल0036001 ञ) बैंक पता : स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, 90 एम.जी. रोड, फोर्ट, मुम्बई–400001

नियम और शर्तें :–
1. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को अपना विवरण सेवा प्रदाता **https://www.iiflonehome.com** के पास पर्याप्त अग्रिम में पंजीकृत करवाना होगा तथा लॉगइन खाता, लॉगइनआईडी और पासवर्ड सृजित करना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को अपना"निविदा फार्म" ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी तथा पैनकार्ड की प्रति के साथ उपरि वर्णित शाखा कार्यालय में जमा/प्रेषित करना होगा।
2. बोलीदाता अपनी ऑफर कालम" बोलीवृद्धि राशि" में वर्णितराशि के गुणजों में बढ़ा सकते हैं। नीलामी समाप्त होने से 5 मिनट पहले कोई बिड आने पर समाप्तिका समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोलीराशि की 25 प्रतिशत राशि (ईएमडी समायोजन के बाद) एओ द्वारा बोलीमूल्य स्वीकार करने के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि की शेष 75 प्रतिशत राशि प्रतिभूतलेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी।सभी जमा और भुगतान निर्धारित विधि से करने होंगे।
4. खरीदार को सम्पत्ति के साथ संबंधित उपकर, लागूस्टाम्प ड्यूटी, फीस तथा अन्य कानूनी बकाया अथवा अन्य बकाया जैसेकि म्युनिसिपलकर, बिजली प्रभार, भूमि तथा अन्य सभी अनुषंगी लागतें, प्रभार सभी करों तथा उपकरों सहित वहन करने होंगे।
5. बोलीदाताओं कोई–नीलामी बिक्री प्रक्रियाओं में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो तथा आवेदन प्रपत्र के लिए वेबसाइट **https://www.iiflonehome.com** तथा **https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction** देखने की सलाह दी जाती है।
6. विस्तृत विवरण, सहायता प्रक्रिया तथा ई–नीलामी के संबंध में ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवाप्रदाता की ई–मेल आईडी : नबजपवदीस/पपसिण्ववउ सपोर्ट हेल्पलाइननंबर : /1800 2672 499पर सम्पर्क करें।
7. किसी सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति निरीक्षण और ऑनलाइन बिड इत्यादि के संबंध मेंपूछताछ के लिए आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्रीनंबर 1800 2672 499 पर सोमवार से शुक्रवार के बीच 09.30 बजे से 18.00 बजे तक कॉल करें अथवा ई–मेल : **auction.hl@iifl.com** को मेल लिखें।
8. एतद्द्वारा उपरोक्त कर्जदारों को सूचना दी जाती है कि भौतिक कब्जा लेते समय प्रतिभूत आस्ति में रखी घरेलू वस्तुएं 7 दिन के भीतर हटा लें, अन्यथा आईआईएफएल एचएफएल परिस्थितियों के अधीन सम्पत्ति की किसी क्षति के लिए जिम्मेदार नही होगी।
9. एतद्द्वारा कर्जदारों को आगे सूचना दी जाती है कि उपरोक्त वस्तुएं प्राप्त कर ने में चूक की स्थिति में उनको विधि सम्मतढंग से बेचा जाएगा।
10. सफल बोलीदाता/नीलामी खरीदार द्वारा किसी भी चरण में निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की स्थिति में बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले जमा की जा चुकी राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति की बिक्री दोबारा की जाएगी।
11. एओ का बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी स्थगित/निरस्त करने या नियम एवं शर्तों में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा/नीलामी के संबंध में किसी भी विवाद की स्थिति में आईआईएफएल–एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम माना जाएगा ।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 उप नियम (1) के तहत 15 दिनों की बिक्री सूचना

कर्जदार को अधिसूचित किया जाता है कि उपरि वर्णित राशि अद्यतन ब्याज और अनुषंगी खर्चों के साथ निविदा/नीलामी की तिथि से पहले कर दें, जिसमें असफल रहने पर सम्पत्ति बेची/नीलाम की जाएगी और बकाया राशि, यदि कोई, ब्याज और लागत सहित वसूल की जाएगी।

स्थान : कानपुर तिथि : 13–मार्च–2024 हस्ता./–प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड

EDELWEISS ASSET RECONSTRUCTION CO. LTD.

CIN - U67100MH2007PLC174759
Edelweiss House, Off C.S.T. Road, Kalina, Mumbai - 400 098.
Edelweiss — Ideas create, values protect

PUBLIC NOTICE

Oriental Trimex Limited **("Borrower")** and Mr. Rajesh Punia and Mrs. Savita Punia **("Promoters/Guarantors")** had availed financial facilities/loans from Jammu & Kashmir Bank Ltd **[J&K Bank]**. As security towards the loans, the Borrower created a mortgage/charge in favour of J&K Bank over its assets situated at Greater Noida, Uttar Pradesh, Mouza Chinnamore, District Hoogly, West Bengal and Gummidipoondi, Chennai. The said mortgage/charge was created by deposit of title deeds. Similarly, the Promoters/Guarantors created a charge/mortgage in favour of J&K Bank over their asset situated at Old Rajinder Nagar, New Delhi by deposit of title deeds.

The present notice is issued by Edelweiss Asset Reconstruction Company Ltd **("EARC")** being the assignee of the loans/financial facilities availed by the Borrower and Promoters/Guarantors from J&K Bank and the loans availed by the Borrower from State Bank of India **[SBI]** and IDBI Ltd (Since assigned to Asset Reconstruction Company of India Limited). Pursuant to assignment of debt, J&K Bank handed over to EARC the documents of title deposited with them at the time of creation of mortgage.

The public at large are informed that the following documents of title which were in the custody of EARC have been lost/ misplaced. EARC has filed a complaint with police authorities with respect to loss of original title deeds and a certificate regarding the same has been issued.

Sr. No.	Description of Title Deeds
Asset at Gummidipoondi, Chennai	
1	Copy of Lease Deed dated 28.05.1990 bearing reference/registration no 1064/2008, executed by SIPCOT favouring Uniqshine Granite Pvt Ltd
Asset at Noida, Uttar Pradesh	
2	Original Lease Deed dated 27.06.2001 bearing registration no 4382, executed by UPSIDC in favour of Oriental Trimex Private Limited
3	Original Agreement dated 09.03.1999 executed by UPSIDC in favour of Oriental Trimex Private Limited
4	Original Permission to mortgage dated 30.06.2001 issued by UPSIDC
5	Original allotment letter dated 11.01.1999 issued by UPSIDC
Asset at District Hoogly, West Bengal	
6	Original Deed of Conveyance dated 31.07.2009 executed between M/s Pashupati Food Products Limited and Oriental Trimex Private Limited
7	Copy of Lease Deed bearing no. 2738, dated 25.02.1993
8	Attested copy of Deed of Surrender of Lease bearing no. 01137, dated 22.07.2009
9	Copy of Conveyance of land dated 06.01.1995
10	Copy of receipt no 0606022IF, dated 02.06.2009 issued by Pradhan, Begdanga-Chhinamore Gram Panchayat
Asset at Old Rajinder Nagar, New Delhi	
Documents of Smt. Savita Punia	
11	Certified/True Copy of Lease Deed dated 30.06.1965
12	Certified/True Copy of Release Deed dated 07.04.2000
13	Original Sale Deed bearing Registration No 2013 Vo 10221 dated 23.04.2001
14	Copy of Conveyance Deed dated 31.12.1999
15	Original Sale Deed bearing Registration No 4812 Vo 10100 dated 24.10.2000
16	Copy of Conveyance Deed dated 25.07.2000
17	Original Agreement dated 01.12.1989
18	Original Agreement to Sell bearing Registration No 7851 Vol 6530
19	GPA dated 11.03.1999
20	GPA dated 21.10.2000
21	GPA dated 17.10.2000
22	GPA dated 10.03.1999
23	GPA dated 29.09.1989
24	Copy of GPA dated 19.05.1989
25	Copy of Sale Deed dated 30.03.1989
26	Copy of Lease Deed dated 08.03.1972
27	Copy of Deed of Conveyance of building 08.03.1972
Documents of Shri Rajesh Punia	
28	Original Sale Deed dated 30.12.2008 bearing Registration No 9708 Vol 13053
29	Original Sale Deed dated 02.06.2001bearing Registration No 3505 Vol 10291
30	Copy of Conveyance Deed dated 25.07.2000
31	Copy of Sale Deed dated 30.03.1989
32	Copy of Lease Deed dated 08.03.1972
33	True Copy of Conveyance Deed dated 08.03.1972
34	Original Sale Deed dated 17.11.2006 bearing Registration No 7491 Vol 12152
35	Original Sale Deed dated 20.06.1997 bearing Registration No 3605 Vol 9489
36	Original Agreement for Sale dated 07.07.1989
37	Copy of Sale Deed dated 30.03.1989
38	GPA dated 07.07.1989
Asset at Mouza Telagadia, Orissa	
39	Original Sale Deed dated 31.12.2003 bearing Registration No 8413, Vol 2
40	Original Encumbrance Certificate dated 05.08.2010 by Sub Registrar, Balasore
41	Original Registered Lease Deed No. 308 dated 09.08.1989
42	Original Registered Lease Deed No. 1488 dated 22.03.1991
Asset at Somnathpur, Orissa	
43	Original Lease Deed Regd No 2829 dated 09.08.2005 from OIIDC
44	Original Agreement for sale of immovable assets dated 17.03.2003
45	Original letter permission to mortgage from OIIDC favouring J&K Bank

Sd/-
Authorised Officer

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank

मिड कार्पोरेट सैंटर, जम्मू, जोनल ऑफिस अमृतसर, ई-मेल : mcc8101@pnb.co.in
(रिवाइज्ड-SI-4)
01.02.2024

कर्जदार/जामन को 60 दिनों का नोटिस

कर्जदार/सह-कर्जदार	जामन/मोर्टगेजर
मैसर्स शुहूल मोटर्स प्राइवेट

डार्नियर विमान के जरिए नौसेना ने लक्षद्वीप में मरीज तक पहुंचाई सहायता

नई दिल्ली, 12 मार्च (ब्यूरो)

बीते 11 और 12 मार्च की मध्यरात्रि के बीच भारतीय नौसेना ने अपने डार्नियर विमान के जरिए लक्षद्वीप के अगात्ती द्वीप से एक मरीज को इलाज के लिए तत्काल चिकित्सा सुविधा प्रदान करने में मदद की है। नौसेना ने बताया कि बल की दक्षिणी कमांड को स्थानीय प्रशासन की तरफ से इस बाबत मदद के लिए एक अनुरोध किया गया था। इसके बाद कोच्चि के आइएनएस गरुड़ नौसैन्य अड्डे से डार्नियर विमान ने उड़ान भरी और मरीज को एयरलिफ्ट कर आगे के इलाज के लिए कोच्चि पहुंचाया।

टाटा कैपिटल लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 11वीं मंजिल, टॉवर ए, पेनिनसुला बिजिनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

[प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार]

सूचित किया जाता है कि टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (टीसीएफएसएल) एक गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी है और कंपनी अधिनियम, 1956 के प्रावधानों के तहत निगमित है और इसका पंजीकृत कार्यालय पेनिनसुला बिजनेस पार्क, टॉवर ए, 11वीं मंजिल, गणपतराव कदम मार्ग लोअर परेल, मुंबई-400013 और अन्य स्थानों में एक शाखा कार्यालय नई दिल्ली ('शाखा') में है, 01.01.2024 से टाटा कैपिटल लिमिटेड (टीसीएल) में विलय कर चुकी हैं।

जबकि अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत टाटा कैपिटल लिमिटेड का अधिकृत प्राधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में नीचे उल्लिखित कर्जदारों से कथित सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए कहते हुए एक नीचे उल्लिखित के अनुसार माँग सूचना निर्गत की।

ऋणकर्ता द्वारा राशि के पुनर्भुगतान में असफल रहने के कारण विशेष रूप से ऋणकर्ताओं तथा जनसामान्य को एतद्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने कथित नियमों के नियम 9 के साथ पठित कथित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में नीचे वर्णित सम्पत्ति पर सांकेतिक कब्जा कर लिया है।

व्यक्तिगत रूप से ऋणकर्ता और जनसामान्य को एतद्वारा सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किसी प्रकार का लेन-देन नीचे सन्दर्भित राशि तथा मांग सूचना की तिथि से उस पर ब्याज और दण्डात्मक ब्याज, प्रभारों, लागतों आदि के लिए टाटा कैपिटल लिमिटेड के अभियोग का विषय होगा।

ऋण खाता सं.	दायित्वधारी(यों)/विधिक उत्तराधिकारी(यों)/विधिक प्रतिनिधि(यों) के नाम	माँग सूचना की तिथि तथा राशि	भौतिक कब्जे की तिथि
79006 17 तथा जीईसीएल ऋण खाता सं. TC FLA0 37000 00108 74200	1. मैसर्स गर्वित कम्युनिकेशन, इसके प्रोपराइटर ललित रहेजा के माध्यम से, दुकान नंबर 5, ग्राउंड फ्लोर, सिटी प्लाजा, शाह मार्केट, आगरा, उत्तर प्रदेश- 282002, 2. ललित रहेजा, पुत्र मनोहर लाल रहेजा फ्लैट जी-1, ग्राउंड फ्लोर, शिव अपार्टमेंट, शुभम विहार, फेज-II, प्लॉट नंबर 52, खसरा नंबर 317/16, कर्मयोगी, आगरा, उत्तर प्रदेश-282003 मोबाइलः 9719511179 इसके अलावाः पानी की टंकी के पास, 29/291 कटरा हाजी हसन, काला महल, आगरा, उत्तर प्रदेश-282003, 3.मनोहर लाल रहेजा, पुत्र महोहर लाल रहेजा फ्लैट जी-1, ग्राउंड फ्लोर, शिवा अपार्टमेंट, शुभम विहार, फेज- कक्ष प्लॉट नंबर 52, खसरा नंबर 317/16, कर्मयोगी, आगरा, उत्तर प्रदेश-282003, यहां भीः 29/291/1, कटरा हाजी हसन काला महल, आगरा, उत्तर प्रदेश-282003 इसके अलावा पताः 37/115, हकीम गली, बेलनगंज, आगरा, उत्तर प्रदेश-282001	रु. 4347294/- तथा 08.12.2023	11.03.2024

अनुसूची-ए संपत्ति नंबर 1: फ्लैट नंबर जी-1, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर 52 पर निर्मित, भूमि खसरा नंबर 317/16, क्षेत्रफल 66.17 वर्ग मीटर, शिवा अपार्टमेंट, शुभम विहार, फेज>, हरीपर्वत वार्ड, तहसील और जिला आगरा, उत्तर प्रदेश में स्थित, विशेष रूप से बिक्री विलेख दिनांक 03.08.2016 में वर्णित है, ललित रहेजा के पक्ष में निष्पादित। संपत्ति नंबर 2: मकान नंबर जी-1 का हिस्सा, भूतल, प्लॉट नंबर 52 पर निर्मित, भूमि खसरा नंबर 317/16, क्षेत्रफल 54.07 वर्ग मीटर, शिवा अपार्टमेंट, शुभम विहार, फेज-ii, हरीपर्वत वार्ड, तहसील एवं जिला आगरा, उत्तर प्रदेश में स्थित, विक्रय पत्र दिनांक 22.07.2016 में विशेष रूप से वर्णित, ललित रहेजा के पक्ष में निष्पादित

TCFL A0370 00001 11041 02	1. मेसर्स राजावत इंटरप्राइजेज अपने मालिक की दुकान नंबर 2 नगर निगम मार्केट, डैम्पियर नगर, मथुरा - 281001 के माध्यम से 2. तृप्ति सिंह पत्नी स्वर्गीय गौरव सिंह 106, कृष्णा पैराडाइज -2, मयूर विहार, मथुरा - 281001 मोबाइलः 9758177777 3. स्वर्गीय गौरव सिंह पुत्र माखन सिंह के कानूनी उत्तराधिकारी, 106, मयूर विहार कॉलोनी, थाना सदर बाजार मथुरा (यूपी) - 281001	रु. 32,73,700/- तथा 08.12.2023	11.03.2024

अनुसूची-ए फ्लैट नंबर 108, ऊपरी भूतल, संपत्ति का क्षेत्रफल 86.95 वर्ग मीटर, श्री कृष्ण पैराडाइज के नाम से मशहूर इमारत में स्थित, परिसर संख्या 1, 2, 3, 4, 5, 6 और 7 कैंटोनमेंट बोर्ड सर्वे नंबर 221, मोहल्ला - मुहाल - वरामद, छावनी, मयूर विहार, तहसील और जिला मथुरा - 281004. सीमाएंः पूर्वः मार्ग पश्चिमः खुला स्थान उत्तरः फ्लैट नंबर 109 दक्षिणः फ्लैट नंबर 107

तिथि : 13.03.2024, ह./-अधिकृत प्राधिकारी

स्थान : आगरा एवं मथुरा कृते टाटा कैपिटल लिमिटेड

हम राष्ट्र निर्माण के लिए विकास कार्य करते हैं, न कि चुनाव जीतने को : मोदी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 मार्च

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार राष्ट्र निर्माण के अपने मिशन के तहत विकास कार्य करती है, न कि चुनाव जीतने के लिए। प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव से पहले, गुजरात के अहमदाबाद शहर के साबरमती इलाके में आयोजित एक कार्यक्रम में देश के लिए 1,06,000 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो देश अपनी विरासत को संजोकर नहीं रखता, उसका भविष्य भी अंधकारमय हो जाता है।

इससे पहले उन्होंने परिसर के पास डेडिकेटेड फ्रेट कारिडोर (डीएफसी) आपरेशन कंट्रोल सेंटर का दौरा किया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा लोकार्पण वाली परियोजनाओं में 10 नई वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत समेत 85,000 करोड़ रुपए की रेलवे परियोजनाएं तथा गुजरात में भरूच जिले के दहेज में 20,600 करोड़ रुपए के निवेश वाली पेट्रोकेमिकल्स परिसर परियोजना शामिल है।

मोदी ने कहा कि कुछ लोग हमारे प्रयासों को चुनावी चश्मे से देखने की कोशिश करते हैं। मैं आपको बता दूं कि हम राष्ट्र निर्माण के मिशन के तहत विकास कार्य करते हैं, न कि (चुनाव जीतकर) सरकार बनाने के लिए। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि हमारे युवाओं को वह कष्ट न सहना पड़ें जो उनसे पहले की पीढ़ियों को झेलने पड़े। यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने दावा किया कि 10 वर्ष में उनकी सरकार ने रेलवे के विकास पर पहले की तुलना में लगभग छह गुना अधिक राशि खर्च की है।

अहमदाबाद में साबरमती आश्रम में पुनर्विकसित कोचरब आश्रम के उद्घाटन के दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन किया।

मोदी ने कहा कि 2024 के केवल दो महीनों में, हमने 11 लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश में रेलवे क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ क्योंकि पूर्ववर्ती सरकारों ने विकास के बजाय ह्यराजनीतिक उद्देश्योंह्न को प्राथमिकता दी। मोदी ने कहा कि पहले रेल मंत्री जब ट्रेन के रुकने के स्थानों की संख्या या डिब्बों की संख्या बढ़ाने की घोषणा करते थे तो सांसद संसद में तालियां बजाया करते थे। तब यही सोच थी। अगर 21वीं सदी में भी यही रवैया बना रहता तो क्या होता? इसीलिए मैंने सबसे पहला काम यह किया कि रेल बजट को मुख्य केंद्रीय बजट में मिला दिया जाए ताकि रेलवे के विकास के लिए केंद्र की निधि उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने कहा कि पहले रेलगाड़ियां का स्टेशन पर देरी से पहुंचना बहुत आम बात थी और सब कुछ यात्रियों के भाग्य पर छोड़ दिया जाता था।

सर्पदंश से होने वाली मौतों को कम करने के लिए कार्ययोजना जारी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 12 मार्च।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सर्पदंश के प्रबंधन, रोकथाम और नियंत्रण के लिए मंगलवार को एक राष्ट्रीय कार्ययोजना जारी की है ताकि उसके कारण होने वाली अपंगता एवं मौतें 2030 तक घटाकर आधी की जा सके। राष्ट्रीय सर्पदंश जहर रोकथाम एवं नियंत्रण कार्ययोजना (एनएपीएसई) के तहत परीक्षण के आधार पर पांच राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों, पुदुचेरी, मध्यप्रदेश, असम, आंध्र प्रदेश और दिल्ली में हेल्पलाइन नंबर भी शुरू किया जाएगा और उस नंबर पर सर्पदंश से प्रभावित व्यक्ति या समुदाय को तत्काल सहायता, मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल का लक्ष्य चिकित्सा देखभाल शीघ्र मुहैया कराना तथा आम लोगों के बीच इस बारे में सूचनाओं का प्रसार करना है।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्वा चंद्र द्वारा जारी एनएपीएसए के अनुसार सर्पदंश से होने वाली अधिकतर मौतों एवं अन्य घातक प्रभावों को सुरक्षित एवं प्रभावी जहर विरोध दवा की शीघ्र उपलब्धता, समय से चिकित्सा केंद्र तक पहुंचाने की सुविधा किया जा सकता है। एनएपीएसई राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों एवं संबंधित पक्षों के लिए एक ऐसा मार्गदर्शिका दस्तावेज है, जिसकी मदद से वे अपनी जरूरतों के हिसाब से विशिष्ट कार्ययोजना बना सकते हैं। इसका लक्ष्य सर्पदंश रोधी दवाइयों की निरंतर उपलब्धता, क्षमता निर्माण, जरूरत के हिसाब से अन्यत्र भेजने की परामर्श व्यवस्था के जरिए सर्पदंश के जोखिम को कम किया जाना है।

किसान आंदोलन के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली, 12 मार्च (ब्यूरो)।

भाजपा नेता नंदकिशोर गर्ग के द्वारा किसान आंदोलन के खिलाफ दायर की गई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने याचिकाकर्ता को किसान आंदोलन के मामले पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट जाने को कहा है। कोर्ट के इनकार किए जान के बाद भाजपा नेता ने सुप्रीम कोर्ट से अपनी याचिका वापस ले ली।

